राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे

9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, बुधवार, 10 जुलाई 2024

वर्ष 05, अंक 280, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

शारदा सहायक नहर पुल पर गड्ढे, आवागमन में परेशानी....03

नहर बनी कूड़ा दान सूखी नहर कैसे हो किसानी...04

## 1100 पेड़ काटने के मामले LG और AAP सरकार के बीच टकराव ! दिल्ली के लोगों का कौन सोचेगा?- आतिशी बोलीं

**● साउथ दिल्ली के सतबारी गांव में हॉस्पिटल और सीबीआई के अफसरों के लिए आवास बनाए गए. वहीं, इसके लिए सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है. आरोप है कि इसमें 1100 पेड़ काटे गए हैं. दिल्ली सरकार का आरोप है कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के कहने पर पेड़ काटे गए हैं।**

स्वतंत्र प्रभात

साउथ दिल्ली के छत्तरपुर इलाके के सतबारी गांव में सड़क बनाने के लिए काटे जा रहे 1100 पेड़ों के मामले को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री और एलजी के बीच खींचतान शुरू हो गई है. मंगलवार को दिल्ली सरकार के मंत्रियों की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने मौके का निरीक्षण किया. कमेटी 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई से पहले अपनी रिपोर्ट पेश करेगी. मौके का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यहां पहले पूरा जंगल हुआ करता था. अगर यहां सड़क चौड़ी करनी होती तो फार्महाउस को तोड़ दिया जाता. उन्होंने कहा कि इसके लिए अमीरों के फार्महाउस अधिग्रहित किए जा सकते थे, लेकिन यहां 1100 पेड़ काटकर हटा दिए गए. दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया है।

### दिल्लीवासियों के हित के बारे में कौन सोचेगा- आतिशी

दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था, इसके बावजूद पेड़ काटे गए. उन्होंने कहा कि फार्महाउस और उनके मालिकों को करोड़ों रुपये का फायदा पहुंचाया गया. जिसके चलते उनके फार्म हाउस की कीमत दोगुनी से भी ज्यादा हो गई। उन्होंने कहा कि नरेला और नजफगढ़ में काफी जमीन है, वहां सड़कें बनाई जा सकती थीं . वहीं, शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि अगर दिल्ली के संवेदनशील इको सिस्टम में पेड़ काटे जाएंगे तो दिल्ली वालों के हित के बारे में कौन सोचेगा. जिसने भी अनुमति दी है, उसने अवैध तरीके से काम किया है, कार्रवाई होनी चाहिए।

### रिज इलाके में 1100 पेड़ काटे गए

आपको बता दें कि साउथ दिल्ली के सतबारी गांव में सेंट्रल आर्म्ड फोर्स हॉस्पिटल और सीबीआई के अफसरों के लिए आवास बनाए गए हैं. यहां तक पहुंचने और अप्रोच रोड बनाने के लिए सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है. आरोप है कि रिज इलाके में 1100



पेड़ काटे गए हैं. इसके खिलाफ एक एनजीओ कोर्ट गया था और यह मामला उजागर हुआ।

### दिल्ली सरकार का स्त्न पर आरोप

दिल्ली सरकार का आरोप है कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के कहने पर पेड़ काटे गए. यह जमीन डीडीए के अधीन आती है और डीडीए एलजी के अधीन है. दिल्ली सरकार के मंत्रियों का आरोप है कि एलजी खुद कई बार निरीक्षण के लिए यहां आ चुके हैं. पहले सतबाड़ी में 1100 पेड़ काटे गए और फिर पेड़ों को काटने के लिए सुप्रीम कोर्ट से इजाजत मांगी गई. यह कोर्ट के आदेश की अवमानना का मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और डीडीए से रिपोर्ट मांगी थी, जिसके बाद दिल्ली सरकार ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई. कमेटी में दिल्ली सरकार के तीन मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी सिंह और इमरान हुसैन शामिल हैं. कमेटी को 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई से पहले अपनी रिपोर्ट देनी है।

### BJP को दिल्लीवालों की जान की चिंता क्यों नहीं- शाह

उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के लोग पूछना चाहते हैं कि BJP को दिल्लीवालों की जान की चिंता क्यों नहीं है? वह इन 1100 पेड़ों की अवैध कटाई पर क्यों चुप है? इन पेड़ों के काटे जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट में मामला जाता है और जब DDA से सवाल किया जाता है कि इस रिज क्षेत्र में किसके आदेश पर पेड़ों की कटाई की गई तब सामने आता है कि यहां एलजी साहब गए थे और उनके मौखिक आदेश पर 1100 पेड़ काटे गए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले दिनों एक बेहद ही दुखद घटना हुई है। दिल्ली के रिज क्षेत्र में 1100 पेड़ अवैध तरीके से काटे गए हैं। इस रिज क्षेत्र को दिल्ली के फेफड़े कहा जाता है, लेकिन फरवरी 2024 में केंद्र सरकार की एजेंसी और BJP के LG के अंतर्गत आने वाले DDA ने छत्तरपुर के रिज क्षेत्र में 1100 पेड़ चोरी-छिपे काट दिए।

## क्या जम्मू में आतंकियों के मददगार मौजूद हैं ? ये बातें और हमले के तरीके कर रहे हैं ये इशारा

**जम्मू संभाग के कठुआ जिले में सोमवार को जिस क्षेत्र में आतंकी हमला हुआ है, वो उधमपुर के बसंतगढ़ से लगा हुआ है. आतंकियों की घुसपैठ की लिस्ट में कभी बसंतगढ़ रूट भी हुआ करता था. जम्मू रीजन में जून में हुए आतंकी हमलों को देखें तो ये साफ है कि आतंकी लोकेशन बदल-बदलकर हमलों को अंजाम दे रहे हैं.**

स्वतंत्र प्रभात

जम्मू रीजन के कठुआ जिले में आतंकियों ने सोमवार को हमला किया था. इसमें सेना के पांच जवान शहीद हो गए. पांच जवान घायल भी हुए, जिनका इलाज चल रहा है. ये हमला जिला मुख्यालय से करीब 150 किलोमीटर दूर मछेड़ी-किंडली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर किया गया. इस रास्ते से सुरक्षाबलों की पेट्रोलिंग टीम गुजरती है। जिस तरह से घात लगाकर हमले को अंजाम दिया गया, पहले ग्रेनेड फेंका गया फिर अंधाधुंध फायरिंग की गईज ये बताता है कि आतंकियों ने लंबी रेकी की थी। इस हमले को लेकर जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद कहते हैं, बिलावर तहसील के मछेड़ी गांव में सेना के वाहन पर हमला आहत करने वाला है. आतंकियों का ये वही ग्रुप है, जिसने 4 से 5 सप्ताह पहले घुसपैठ करने के बाद उधमपुर में वीडीसी की हत्या की थी. इसके बाद ये ग्रुप दो हिस्सों में बंट गया. इसमें से पहले एक ग्रुप का खात्मा डोडा में किया गया. बचे हुए ग्रुप ने कठुआ में इस हमले को अंजाम दिया है. मुझे भरोसा है कि जल्द से जल्द इसे खत्म कर दिया जाएगा।

### अब जम्मू रीजन को निशाना बनाने की फिराक में है पाकिस्तान

इससे पहले भी पूर्व डीजीपी एसपी वैद जम्मू रीजन में आतंकी गतिविधियों पर बात कर चुके हैं. उनका कहना है कि इन हमलों को अंजाम देने वाले आतंकी घुसपैठ करके आ रहे हैं. पिछले एक डेढ़ साल से राजोरी पुंछ इलाके को सीमा पार से टारगेट किया जा रहा है. कश्मीर संभाग में मात खाने के बाद पाकिस्तान अब जम्मू रीजन को निशाना बनाने की फिराक में है. वैद के घुसपैठ के दावे को सोमवार को हुआ आतंकी हमला और बल देता है. सोमवार को जिस इलाके में आतंकी हमला हुआ है, वो उधमपुर के बसंतगढ़ से लगा हुआ है. आतंकियों की घुसपैठ की लिस्ट में कभी बसंतगढ़ रूट भी हुआ करता था. करीब दो दशक पहले आतंकी इस रूट का इस्तेमाल करते थे लेकिन चिंता की बात ये है कि एक बार आतंकी इस इलाके में सक्रिय हैं।

### लोकेशन बदल-बदलकर हमले कर रहे हैं आतंकी

जम्मू रीजन में जून में हुए आतंकी हमलों को देखें और पूर्व डीजीपी वैद के बयान पर गौर करें तो ये साफ है कि आतंकी लोकेशन बदल-बदलकर हमलों को अंजाम दे रहे हैं. सुरक्षाबलों को चकमा भी दे रहे हैं. घात लगाकर हमला करने के बाद आतंकियों का आसानी से भाग जाना, इस बात की ओर इशारा करता है कि इलाके में उनके मददगार भी मौजूद हैं. ये वो लोग हो सकते हैं, जो आतंकियों को रशद और शरण देने के साथ ही रेकी में उनकी मदद करते हों. रियासी में हमले के बाद सुरक्षाबलों ने शक के आधार पर 50 लोगों को हिरासत में भी लिया था. इतना ही नहीं डोडा में हुए हमलों के सिलसिले



में पूछताछ के लिए भी तीन लोगों को हिरासत में लिया गया था. इसमें एक कपल भी था. इन पर आतंकियों को खाना मुहैया कराने का संदेह था।

### आतंकियों के खिलाफ कुठआ में चल रहा है बड़ा ऑपरेशन

कठुआ हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबल बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं. सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। इसके साथ ही पैरा-कमांडो की भी मदद ली जा रही है. निगरानी के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर भी लगाए गए हैं. जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी आर. आर. स्वैन लगातार इस ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं।

### आतंकियों को जल्द ही सजा दी जाएगी- उपराज्यपाल

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, कठुआ आतंकी हमले में शहीद हुए हमारे जवानों की बहादुरी को सलाम करता हूं. शहीदों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं. आतंकवाद-रोधी अभियान चल रहे हैं. इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को जल्द ही सजा दी जाएगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जर्जर विद्यालय भवन में कक्षाएं संचालित किए जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी को लिखा पत्र कार्रवाई की मांग।



**गोंडा।** जर्जर विद्यालय भवन में कक्षाएं संचालित किए जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी को लिखा पत्र कार्रवाई की मांग। मामला शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह के प्राथमिक विद्यालय बभनी सराय से जुड़ा हुआ है। जहां पर जर्जर भवन में कक्षाएं संचालित की जा रही है। जिससे छात्र छात्राओं व शिक्षको पर मौत का साया मंडरा रहा है।प्राथमिक विद्यालय बभनी सराय के इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुरभि तिवारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि विद्यालय अत्यंत जर्जर अवस्था में है हल्की सी बरसात होने पर पानी टपकने तथा प्लास्टर टूटकर गिरते रहते हैं जिससे बच्चों को बैठाने में भय लगा रहता है जर्जर विद्यालय भवन ब्लाक स्तर की सूची में शामिल होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जर्जर विद्यालय भवन पर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की।

### चौराहा पे अतिक्रमण को लेकर अधिशाषी अधिकारी सख्त



**अझुआ कौशाम्बी।** जनपद नगर पंचायत अझुआ के चौराहों पे फैले अतिक्रमण को लेकर ज़िला अधिकारी ने मामले में संज्ञान लेते हुए अझुआ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह को त्वारित अतिक्रमण फैलाए दुकान दारों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिसका अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने पालन करते हुए अझुआ कस्बा चौकी इंचार्ज के साथ मौके पर पहुंचकर दुकानदारों व ऑटो रिक्शा चालकों से अपील कर कहा की चौराहा व सड़क पे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न फैलाए नहीं तो उचित कार्रवाई होगी। वहीं दुकानदारों को भी हिदायत दी गई है यदि सड़कों पर फैलाए अतिक्रमण को नही हटाया तो उचित कार्रवाई की जायेगी।

## बस मार्शलो की न्यूक्ति का मामला फिर गरमाया

स्वतंत्र प्रभात

आम आदमी पार्टी के दो विधायक संजीव झा और कुलदीप कुमार मंगलवार को एक बार फिर डीटीसी बस मार्शलों की न्यूक्ति को लेकर प्रेस के सामने आए।10972 बस मार्शल लगातार अपनी नौकरी की बहाली को लेकर राजघाट पर धरना-प्रदर्शन कर रहे है। प्रेस कांफ्रेंस में दिल्ली सरकार की ओर से प्रकट, हुए संजीव झा और कुलदीप कुमार ने बस मार्शलो की न्यूक्ति पर रटा रटाया जवाब दिया। उन्होने बस मार्शलो की नौकरी बहाली में सबसे बडा रोढा दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को बताया। उन्होने कहा कि दिल्ली विधानसभा के द्वारा पास प्रस्ताव को उपराज्यपाल के पास फाइनल अप्रूवल के लिए 29 फरवरी ,2024 को ही भेज दिया था। लेकिन ताज्जुब है कि भाजपा नीत उपराज्यपाल वीके सक्सेना अपने पास फाइल को दबाए बैठे है। उपराज्यपाल की अप्रूवल के बाद बस मार्शलों का नौकरी वापसी का रास्ता साफ हो जाएगा। दूसरी ओर नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष



राजवरत आर्य ने आप पार्टी और राज्यपाल पर आरोप लगाया है कि दोनों पक्ष सिविल डिफेंस वालंटियर बस मार्शलों को फुटबाल की तरह एक दूसरे के पाले में हांक रहे हैं। उन्होने कहा मार्शलो का आंदोलन खत्म होने की बजाए और उग्र रूप लेता जा रहा है। इससे आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में सीधा असर होने का खतरा आप पार्टी को होने से भयभीत है।वर्ना केजरीवाल सरकार ने दिल्ली का सीएम बनते ही बस मार्शलों की न्यूक्ति करके दिल्ली वालो की खूब वाहवाही लूटी थी। लेकिन आज इनकी लाचारी ने साफ कर दिया है कि बस मार्शलो पर सीधे तौर पर खालिस राजनीति की जा रही है। राजवरत ने कहा कि वहीं आप पार्टी ने बस मार्शलों की नौकरी बहाली के



बहाने उन्हें सिर्फ पुचकारने भर की ताकीद प्रेस के जरिये करने की कोशिश भर है। बहरहाल हजारो बस मार्शलों के लंबे हो रहे धरना-प्रदर्शन से दिल्ली सरकार समेत भाजपा की घबराहट दिल्ली विधानसभा के चुनावो के जैसे-जैसे नजदीक आ रहे है वैसे -वैसे दोनों पार्टियों की धडकने जरूर बढ गई है।

## क्या कमिश्नर कार्यालय कैम्पस में बनी पानी की टंकी पर चढ़ी दुष्कर्म पीड़िता को मिलेगा न्याय क्या होगी आरोपियों की गिरफ्तारी?

**● लगभग 5 घंटे तक होता रहा मान मनौव्वल जबकि पीड़िता आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी रहीं**



स्वतंत्र प्रभात

**गोन्डा।** दुष्कर्म पीड़िता द्वारा कमिश्नर कार्यालय कैम्पस में बनी पानी की टंकी पर चढ़कर आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए अड़ी सूझबूझ से उतारा गया नीचे,गरीबों के लिए न्याय पाना आसान नहीं यही जन चर्चा का विषय बना था कमिश्नर आफिस कैम्पस में बने पानी के टंकी पर चढ़ी महिला का दृश्य।वहीं लोगों की मानें तो यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व घटनाएं ऐसे ही इसके पूर्व हो चुकी है।अब सवाल यह उठता है कि अगर न्याय न मिले तो गरीब और असहाय लोग क्या करे।प्राप्त जानकारी के अनुसार गैंगरेप के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आहत दुष्कर्म पीड़िता मंगलवार को पानी की टंकी पर चढ़ गई।पीड़िता को लगभग 200 फुट ऊंची पानी की टंकी पर देख पुलिसकर्मियों के हाथ पांव फूल गए।महिला को ऊपर देखकर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस सहित सीओ सौरभ वर्मा मौके पर पहुंचकर पीड़िता को नीचे उतरने हेतु मान मनौव्वल में लगे दिखे।जबकि पीड़िता आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी हुई थी।पीड़िता मनकापुर कोतवाली की रहने वाली बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस और लोगों के काफी मशक्कत के बाद महिला को नीचे उतारा गया।चर्चा के मुताबिक पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2023 में उसके साथ तीन लोगों ने सामूहिक सामूहिक दुष्कर्म किया था लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की थी। कोर्ट के आदेश के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा तो लिखा गया लेकिन पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर रही थी।एक साल से वह आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अफसरों के चक्कर काट रही है लेकिन पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है??।मंगलवार को पीड़िता अपनी मां के साथ कचहरी आई थी,वही अचानक वह कमिश्नर कार्यालय के बगल बने पानी की टंकी पर चढ़ गयी थी।लोगों और वकीलों में चर्चा है कि इस तरह की घटना अलग अलग लोगों के द्वारा पानी की टंकी पर चढ़ किया गया है जिससे यह प्रतीत होता है कि अब न्याय पाना आसान नहीं है। जिम्मेदार आपने कार्यो से मुह मोड़ लेते हैं तब पीड़ित लोग ऐसा कदम उठाने पर मजबूर हो जाते हैं।

## प्रशासन ने नहीं की मदद तो ग्रामीणों ने खुद संभाला मोर्चा बचाई सड़क





स्वतंत्र प्रभात

विश्व देव राठौर

**बरेली/देवहा** नदी के तट पर बसे ग्राम अमीर नगर नदी के पुल पर करने को बनाई गई सड़क नदी के पानी बाहर से जब नष्ट होने लगी तो उन्होंने प्रशासनिक मदद चाहिए एसडीम नवाबगंज को फोन किया परंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया इसी दौरान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर भी अपनी समस्या नोट कराई जनप्रतिनिधियों को भी इस संकट का घटनाक्रम बताया गया परंतु इस दुख की घड़ी में शासन से लेकर प्रशासन तक कोई भी ग्रामीणों की मदद के लिए नहीं पहुंचा ।

तो ग्रामीणों ने अपनी हिफाजत करने के लिए एकजुट होकर नदी का पानी रोकने के लिए ट्रैक्टर ट्रालियों और जेसीबी को बुलवाकर बचाव कार्य में जुट गए उन्होंने अपने जीवन की परवाह न करते हुए सड़क के ऊपर मिट्टी की दीवार बनकर खड़ी कर दी जब के ग्रामीण लोक निर्माण विभाग के सहयोग के लिए अपेक्षा करते रहे परंतु यह उनकी मांग पूरी ना हो सकी तो उन्होंने पूर्व में घटी घटना से चिंतित होकर स्वयं मैदान में आए और छोटे बड़े हिसाब न करते हुए ग्रामीणों ने कठिन परिश्रम करके सड़क को काटने से बचा लिया।

क्योंकि ज्ञात रहे इसी गांव के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने इस गांव पंचायत को सुरक्षित रखने के लिए अपनी निधि से धन खर्च करके बंद बनवाया था जो वर्ष 2008 मैं टूट गया था उसके बाद से वह जनपद की सीमा से हटकर सभी सुविधाओं से वंचित हो गए थे इसके बाद स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार ने इस गांव के लिए नदी पर पुल स्वीकृत करवाया जो बन गया इस पर जाने वाली सड़क कट रही थी जिसे ग्रामीणों ने स्वयं का परिश्रम करके बचा लिया है। परंतु अभी नदी का पानी और क्या करिश्मा दिखाएगा इसको लेकर ग्रामीण चिंतित हैं इस बाबत एसडीम नवाबगंज से संपर्क करनाचाहा फोन नहीं उठा तहसीलदार नवाबगंज में भी फोन नहीं उठाया प्रशासन की बाढ़ से निपटने के लिए कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है केवल आज राजस्व टीम को बैठा दिया है।

## ऑनलाइन हाजिरी का फरमान उरुवा ब्लॉक के शिक्षकों ने किया बहिष्कार

**● ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के सभी शिक्षको शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध।**

स्वतंत्र प्रभात

**मेजा प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन उरुवा ब्लाक की कार्यसमिति, संघर्ष समिति,तहसील प्रभारी एवं समस्त शिक्षकों, शिक्षामित्रों की एक आवश्यक बैठक एवं प्रदर्शन मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में महानिदेशक स्कूल शिक्षा के पत्र दिनांक 18 जून 2024 एवं 5 जुलाई 2024 के द्वारा शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति अनिवार्य किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। प्राथमिक शिक्षा संघ उरुवा के अध्यक्ष विनोद शुक्ला ने कहा कि संघ द्वारा शिक्षकों की लंबी समस्याओं के निराकरण हेतु शासन को अनेक बार पत्र प्रेषित किया गया,जिसमें परिषदीय शिक्षकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने,राज्य कर्मचारियों की भांति 31 उपार्जित अवकाश,12 द्वितीय शनिवार अवकाश,अर्ध आकस्मिक अवकाश,प्रतिकार एवं अध्ययन अवकाश, निशुल्क चिकित्सा सुविधा अनुमन्य करने, शिक्षकों की पदोन्नति शीघ्र करने जैसी मांगे सम्मिलित है। परंतु 30 अक्टूबर व 9 नवंबर 2023 को शासन स्तर पर संपन्न हुई वार्ता के उपरांत भी अद्यतन शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया।

उन्होने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों को सरकारी वाहन उपलब्ध कराया गया है। समस्त अधिकारी व कर्मचारियों का कार्य स्थल प्रदेश अथवा जनपद मुख्यालय है। जो कि उनके निवास स्थान से निकट है। अधिकारी व कर्मचारियों को एक कैलेंडर, वर्ष में 14 आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त, 31 उपार्जित अवकाश, 12 द्वितीय शनिवार अवकाश के साथ ही अर्द्ध आकस्मिक अवकाश की सुविधा दी गई है। सरकारी वाहन निकट कार्य स्थल, उपार्जित एवं द्वितीय शनिवार अवकाश का लाभ प्राप्त करने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर दैनिक उपस्थिति हेतु उपरोक्त प्रावधान लागू नहीं किया गया है।

ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि हमारे ब्लॉक के अब कोई भी शिक्षक अध्यापक डिजिटल हाजिरी एवं एमडीएम नही भेजेगा। वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री संदीप पांडेय ने




कहा कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग का शिक्षक सबसे दुर्गम स्थानों पर स्थित विद्यालयों में सेवा प्रदान कर रहा है। शिक्षक ऐसे स्थान पर कार्य कर रहे हैं,जहां आवागमन हेतु सड़क नहीं है।

यदि कहीं सड़क उपलब्ध है तो कोई भी सार्वजनिक वाहन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। शिक्षक अपने निजी वाहन या पैदल यात्रा करके इन दुर्गम मार्गो में नदी, जल भराव, पगडंडी से होते हुए अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। हमारे शिक्षक प्रतिदिन 50-60 किलोमीटर तक अपने निजी साधनों से यात्रा करके विद्यालय पहुंचते हैं। शिक्षक के प्रतिमास कभी न कभी विद्यालय में विलंब से पहुंचने की संभावना बनी रहती है। वर्तमान में भी शिक्षकों की समय से विद्यालय पहुंचने की प्रतिबद्धता के कारण जल्दबाजी में प्रत्येक माह कोई ना कोई शिक्षक दुर्घटना के शिकार हो जाता है।

उक्त अवसर पर दिवाकर दत्त मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, अजीत मिश्रा, राजकुमार शुक्ला, राजेश कोलहा, अखिलेश द्विवेदी, डॉ.रामराज त्रिपाठी, सुनील कुमार सिंह, विजय कुमारी, राम इकबाल राम, नीलिमा, सविता जैसल, ज्योति बाजपेयी, सरफराज अहमद, यजुवेंद्र कुमार, स्नेहा साहू, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, अनुराधा पटेल, अर्चना पांडेय, रामलोचन शुक्ला, संजय त्रिपाठी, सरस्वती द्विवेदी, चित्रा शुक्ला, सविता यादव, पूनम दुबे, संदीप नारायण पांडेय, दिनेश कुमार, साकेत तिवारी, संपूर्णानंद, दीपक गुप्ता, जयंत कुशवाहा, बृजेश यादव, प्रदीप तिवारी, रेखा पांडेय, राकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार व उमाशिव पांडेय आदि शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे।।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिला अधिकारी को संबोधित उप जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन


उतरौला विकास मंच, जनपद–बलरामपुर उ० प्र०


**उतरौला बलरामपुर-** उतरौला विकास मंच के अध्यक्ष सपा नेता आदिल हुसैन द्वारा आज मंगलवार जिलाधिकारी बलरामपुर को संबोधित एक ज्ञापन उपजिला अधिकारी उतरौला को सौपा गया ज्ञापन में कहा गया कि मोहर्रम के मौके पर उतरौला विद्युत व्यवस्था एकदम चरमराई हुई नगर की आधी सप्लाई उतरौला टाउन विद्युत उपकेंद्र से चलती है जबकि नगर की आधी सप्लाई बदलपुर उप केंद्र आईपीडीएसए से चलती है मोहर्रम में उतरौला में देश-विदेश से लोग मुहर्रम मनाने अपने वतन उतरौला आते हैं जो देश के बड़े शहरों से आते हैंऐसे में विद्युत व्यवस्था ठीक ना होने पर उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ता है सभी अपने साथ बच्चे बूढ़े परिवार लाते हैं जो बिजली न होने पर परेशान होते हैं आदिल हुसैन ने अपने ज्ञापन में कहा कि बरसात की भीषण उमस भरी गर्मी में लोकल फाल्ट के नाम पर कभी चेकिंग के नाम पर कभी ब्रेकडाउन के नाम पर बिजली कटौती होती रहती जिससे लोगों को बहुत समस्याएं होती हैजिलाधिकारी महोदय से उन्होंने मोहर्रम में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की तत्काल मांग की है।

## बलरामपुर में 13 जुलाई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत लोग अपनी समस्या का पा सकते है निराकरण, तैयारियों में लगा प्रशासन

**बलरामपुर** जनपद में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर विभाग तैयारियों में लगा हुआ है।लोग अपनी विभिन्न प्रकार की समस्या का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से पा सकते है।जिसको लेकर लोगो को अधिक से अधिक संख्या के सामिल होने को कहा गया है। बलरामपुर में आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोग अदालत लगनी है। जिसमे तमाम मामले का निस्तारण किया जाएगा। मामले पर जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विमल प्रकाश आर्य ने बताया कि जनपद न्यायालय बलरामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जून को किया जायेगा ।जिसमें जनपद न्यायालय में विचाराधीन दीवानी मामलें, पिटी अफेन्स, उत्तराधिकार मामलें, एम0वी0एक्ट, जुआ अधिनियम, आबकारी अधिनियम आदि के मामलों का निस्तारण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त स्थायी लोक अदालत में विचाराधीन मामलें, परिवार न्यायालय में विचाराधीन पारिवारिक मामलें, न्यायालय एम0ए0सी0टी0 में विचाराधीन मामलें तथा उपभोक्ता फोरम में विचाराधीन मामलों का निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर किया जायेगा तथा बाह्य स्थित दीवानी न्यायालय उतरौला व ग्राम न्यायालय तुलसीपुर में विचाराधीन मामलों का निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर किया जायेगा ।

साथ ही जनपद न्यायालय के प्रांगण में बैंक वसूली के मामलों का निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर किया जायेगा । वही आयोजित लोक अदालत में अतिरिक्त राजस्व मामलों का निस्तारण सभी संबंधित राजस्व न्यायालयों द्वारा किया जायेगा। सभी नागरिकों को अदालत में सामिल होने की अपील को है।जिससे जिनके जो भी संबंधित मामले है उनका निस्तारण हो और इसके माध्यम से लोगो को लाभ मिल सके।

## ग्रामीण बरसात के मौसम में कीचड़ नुमा रास्ते से घर आने जाने को मजबूर



**अम्बेडकर नगर।** जनपद अम्बेडकर नगर के कटेहरी ब्लाक अंतर्गत सारंगपुर के मजरे खेमपुर की सड़क की हालत है। ग्रामीण पिछले 2 वर्षो से लगातार प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को अवगत करा रहे है साथ ही खंड विकास अधिकारी को भी अवगत कराया है लिखित शिकायत भी दर्ज कराई जा चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई न रास्ते का कोई निदान हुआ शाम 5:00 के बाद गांव वाले बाहर नहीं निकल पा रहे हैं गांव के तीनों तरफ के रास्ते एकदम बदतर हो चुके हैं। गांव के पैर से विकलांग व्यक्ति को भी उसी रास्ते से आना पड़ रहा है।

# अचानक हर्रैया थाना पहुंच गए अपर पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष पुलिस कर्मियों के साथ बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह सोमवार की आधी रात अचानक हर्रैया तहसील के हर्रैया थाना पहुंच गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने यहां थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मियोंके साथ बैठक कर कांवड़ यात्रा को लेकर की जा रही तैयारी का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान एनएच 28 पर कांवड़ियों के आवागमन को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। वहीं, कांवड़ यात्रा के दौरान किए जाने वाले उपायों की अभी से तैयारी कर ली जाए। कहा, तैयारी में किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए।

**हर्रैया थाना का भी एएसपी ने किया निरीक्षण**

अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बैठक के बाद हर्रैया थाने का निरीक्षण भी किया। उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, सीसीटीएनएस कार्यालय, बैरक, महिला हेल्प डेस्क साइबर हेल्प डेस्क का भी बारीकी से निरीक्षण किया। परिसर में साफ सफाई व




अभिलेखों के उचित रखरखाव को लेकर पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाने की व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास किया जाए। वहीं, थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को अच्छी तरह से सुना जाए और उनका समय रहते निस्तारण भी किया जाए।

**लंबित विवेचनाओं को जल्द करें पूरा**

बस्ती के अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने हर्रैया थाने के निरीक्षण के दौरान लंबित विवेचनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर्रैया थाने में लंबित सभी तरह की विवेचनाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावशाली कार्रवाई की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत भी कानून व्यवस्था की समीक्षा कीम उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग को लेकर अभी से जांच पड़ताल कर ली जाए। कर्मचारियों को ब्रीफ कर दिया जाए। उन्होंने खुद भी थाने के कर्मचारियों को कावड़ यात्रा को लेकर ब्रीफ किया।

# बिजली, पानी, सड़क के सवालों को लेकर सरदार सेना ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** सरदार सेना जिलाध्यक्ष विनय चौधरी के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि बरसात के मौसम में अनेक क्षेत्रों में बाधित विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाया जाय।

ज्ञापन सौंपने के बाद सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल ने कहा कि जनपद में अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित है। ट्रांसफारमरों के जल जाने की स्थिति में उसे बदला नहीं जा रहा है। शहरी क्षेत्र के निकटवर्ती कस्बों में भी बिद्युत आपूर्ति बाधित है। बताया कि बड़े बन ब्रिज के निकट गड्ढा होने के कारण पानी भर जाता है जिससे असुविधा होती है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। मूडघाट मे बन्टी चौधरी के मकान के ठीक सामने से सत्यराम चौधरी के मकान तक सड़क जर्जर हो गयी है, नगर पालिका



क्षेत्र के कटरा मोहल्ले में वाटर सप्लाई की आपूर्ति लगभग 5 माह से बाधित है इससे लोग परेशान हैं। बस्ती शहर में नगर पालिका द्वारा शौचालय व पेयजल की व्यवस्था की गई थी, अनेक स्थानों पर गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। सरदार सेना द्वारा दिये गये ज्ञापन में डमरूआ स्थित अन्यनय श्रीवास्तव के मकान से रणजीत सिंह के मकान तक पक्की सड़क बनवाये जाने और पटेल चौक पर आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिये ब्रिज बनवाने की मांग किया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से दिनेश चौधरी, आकाश पटेल, सूरज, शिवेन्द्र प्रधान, शहजाद अंसारीी, अभिषेक मौर्य, आरिफ अंसारी, कृष्ण कुमार चौधरी, चन्द्रशेखर चौधरी, प्रशान्त चौधरी, सत्य प्रकाश चौधरी, सन्तोष चौधरी, राजेश पटेल, दिनेश, आदि लोग शामिल रहे।

# बहादुरपुर ब्लाक ग्राम पंचायत बेनीपुर मनरेगा भ्रष्टाचार में तोड़ रहा रिकार्ड

**● बहादुरपुर ब्लाक में बेनीपुर में लग रही रिकार्ड तोड़ मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिर- ग्राम प्रधान का राजनीतिक दल से पकड़ होने के कारण भ्रष्टाचार की घटना को दे रहा अंजाम**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के बहादुरपुर विकासखण्ड बहादुरपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेनीपुर मनरेगा भ्रष्टाचार में रिकार्ड तोड़ रहा है। ब्लाक बहादुरपुर में सबसे ज्यादा मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी ग्राम पंचायत बेनीपुर में लग रही है। वर्तमान समय में बेनीपुर में 300 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लग रही है । मीडिया टीम ने धरातलीय पड़ताल किया है तो पता चला कि मनरेगा कार्य के नाम पर ग्राम प्रधान कमलावती देवी , रोजगार सेवक / महिला मेट , सचिव राघेन्द्र सिंह, तकनीकी सहायक प्रेम प्रकाश गुप्ता द्वारा बड़ा खेल किया जा रहा हैं । धरातल पर तीनों साइडों पर न तो कोई मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे हैं और न ही तीनों साइडों पर वर्तमान समय



में कोई मनरेगा कार्य हुआ है । ग्रामीणों ने मीडिया टीम से बताया कि ग्राम पंचायत बेनीपुर में ज्यादातर जगहों पर पानी भरा है वर्तमान समय में कोई मनरेगा कार्य नही चल रहा है कागज में भले ही मनरेगा कार्य चल रहा हो द्ध

आप सोच सकते हैं कि वर्तमान समय में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है । 10 मजदूर धान की रोपाई के लिए यदि कोई किसान इकट्ठा करना चाहे तो 10 मजदूर इकट्ठा नही मिल रहे हैं आप अंजादा लगा सकते हैं कि 300 मनरेगा मजदूरो की फर्जी लगाकर ग्राम पंचायत बेनीपुर में सरकारी धन का दुरुपयोग धड़ल्ले से हो रहा है । मनरेगा कार्य के दोनों साइडों पर 01 फिट से अधिक लम्बी - लम्बी घांसे उग हुई है । जिम्मेदार अधिकारी अपना - अपना हिस्सा लेकर कुंभकर्णी नींद में मस्त हैं चाहे मनरेगा कार्य धरातल पर हो या कागज में इसकी चिन्ता उनको नही है । जिम्मेदार अधिकारियों को मात्र अपने कमीशन से मतलब है । प्रतिदिन 70 हजार रुपये से अधिक की फर्जी मनरेगा मज़दूरों की हाजिरी लग रही है जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है । इस सम्बंध में ग्राम प्रधान कमलावती देवी , सचिव राघेन्द्र सिंह और तकनीकी सहायक प्रेम प्रकाश गुप्ता से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो किसी ने मीडिया टीम के फोन को रिसीव नहीं किया । उक्त प्रकरण में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# लाइन हाजिरी के फैसले पर भड़के शिक्षक

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में ऑन लाइन हाजिरी को लेकर आक्रोश है। जनपद के शिक्षकों ने सरकार के इस फैसले का मुख्य विरोध किया और जनपद से किसी भी शिक्षक द्वारा ऑन लाइन हाजिरी दिये जाने की सूचना नहीं है। सोमवार को प्रेस क्लब सभागार में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में शिक्षकों के ऑनलाइन उपस्थिति पर असहमति तथा शिक्षकों को 31 दिन ईएल, 15 दिन सी.एल., 15 दिन का हाफ सी.एल., चिकित्सा प्रतिपूर्ति व पुरानी पेंशन बहाली आदि का मुद्दा छाया रहा। जिला अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने बताया कि प्रदेश के 6 लाख शिक्षकों ने सरकार के द्वारा जारी ऑनलाइन उपस्थिति का पूर्णतः बहिष्कार किया है तथा मांग किया कि अन्य विभागों की भांति शिक्षकों को भी सुविधायें दी जाय। जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जायेगा, शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करेंगे।

जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा ने बैठक में कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 9 जुलाई को सभी ब्लाकों पर ब्लाक कार्यकारिणी व संघर्ष समिति की कार्यकारिणी की बैठक




होगी, 11 व 12 जुलाई को सभी ब्लाकों पर धरना प्रदर्शन होगा और 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पदाधिकारी व शिक्षक ज्ञापन देंगे। 15 जुलाई से 22 जुलाई तक पदाधिकारी विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षकों से उनके ऑनलाइन बहिष्कार पर सहमति व असहमति का प्रपत्र भरवाएंगे और 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय पर एक दिवसीय विशाल धरना, प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में तहसील अध्यक्ष हर्रैया राजकुमार तिवारी, रुधौली तहसील अध्यक्ष शिवरतन ने कहा कि वर्तमान में बारिश से सुदूर इलाकों में तमाम सड़के जलमग्न हो गई हैं, कई पुल आदि टूट चुके हैं जिससे शिक्षकों को स्कूल पहुंचने में बाधा आ रही है । सरकार द्वारा ऑनलाइन व्यवस्था में मात्र 15 मिनट में ही अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी है यदि 1 मिनट भी विलंब हुआ तो शिक्षकों के पूरे दिन का वेतन काट लिया जाएगा यह आदेश पूर्ण रूप से अव्यवहारिक है। जिससे शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है ।बैठक में कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, जिला उपाध्यक्ष सुधीर तिवारी ,शिव प्रकाश सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव ने संबोधित किया। मुख्य रूप से प्रमोद सिंह, अटल बिहारी ,सुरेश गौड़ ,दिनेश त्रिपाठी, मनीष मिश्रा ,विवेक सिंह, सनत पटेल , रामसागर वर्मा, रवि सिंह ,विजय कुमार ,अखिलेश पाण्डेय, विवेकानन्द, मुरलीधर, रामप्यारी, हरिओम यादव ,सन्तोष पाण्डेय ,देवेन्द्र सिंह ,अमित पाण्डेय ,नंदलाल, सत्य प्रकाश ,हरेन्द्र यादव ,मोहम्मद असलम, दिनेश सिंह,रंजन सिंह, अशोक यादव, अनीस अहमद, असद जमाल, भारत भूषण, राम भवन, उमाकान्त, अनिल पाठक, रजनीश यादव के साथ ही अनेक पदाधिकारी, शिक्षक उपस्थित रहे।

# उपभोगता बन रहे शिक्षा दिलाने को लेकर कंगाल विद्यालय तंत्र मालामाल

स्वतंत्र प्रभात

**● जब शिक्षा बना व्यापार फिर कैसे गरीब परिवार का हो नैया पार**

**किताब कॉपी और ड्रेस के नाम पर प्राइवेट विद्यालयो में हो रहा व्यापक भर्ष्टाचार**

**चिन्हित दुकानों व विद्यालय के इलावा कहीं पर नहीं मिलता विद्यालय की सामग्री**

**बलरामपुर-** जहां एक तरफ सरकार शिक्षा अभियान को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा नीति के अंतर्गत साक्षरता अभियान चला शिक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चला विद्यालय चलो अभियान व साक्षर प्रदेश का स्वप्न साकार की बात कर रही है और सभी वर्ग के लोगो को प्रेररित करते हुए अपने नन्हे मुन्ने बच्चो नवनिहालो को विद्यालय में भेजने व शिक्षा दिलाने के बात करती है। और शिक्षत भारत बनाने को लेकर सर्व शिक्षा अभियान चला कर सबको शिक्षा देने के दावे कर रही है ताकि देश में शिक्षा का ग्राफ ऊपर उठने के साथ शिक्षित प्रदेश व जनपद के साथ इसकी ज्योति छोटे गाव तक भी पहुचे जिससे अशिक्षा का अंधकार दूर किया जा सके जिसके लिए शिक्षा की ज्योति जलाना बहुत ही आवश्यक है।

लेकिन देखा यह जा रहा है कि किसी जमाने मे गुरु जी व विद्या आश्रम गुरुकुल की समाज के प्रति बड़ा आदर ब सम्मान था वही जिम्मेदारी की शिक्षक अपने जिम्मेदारी के निर्वहन बिना किसी लालच व द्वेष के करते थे लेकिन आज विद्यालय की तस्वीर बदल चुकी आज वह शिक्षा का मंदिर नही मात्र व्यापारी की दूकान बन चुका है जिसकी बानगी क्षेत्र में उपज रहे प्राइवेट स्कूलों से कर सकते है जंहा शिक्षा मिलती है लेकिन उसके बदले कितना कुछ आम उपभोगता को झेलना पड़ता है । कही एडमिशन ,तो कही किताबें कापियां कही ड्रेस के बाद मंहगी फीस देकर अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने को विवश है कारण यह है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर ठीक नही की बात होती है तो वही प्राइवेट विद्यालय शिक्षा को व्यापार बना चुके है जिसकी नगर से लेकर गाव तक भरमार है और शिक्षा के नाम पर सफेदपोशों की दूकान चल रही है । वही गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार का परिवारिक बजट डगमग हो रहा है ।

आपको बता दे कि क्षेत्र में अधिकांश ऐसे प्राइवेट विद्यालय है जिनका न तो मानक पूरा होता है और न ही वह सरकारी मांनक के ऊपर खरे उतरते हैं लेकिन स्थानीय प्रशासन के मेहरबानी से विद्यालय का संचालन किया जाता है और शिक्षा के नाम पर कई तरह के फीस की वसूली के साथ किताब कापी व ड्रेस के साथ एडमिशन के नाम पर भी भारी भरकम रकम अभिभावकों से वसूल की जाती है। ऐसे विद्यालय भी क्षेत्र में मौजूद है जिनके द्वारा किताब कापियां व ड्रेस के साथ सभी सामग्री अपने विद्यालय में ही बेचते है इसके साथ कुछ चिन्हित विशेष दूकानों पर बिकवाने का काम किया जाता है जंहा विद्यालय व किताब विक्रेताओं के सेटिंग का बात होती है कि कौन कितना फायदा देगा उस हिसाब से कमीशन सेट रहता का बोलबाला है जहां एलजी और यूकेजी की किताबें लेने पर उनका बिल औसत 5000 से 6000 के बीच आता है जिससे एक मध्यमवर्गीय परिवार काफी परेशान होता है जिसकी जानकारी कई पीड़ित उपभोगताओ से मिल रही है। वही विद्यालयों के बल्ले बल्ले हैं। और हर वर्ष उनका फायदा लगातार बढ़ता देखा जा रहा है। जिससे ऐसा लगता है कि अब शिक्षा समाज सेवा नहीं एक व्यापार बन चुका है और तमाम प्रिंसीपल और प्रबंधक व्यापारी जिसके चलते अक्सर गरीब और मध्यम परिवार के लोग अपने बच्चों को शिक्षा देने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। तो वहीं दूसरी तरफ सरकार का सर्वशिक्षा अभियान का दावा भी धराशाई साबित हो रहा है जिसमे यह नारा की एक रोटी खायेंगे बच्चो को पढ़ाएंगे।

सर्व शिक्षा अभियान के चलते सबको शिक्षा प्रदान की जा रही है के सरकारी दावे मंहगाई के कारण फेल साबित हो रहा है। जबकि इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सरकार के द्वारा ऐसा कोई नियम नहीं है कि प्राइवेट विद्यालय अपनी एडिशन चला किताब कापियां व शिक्षा सामग्री बेचने का व्यापार करे और अगर ऐसा मिलता है तो उन पर कार्यवाही की जाएगी।

# बलरामपुर में आज 5 वें दिन ग्रामीण इलाको की बिजली रही गुलनविद्युत की समस्या से नगर क्षेत्र भी रहा प्रभावित, बाढ़ के कारण तो कही फॉल्ट के चलते नहीं हो रही आपूर्ति

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** जनपद में आज 5 वे दिन विद्युत आपूर्ति ग्रामीण इलाको में नहीं हो पा रही है। जिसके चलते लोगो को काफी दिक्कत हो रही है।ग्रामीण इलाको के साथ नगर क्षेत्र भी प्रभावित रहा है। करीब 4 घंटे विद्युत बाधित रही है। जनपद में आई बाढ़ के कारण विद्युत सप्लाई पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ रहा है। वही कुछ स्थानों पर लोकल फाल्ट के चलते भी विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

बलरामपुर जनपद में आज पांचवे दिन भी ग्रामीण इलाको की विद्युत आपूर्ति बाधित रही है। लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बलरामपुर के तुलसीपुर,हरैया,उतरौला,मथुरा,चौका कलां, गोडवा,किला,सकरी, कोडरी,लालिया,रातोही, रामपुर बंधुसरा,महेश भारी आदि तमाम गांव विद्युत की समस्या से प्रभावित है। वही ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत सप्लाई बाधित होने से काफी दिक्कत हो रही है। रात में घरों में उजाला नही जल रहा है। फोन टॉर्च जरूरी सामान चार्ज और लाईट से होने वाले कार्य नही हो पा रहे है। वही कुछ लोगो का कहना है कि हमारे यहां बाढ़ से पहले विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है लेकिन सही नही हुआ है।

**कुछ स्थानों पर बाढ़ से पहले से है बाधित**

वही जनपद के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाढ़ के पहले से ही विद्युत आपूर्ति बाधित है जिसके चलते लोग पहले भी अंधेरे में रह रहे थे अब भी रह रहे है। वही कुछ ग्रामीणों में विद्युत की समस्या से काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

**नगर क्षेत्र भी नही है अछूता**

बलरामपुर जनपद की विद्युत समस्या सबसे अधिक बड़ी होती जा रही है। लोगो को बिना बिजली के काफी दिक्कत हो रही है। मामले पर खलवा मोहल्ला निवासी आर्यावर्त त्रिपाठी का कहना है कि अब बारिश हो रही है पहले तो नही हो रही थी नगर में बिजली बहुत काटी जा रही है लोग रात में अपनी नींद पूरी नहीं कर पा रहे है। वही आज रात में बिजली आ जा रही थी सुबह 3 बजे से ही बिजली गायब रही है।वही नगर क्षेत्र में भी लोगो में काफी अक्रोश है। लोगो का कहना है कि चाहे जितनी शिकायत की जय पर कोई समाधान नहीं हो पा रहा है।समस्या वही की वही बनी हुई है विभाग भ्रष्ट है।

**खलवा मोहल्ले में लगा ट्रांसफार्मर बार बार दग रहा**

बलरामपुर के खलवा मोहल्ले में लगा ट्रांसफार्मर बार बार दग रहा है जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित हो जा रही है। हालाकि विभाग द्वारा कई बार अन्य ट्रांसफार्मर लाया गया है। बदला गया है। लेकिन अभी भी स्थिति वही बनी हुई है। लोगो का कहना है कि जबतक स्थाई समाधान नहीं होगा तब तक समस्या का निदान नहीं हो पाएगा।

मामले पर संबंधित विभाग का कहना है कि जो विद्युत की समस्या आ रही है उसका निदान किया जा रहा है जहा ट्रांसफार्मर की दिक्कत है उसको बदलवाया जा रहा है।जो लोकल फाल्ट है उसको सही किया जा रहा है । कुछ स्थानों पर बाढ़ भरा हुआ है वही भी जल्द आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

# बलरामपुर में निकली लड़के की धूप फिर 35 डिग्री सेल्सियस तापमान- मूसलाधार बारिश के बाद उमस भरी गर्मी सुरू, लोगो को घरों से बाहर निकलने में हो रही समस्या

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** जनपद का एक बार फिर तापमान बढ़ने लगा है लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वही जनपद का तापमान मंगलवार दोपहर 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।जो एक बार फिर लोगो को गर्मी तपिश दे रही है।तापमान भलेही 35 डिग्री है लेकिन फील 45 डिग्री से अधिक हो रहा है।जनपद में बीते दोनो से ही रही झमाझम बारिश के चलते लोगो को उमस भरी गर्मी से राहत मिली थी तो वही अब दूसरी तरफ जनपद का तापमान फिर बढ़ गया है जिसके चलते लोगो को घरों से बाहर निकलने में काफी दिक्कत हो रही है।

बलरामपुर जनपद में बीते एक शनिवार से पहले शुरू हुई झमाझम बारिश के चलते लोगो को भीषण गर्मी और तपन भरी लू से राहत मिल गई थी। लेकिन मंगलवार सुबह से फिर जनपद का तापमान बढ़ने लगा है जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। लोगो को घरों से बाहर निकलने में काफी दिक्कत हो रही है । वही फिर शुरू हुई भीषण गर्मी पर बलरामपुर नगर निवासी राज मिश्रा का कहना है कि आज की गर्मी काफी दिक्कत दे रही है तपिश इतना अधिक है कि लग रहा है की तापमान 45 सेल्सियस पार पहुंच गया है जबकि 34 सेल्सियस तापमान है। वही राज मिश्रा का कहना है कि बीते 2 हप्तो से हो रही बारिश से काफी गर्मी से राहत मिली थी क्योंकि पहले भी भीषण गर्मी पड़ रही थी अब लग रहा है की फिर से दोबारा गर्मी वापस आ रही है।

**बारिश के चलते मिली थी राहत**

बलरामपुर में बीते दो हप्तो से हो रही बारिश के चलते लोगो को भीषण गर्मी से राहत मिल गई थी । लेकिन आज फिर सुबह से भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है जिसके चलते लोगो को एक बार फिर गर्मी और लू की चिंता सताने लगी है।हालाकि आज का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा है लेकिन फील 45 सेल्सियस से अधिक हो रहा है।लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे है।

**बाढ़ में फसे लोगो की बढ़ी मुसीबत**

जनपद में एक बार फिर शुरू हुई भीषण गर्मी से लोगो की मुसीबत शुरू हो गई है। सबसे ज्यादा बाढ़ में फसे लोगो की मुसीबत बढ़ गई है क्योंकि कुछ ग्रामीण इलाको में लोगो के घरों में पानी बह रहा है इसे में लोग छत और छप्पर पर बैठे है । जिनको पड़ रही लड़के की धूप अधिक दिक्कत दे रही है।

# नरेगा कार्य मे जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार का निकला नया तरीका

स्वतंत्र प्रभात

**● व्यापक रूप से हो रहे ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार में जिम्मेदार अधिकारियों की है क्या मौन स्वीकृति?**

**लगातार पुरानी फोटो पर लगाई जा रही है नई हाजिरी का चल रहा बड़ा स्कैम**

**एक फोटो को कई बार किया जा रहा है रिपीट की आ रही जानकारी**

**बलरामपुर-** सरकार के विकास कार्यो को लेकर आग बात की जाय तो तमाम दावे यही बताते है कि विकास के कार्य मानक और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करवाया जा रहा लेकिन जब उन का भौतिक सत्यापन होता है तो सारे दावे धराशाई हो जाते है जिसकी बानगी हम आप को जनपद बलरामपुर के विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों में हो रहे मनरेगा योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यो में हो रहे भृष्टाचार की तस्वीर ही पर्याप्त होगी जंहा एक फोटू का प्रयोग कई मास्टर रोल में होना, बिना कार्य के ही भुगतान के साथ अन्य जुगाड़ का भी प्रयोग कर ग्राम प्रधान सचिव,रोजगार सेवक राजस्व को चूना लगा रहे जिसकी तस्बीर पोर्टल पर मौजूद भरा हुआ मास्टर रोल से आकलन किया जा सकता है । जबकि यह खेल नया नही बीते कई हफ्तों से जनपद बलरामपुर के विकासखंडो व ग्राम पंचायत में पुरानी फोटो लगाकर हाजरी लगाई जा रही है का चल रहा। नई हाजिरी और नया मास्टर रोल तैयार कर सम्बन्धित पंचायतों सहायक ,सचिव ,प्रधानों के द्वारा फर्जी भुगतान का बड़ा खेल किया जा रहा है। जिसपर पत्रकारों के द्वारा लगातार भर्ष्टाचार को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा सूचना व शिकायत पर बार-बार रट रटाया जवाब दिया जा रहा है कि उक्त प्रकरण की जांच करके उचित कार्रवाई होगी लेकिन जांच के नाम पर तमाम जगहों पर मास्टर रोल में ही खेल कर दिया जाता है जंहा जीरो मास्टर रोल कर उसको बचाने की जुगत की जाती और भ्रष्टाचार में लिप्त रोजगार सेवक और ग्राम प्रधान को सिर्फ डांट फटकार लगाई जाती है। वही अगर मामले को ज्यादा तूल पकड़ते जब सम्बंधित विभागीय अधिकारी देखते है तब मामले को शांत करने के लिए मात्र नोटिस दिया जाता है और नोटिस देने के बाद मामले को वहीं पर रफादफा कर दिया जाता है। पिछले कई हफ्तों से दर्जनों मामले भ्रष्टाचार के प्रकाश में आये लेकिन कुछ पर नोटिस तो कुछ पर फटकार लगा मामला शांति करवा दिया गया इसके अतिरिक्त अभी तक कोई करवाई नही की गई है। न रिकवरी और न अन्य कोई विधिक करवाई जिसमे एफआईआर तक का प्राविधान है नही किया गया जिसके चलते भ्रष्टाचारियों पर लगाम नही लगता और भ्रष्टाचार मैं लिप्त जिम्मेदारों के हौसले बुलंद है ।इनके द्वारा एक बार फिर बड़े पैमाने पर खेला किया जाने की जानकारी हुई है आपको बताते चले ऐसे कई मामले की जानकारी मिल रही हैं । जैसे की विकासखंड पचपेड़वा में ग्राम पंचायत नौबस्ता, रामनगर विकासखंड गैसड़ी से ग्राम पंचायत जमुवरिया और नवलगढ़ और विकासखंड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत कोहरौवड़ा विकासखंड हरैया सतघरवा से बारदोलिया विकासखंड रेहार से अचलपुर चौधरी, अचलपुर रूपा आदि प्राम पंचायतों की जानकारी की पुष्ठि सूत्रों के द्वारा हुई है । जनपद के तमाम ग्राम पंचायत व विकास खण्ड में सूत्रों की माने तो बड़े पैमाने पर नरेगा में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार करने की जानकारी मिल रही है जिस पर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के पास मात्र एक ही जवाब होता है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह होगा कि जनपदीय स्तर के अधिकारियों के द्वारा ऐसे मामलो में जांच कर सख्त कार्यबाही होगी य भृष्टाचार पर शाबासी दे कर प्रोत्साहित की बात होगी ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, महिला घायल




**बिसवां सीतापुर** कोतवाली इलाके के ग्राम रामाभारी निवासी मुहीद 19 वर्ष पुत्र राहत अली बाइक से अपनी बुआ को लेकर बिसवां की ओर ग्राम रामाभारी जा रहा था कि इसी बीच अज्ञात बस ने ग्राम राजाडीह के निकट बाइक को टक्कर मार दी। इससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल दोनों गंभीर रूप से घायल बुआ कुतुबपुर निवासिनी ज़ाहिदा खातून और भतीजे मुहीद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां मुहीद को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं फूफी ज़ाहिदा खातून का इलाज किया जा रहा है। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### अगर अराजकता फैलाई तो होगी कड़ी कार्रवाई- एसडीएम



**महमूदाबाद-सीतापुर** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के बाँसुरा गांव स्थित सहकारी समिति के टीन शेड के नीचे पीस कमेटी की बैठक मंगलवार को महमूदाबाद एसडीएम शिखा शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में थाना इलाके के बाँसुरा, समनपुर माफी, रायपुर अलायपुर, करीमपुरवा और चांदपुर गांव के ताज़ियादारों से करबला तक ताजिया जुलूस के निकलने वाले मार्गों पर आने वाली समस्याओं को सुना गया। जिसके बाद मौके पर जाकर उनका निस्तारण किया गया। सीओ दिनेश शुक्ल ने वहां पर मौजूद लोगों से मोहर्रम पर्व अपने परंपरागत तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा कि कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान आराजकता फैलाने वालों को बक्शा नहीं जायेगा बल्कि उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ और एसडीएम ने लोगों से मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की लोगों से अपील की। इस दौरान नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, रामपुर मथुरा एसओ कृष्ण नंदन तिवारी, एसआई अशोक सोनकर, दीवान अनूप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### "बस अड्डा चौकी" का डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने किया उद्घाटन



**कानपुर।** आज दिनांक 09.07.2024 को पुलिस उपायुक्त सेंट्रल श्री राम सेवक गौतम द्वारा थाना कर्नलगंज की नवनिर्मित पुलिस चौकी "बस अड्डा" का लोकार्पण किया गया। जिसमें एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज भी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक



हरदोई राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह की अनुमति से दिनाँक 13 जुलाई 2024 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक विद्युत विभाग से सम्बंधित वादों के निस्तारण कराए जाने हेतु जनपद के विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिला जज द्वारा अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।उक्त बैठक में अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत सुनील कुमार मिश्र, अपर जिला जज अच्छे लाल सरोज तथा अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई भूपेंद्र प्रताप, विद्युत विभाग से सूर्य कुमार, कुलदीप कुमार, शशांक, विनोद कुमार, ए. के, कनोजिया व अधिवक्ता के0के0 सिंह उपस्थित रहे।

# शारदा सहायक नहर पुल पर गड्ढे, आवागमन में परेशानी

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां (सीतापुर)।** सीतापुर - बहराइच मार्ग पर बिसवां और पुरैनीगंज के बीच निकली शारदा सहायक नहर के पुल पर कई जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गये हैं जिनमें फंसकर रोजाना दुपहिया चालक जख्मी हो रहे हैं। बार बार कहने के बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझता। सीतापुर - बहराइच मार्ग पर दिन-रात हजारों की संख्या में छोटे से लेकर बड़े भारी वाहनों का आवागमन रहता है। ब्लाक व तहसील मुख्यालय होने से और भी आवागमन बढ़ जाता है। बहुत से लोगों का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। पुल पर बरसात का पानी भर जाने से जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गये हैं। बरसात में पानी भरा रहने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और जब दुपहिया वाहन साईकिल,मोटर साइकिल, स्कूटर, स्कूटी व एक्टिवा आदि लेकर कोई निकलता है तो इन्हीं गड्ढों में उलझकर उसी गंदे पानी में गिर जाता है। कई बार तो राहगीर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके अलावा पुल पर डाले गये लोहे के एंगल में एक एंगल के ऊपर से तारकोल व गिट्टी गायब हो गई है जिससे वह जमीन से ऊपर उठा हुआ है जो राहगीरों के लिए ठोकर का काम कर रहा है। इस बारे में शारदा नहर के जे.ई. कमलेश वर्मा ने बताया कि समस्या मेरे संज्ञान में है। पहले मैंने गड्ढों को भरवाया था। थोड़ा मौसम खुला होने पर पुल पर गिट्टी व मसाला की एक लेयर डालकर जल्द ही गड्ढों को भरवाया जायेगा तथा एंगल को भी मसाला लगाकर बंद कराया जायेगा। प्रतिदिन रास्ते पर आने जाने वाले सुनीत कुमार अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमित सिंघल, विकास सिंघल, विजय अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल,



विजय श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, फिरोज आलम,मनीष बंसल, पंकज खेतान व राज कुमार अग्रवाल सहित दर्जनों लोगों ने पुल के गड्ढों की तुरन्त मरम्मत कराकर बंद कराये जाने की मांग की है।

## आयुष्मान कार्ड ने राम कुमारी की जिंदगी में भरीं भरी खुशियां

**● - आयुष्मान योजना के तहत शहर के साईं संजीवनी हॉस्पिटल में हुआ कूल्हे का ऑपरेशन**

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत बनने वाले आयुष्मान कार्ड गरीब और जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इस कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग गंभीर रूप से बीमार लोगों का इलाज कर उन्हें नया जीवन देने का काम कर रहा है। कुछ ऐसी ही कहानी है जिले के चन्दनपारा पड़रखा गांव की 75 वर्षीया राम कुमारी की। वह बताती हैं कि होली के समय में वह अपने ही घर में गिर पड़ी थीं, जिससे उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। इसके बाद उनका उठना-बैठना और चलना-फिरना मुश्किल हो गया था। उन्होंने कई निजी चिकित्सकों को दिखाया। चिकित्सकों ने उन्हें जल्द ही ऑपरेशन कराने की सलाह दी और इसमें करीब 1.50 लाख रुपए का खर्च बताया। आर्थिक संकटों से जूझ रहे राम कुमारी के परिवार के लिए इस धनराधि की व्यवस्था करना बेहद कठिन काम था। ऐसे में उनके परिजन उनका आयुष्मान कार्ड लेकर स्वास्थ्य विभाग से संपर्क किया, तो पता चला कि यह आयुष्मान कार्ड के माध्यम से देश भर के चिन्हित निजी अथवा सरकारी किसी भी अस्पताल में उनका बिना किसी खर्च के ऑपरेशन हो सकता है। संकट की इस घड़ी में यह आयुष्मान कार्ड उनके लिए वरदान साबित हुआ। इसी कार्ड के माध्यम से शहर के साई संजीवनी हॉस्पिटल में उनके कूल्हे का सफल और निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया गया। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उनका कहना है कि केंद्र सरकार की यह योजना हम गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**इन बीमारियों में मिलता लाभ**

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डॉ. राजशेखर ने बताया कि योजना के अंतर्गत कुल 2,250 बीमारियों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें मातृ स्वास्थ्य और प्रसव या उच्च जोखिम प्रसव की सुविधा, नवजात और बच्चों के स्वास्थ्य, कैंसर, टीवी, कीमोथेरपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्ट बाईपास सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, आंखों की सर्जरी, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर, कोरोनरी बायपास, घुटना प्रत्यारोपण, स्टंट डालना, आंख, नाक, कान और गले से संबंधित बीमारियां, डायरिया, मलेरिया आदि



भर्ती की स्थिति में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदेश के विभिन्न आयुष्मान सूचीबद्ध चिकित्सालयों में उपलब्ध है।

**कहां और कैसे बनेगा आयुष्मान कार्ड**

कार्यक्रम के जिला समन्वयक डॉ. अभियान सिंह ने सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वह अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें, जिससे कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने में इस योजना से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बताया कि कोई भी लाभार्थी अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक बोर्ड से पंजीकृत पहचान पत्र, प्रधानमंत्री या फिर मुख्यमंत्री की चिट्ठी इत्यादि ले जाकर किसी भी जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, सीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जन सेवा केंद्र पर जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

## धान की लगी फसल को जोतवाने का संगत के महंत पर लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद-सीतापुर।** नगर पालिका इलाके के मोहल्ला इचौली में ठेके पर लिए गए संगत के 12 बीघा खेत मे लगी धन की फसल को सोमवार की रात जुतवा देने का आरोप संगत के महंत पर लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने एक तहरीर भी थाना महमूदाबाद में दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर स्थित बाबा संगत की एक किता 12 बीघा की खेतिहर भूमि मोहल्ला इचौली निवासी किसान कमलेश कुमार पुत्र बाबूराम ने संगत के महंत संतोषदास से फसल बोने को लेकर 4 हज़ार रुपये प्रति बीघा के हिसाब से ठेके पर ले रखा था, कमलेश कुमार का कहना है कि इसके एवज में उसने एडवांस के तौर पर तीस हजार रुपये भी महंत को दे दिए थे, फिर भी उन्होंने मोहल्ला मौलापुर निवासी सर्वेश कुमार पुत्र लल्लूराम से सांठ गांठ करके उसके द्वारा लगाई गई 12 बीघे में धान की फसल को बीते सोमवार को रातोरात जुतवा दी गयी। कमलेश का कहना है कि उसका बहुत नुकसान हुआ है, और उसकी भरपाई भी भविष्य में संभव नही है। कमलेश ने महमूदाबाद के कोतवाली प्रभारी से गुजारिश की है कि उसकी रिपोर्ट दर्ज की जाए। इस सबन्ध में जब बाबा संगत के महंत संतोष दास से संपर्क साधा गया तो उन्होंने बताया कि इचौली के कमलेश द्वारा पिछले कई साल से खेत मे फसल बोई और काटी जा रही थी, लेकिन वह बाकी के रुपये नही दे रहा था, जिसके चलते उनसे खेत खाली करा लिया



गया है। इस सम्बन्ध में इस्पेक्टर क्राइम ने बताया कि आरोप निराधार हैं क्योंकि प्रार्थना पत्र देने वाले कमलेश कुमार के पास कोई भी लिखित साक्ष्य नहीं है। संगत के उत्तराधिकारी बाबा संतोष दास उसको अपनी जमीन ठेके पे नहीं देना चाहते हैं।

## नवागत खंड विकास अधिकारी ने संभाला पदभार

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई** नवांगतुक खंड विकास अधिकारी प्रतिमा शर्मा ने खंड विकास कार्यालय में पहुंचकर चार्ज लिया। उसके बाद सभी पटलों का निरीक्षण किया। पंचायत कार्यालय, राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यालय, कृषि बीज भंडार, सभागार, ग्राम सचिव पंचायत के आवासीय भवनों, प्रांगण का निरीक्षण किया। भावनाओं की स्थिति की जानकारी ली। जर्जर भवनों पर जर्जर भवन लिखवाने का निर्देश दिया। प्रांगण की विधिवत सफाई का आवश्यक निर्देश दिए। प्रांगण में संचालित ग्राम पंचायत पतसेनी देहात का ग्राम सचिवालय का निरीक्षण किया। पंचायत सहायक व ग्राम सचिव के कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने वार्ता के दौरान बताया कोई ग्रामीण को अपने कार्यों के लिए ब्लॉक मुख्यालय नहीं दौड़ना पड़ेगा। ग्राम सचिव व



संबंधित कर्मी रोस्टर के अनुसार ग्राम सचिवालय पर मौजूद रहेंगे। ग्रामीणों का ग्राम सभा स्तर पर समस्या का निराकरण हो। जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिससे व्यक्ति का समय से आवश्यक कागज मिल सके। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन कराया जाएगा। महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा समूह से जोड़कर उनको उचित प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार हेतु कुटीर उद्योगों से जोड़ा जाएगा। जिससे वह मुख्य धारा में जुड़ सकें।

इस अवसर पर ग्राम सचिव पंचायत संतोष कुमार, वरिष्ठ लिपिक विकास, लघु-सिंचाई एमआई अशोक पाल आदि कर्मी मौजूद रहे।

## किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

**● - आठ जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा अभियान**

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** कृषि क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजना क्रियान्वित की जा रही है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंच सके, इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री के लिए अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए ग्रामवार कैंप लगेंगे। किसान आवश्यक अभिलेख आधार कार्ड की छाया प्रति, आधार कार्ड में लिंक मोबाइल नंबर व सभी गाटा संख्या की खतौनी कैंप में पहुंचकर राजस्व कर्मी को उपलब्ध कराएंगे, जिसके बाद




प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना की अगली किस्त उन्ही कृषकों को मिलेगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री तैयार होगी।

शिविर के संचालन के लिए ग्रामवार दो सदस्यों की टीम गठित की गई। शिविरों का आयोजन आठ जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा। किसानों को अपनी ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड एवं एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड एवं कृषि विकास के लिए अन्य ऋण प्राप्त करने में सुगमता होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में कृषकों का पंजीकरण, ऑनलाइन परामर्श, विभिन्न संस्थाओं द्वारा कृषकों के संपर्क के अवसर में वृद्धि के साथ नवोन्मेषी कार्यक्रमों में असफलता मिलेगी। राजस्व कर्मी के पास जाकर कृषक केवाईसी कराएंगे। लेखपाल के पास जाकर भूमि चुनेगें। ई-हस्ताक्षर के माध्यम से आधार ओटीपी लेखपाल को साझा कर अपना गोल्डन कार्ड जारी करा सकेंगे। प्रशासन ने अपील की सभी पात्र किसान अपने गांव में आयोजित होने वाले कैंपों में प्रतिभाग कर अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा लें।

## शहर के अवैध स्टैंड संचालकों पर कार्यवाही हो- मंडलायुक्त

**● - कानपुर शहर में जितने भी अवैध टैंपो टैक्सी स्टैंड हैं सभी को त्वरित हटाया के निर्देश। स्वतंत्र प्रभात काफी समय से ये खबर छाप रहा है।**






स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** शहर में अवैध टैंपो, टैक्सी और पिकप स्टैंड को हटाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक मंडलायुक्त कानपुर के कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त कानपुर अमित गुप्ता एवं पुलिस आयुक्त कानपुर अखिल कुमार ने की अभी दो दिन पहले ही स्टैंड की लड़ाई में नौबस्ता चौराहे पर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और कल महापौर प्रमिला पांडेय ने डीसीपी यातायात आरती सिंह से शहर के सभी अवैध स्टैंड को हटवाने को कहा था। गोष्ठी में कानपुर शहर में संचालित हो रहे अवैध आटो टैक्सी स्टैंड के संबंध में विचार विमर्श किया गया। मंडलायुक्त द्वारा शहर में किसी भी प्रकार के अवैध रूप से चलने वाले आटो टैक्सी स्टैंड को चिन्हित कर संचालन कर्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों को आटो टैक्सी स्टैंडो से अवैध वसूली से संबंधित प्रकरणों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

मण्डलायुक्त के कार्यालय में आयोजित गोष्ठी पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, जिलाधिकारी कानपुर राकेश सिंह, पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल, पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार, पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह व पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ ही कानपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, संभागीय परिवहन अधिकारी के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## कानपुर में जगह जगह की गई स्कूली वाहनों की चैकिंग

**● - कई दिनों से स्वतंत्र प्रभात यह खबर प्रकाशित कर रहा था कि स्कूली वाहन तादाद से अधिक संख्या में बच्चों को भरकर स्कूल ले जा रहे हैं।**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** शहर में आज जगह जगह पर स्कूली वाहनों को रोक कर उनकी फिटनेस, रजिस्ट्रेशन ड्राइविंग लाइसेंस और छात्रों की संख्या को चैक किया गया। जिनमें कमी ज्यादा पाई गई उनका चालान किया गया तथा कुछ कमी वालों को भविष्य के लिए चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। पिछले काफी समय से यह शिकायतें आ रहीं थीं कि स्कूली वाहन तादाद से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को भर लेते हैं। आज यातायात निदेशालय के आदेश के क्रम में नगर के सभी सेक्टरों में सेक्टर प्रभारी द्वारा स्कूल बसों,वैन चालको को बिना ड्राइविंग लाइसेंस गाड़ी चलाना आदि को यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया तथा वैधानिक कार्यवाही की गयी।

सबसे बड़ी समस्या उन प्राइवेट वाहनों से है जो कि स्कूल में अटैच नहीं हैं लेकिन कई स्कूलों के बच्चों को छोड़ने तथा लेने जाते हैं और इसीलिए ये जल्दबाजी में रहते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं। प्रशासन को ऐसे स्कूली वाहनों पर तुरंत रोक लगानी चाहिए ताकि इन छोटे छोटे बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ न हो सके। स्कूलों को भी हिदायत देनी चाहिए कि वो जो भी ड्राइवर और हैल्पर रखें वह नशेबाज और गलत आचरण का न हो और उसके पास वैध लाइसेंस हो।

## अब सरसों की होगी अधिक पैदावार, निकलेगा अधिक तेल

**● - कानपुर शहर में सीएसए ने विकसित की सरसों की नई प्रजाति, देर से बोने पर भी किसानों को मिलेगी अधिक पैदावार।**






स्वतंत्र प्रभात


**कानपुर।** विश्वप्रसिद्ध चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के निदेशक शोध डॉ पी के सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के तिलहन अनुभाग द्वारा सरसों की विलंब से बोई जाने वाली ( 20 नवम्बर तक ) तथा अधिक तेल देने वाली सरसों की गोवर्धन ( केएमआरएल 17 इ5 ) प्रजाति का विकास किया है। इस प्रजाति से किसानों को देर से बोन की दशा में सरसों की बंपर पैदावार मिल सकेगी उन्होंने बताया कि सरसों की जो विकसित प्रजाति गोवर्धन महेश 120 से 125 दिनों में पकड़ तैयार हो जाती है इस प्रजाति में तेल की मात्रा 39.6 फ़ीसदी तक पाई जाती है।

विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर महक सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रजाति ने चेक की तुलना में 4.9 फीसद अधिक उत्पादन दिया है। जबकि उत्तर प्रदेश के 10 विभिन्न जलवायु कृषि क्षेत्र में लगातार 3 वर्षो के परीक्षणों उपरांत राष्ट्रीय चेक वरदान एवं जोनल चेक आशीर्वाद प्रजाति से 7.81त्न अधिक उत्पादन दिया है। तथा तेल की मात्रा राष्ट्रीय चेकों से 7.4त्न अधिक है। उन्होंने बताया कि इस प्रजाति का दाना मोटा और औसत वजन 4.8 ग्राम प्रति 1000 दाने हैं। इस प्रजाति में अन्य प्रजातियों की अपेक्षा कीट एवं रोगों का प्रकोप कम रहता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने सरसों की गोवर्धन प्रजाति विकसित करने वाले वैज्ञानिकों की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि निश्चित तौर पर यह प्रजाति प्रदेश के किसानों के लिए वरदान साबित होगी।

## विद्युत आपूर्ति में बनी उपकेंद्र साबित हो रहा है फिसड्डी

**● - घरेलू उपभोक्ताओं के साथ कृषि फीडर को भी नही मिल पा रही है सप्लाई**

**कृषि कार्य प्रभावित होने से किसानों में नाराजगी**




स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** विधुत वितरण खंड सेस प्रथम के बनी उपकेंद्र से पोषित हरौनी फिडर की विधुत सप्लाई इन दिनों बुरी तरह से चरमाराई हुई आलम यह है कि यहां किसानों की सुविधा के लिए अलग से बनाए गए फीडर को भी सप्लाई नहीं मिल पा रही है। किसानों के लिए अलग से बनाया गया कृषि फिडर जिससे किसानों को सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक कृषि कार्य के लिए विधुत सप्लाई मिलने का नियम है। लेकिन इसके बावजूद भी आज तीन दिन से बनी उपकेंद्र का कृषि फिडर बंद चल रहा है जिससे कि किसानों को सिंचाई के लिए पानी तक नहीं मिल पा रहा है। किसानों की धान की फसल सूखने की कगार पर है यह हाल जब है जब अधिक्षण अभियंता खंड चतुर्थ योगेश कुमार द्वारा बनी उपकेंद्र के अवर अभियंता रूपेश सिंह का स्थानांतरण करने के बाद गहरू उपकेंद्र के अवर अभियंता राजेश कुमार को चार्ज दे दिया गया लेकिन राजेश कुमार भी विधुत कटौती को लेकर न गम्भीर है और न ही फिल्ड पर निकल रहे हैं।

वहीं उपभोक्ता अधिक्षण अभियंता की लगातार मनमानी से काफी नाराज है। अब सवाल यह है कि आखिर जब बनी उपकेंद्र के अवर अभियंता की कोई जनता द्वारा शिकायत भी नहीं थी तो फिर अधिक्षण अभियंता द्वारा बनी उपकेंद्र के जेई का स्थानांतरण आखिर क्यों किया गया। आज दशा यह है कि न किसानों का कृषि फिडर ही तीन दिनों से चल रहा है और न साधरण लाइट ( घरेलू ) ही उपभोक्ताओं को मिल रही है। सवाल यह भी है कि अगर बिजली विभाग के अधिकारी बरसात से पहले ही पेड़ों की छटाई करवा देते तो विधुत सप्लाई की न कटौती होती और उपभोक्ताओं को विधुत सप्लाई भी लगातार मिल पाती। वहीं हरौनी गाँव में आज तक कृषि फिडर की लाइन भी बिजली विभाग की तरफ से नहीं बिछाई गयी जिससे हरौनी गाँव के किसान घरेलू लाइट से खेतों की सिंचाई कर रहे हैं वहीं पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अतुल कुमार सिंह माखन ने बताया कि तीन दिन से कृषि फिडर बंद है किसानों को धान की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है जो गम्भीर समस्या है। जेई बनी का स्थानांतरण होने से बिजली व्यवस्था चरमरा गयी है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने आन लाइन उपस्थिति के विरोध में की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** प्राथमिक शिक्षक संघ, टोडरपुर की एक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित हुई जिसमें प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी, संघर्ष समिति के पदाधिकारी साथ ही कुछ अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक मे ऑनलाइन उपस्थित मुख्य मुद्दा रही आए हुए सभी पदाधिकारियों ने शिक्षकों की वर्तमान समस्या ऑनलाइन उपस्थित मे आ रही कठिनाइयों पर विचार विमर्श हुआ।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष प्रताप ने कहा कि अन्य किसी विभाग मे फेस रिक्गनेशन की व्यवस्था नहीं है तो केवल परिषदीय शिक्षकों पर ही क्यों? महामंत्री रूपेश अवस्थी ने कहा कि ऑनलाइन से पहले ई 0एल 0, हॉफ डे लीव आदि मिलनी चाहिए साथ ही हमारे मांग पत्र के प्रत्येक बिंदु पर विचार होना चाहिए ।




अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि 11 व 12 तारीख़ को समस्त शिक्षक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे जिसे जिला कार्यकारिणी को भेजा जाएगा 15 जुलाई को जिला पर ऑनलाइन के विरोध मे ज्ञापन दिया जाएगा।इस अवसर परआशा यादव,अनिल बर्मा,पंकज गौतम, उदय प्रताप, वीरेश मिश्रा, अमित भार्गव, मनीष शर्मा, रामवीर राजपूत, आफ़ताब आलम सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दक्षिणेश्वर हनुमान की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के अंबारा पश्चिम गांव स्थित मनसुखेश्वर धाम में सोमवार को दक्षिणेश्वर हनुमान की विशालकाय मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। चार दिवसीय भगवदीय अनुष्ठान में अयोध्या से पधारे आचार्य हरेराम मिश्र ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना संपन्न कराई। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले शनिवार को कालपंचांग पूजन, कर्म कुटी, जलाधिवास, देव आवाहन और अन्नाधिवास संपन्न हुआ। रविवार की सुबह भगवान का पुष्पाधिवास, जलाधिवास, सर्कराधिवास, धूपाधिवास, वस्त्राधिवास, दृव्याधिवास, मिष्ठानाधिवास और महा स्नान के बाद सैयाधिवास की प्रक्रिया पूर्ण हुई। सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा हुई। हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दीपक बाजपेई, सचिन बाजपेई, श्रीराम बाजपेई, शैलेन्द्र, सहित मनसुखेश्वर धाम कमेटी के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने सावन मेला और कावड़ यात्रा के लिए गोकनाघाट का किया निरीक्षण

**कावड़ यात्रियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में गोलाघाट का निरीक्षण**

**रायबरेली,** कांवड़ यात्रा व सावन मेले को लेकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने ऊंचाहार स्थित गोकना घाट का निरीक्षण किया। यहाँ पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखते हुए उन्होंने संबंधित को निर्देश दिया कि कार्य समय से पूरा कराया जाए। इस दौरान कावड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके दृष्टिगत गोलाघाट को भी व्यवस्थित कर लिया जाए। कावड़ यात्रा के दौरान सड़क मार्गो को भी व्यवस्थित किया जाए और घाटों पर वाहनों को खड़ा करने के लिए उचित दूरी का चिन्हांकन कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि स्नान के दौरान किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए बैरिकेटिंग कराई जाए। साथ ही घाटों की साफ सफाई का भी ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने इसके उपरांत सुपर मार्केट स्थित श्री जगमोहनेश्वर महादेव मंदिर चन्दापुर धाम और आस्तीक मन्दिर लालूपुर खास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सावन मेले के दौरान भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दलित दुकानदार को पीट-पीट कर किया अधमरा, केस




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर रोड पर दो सड़का में एक पंचर के दलित दुकानदार को चार युवकों ने जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व हरिजन एक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई की है। ककराही गांव निवासी लवलेश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके भाई विपिन की दो सड़का में पंचर की दुकान है। गत छः जुलाई को जगतपुर झबरा निवासी इंद्रजीत सिंह, भानु प्रताप सिंह, रणवीर सिंह व अभिषेक सिंह ने जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वह उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चारों आरोपितों के विरुद्ध मारपीट व दलित उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# नहर बनी कूड़ा दान सूखी नहर कैसे हो किसानी

**● नहर में पानी न आने के चलते किसानों की नहीं हो पा रही धान की रोपाई**

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुल बाजार अमेठी।** इन दिनों धान की रोपाई का समय चल रहा है, ऐसे में किसानों को पानी की बेहद आवश्यकता है। लेकिन शुकुल बाजार क्षेत्र में गेरांवां रजबहा कूड़ा दान बनाकर सिमिट गई है, जो अपना अस्तित्व नहीं बचा पा रही है। शुकुल बाजार कस्बे में नहर पर और नहर की पटरी पर लोगों का अतिक्रमण है, लोगों ने नहर को कूड़ा दान बना दिया है, समय से साफ सफाई न होने के चलते नहर अपना अस्तित्व नहीं बचा पा रही है। और ऊपर से नहर सूखी हुई है ऐसे में लोग किसानी कैसे करें, आखिर किसानों की आमदनी दोगुनी कैसे होगी यह अहम प्रश्न है, जबकि सरकार की मंशा किसने की आमदनी दोगुनी करने की है।

लेकिन सूखी नहर के चलते यहां किसानों को किसानी करने के लाले पड़े हुए हैं ऐसे में दोगुनी की बात कौन करें, समय से धान की रोपाई नहीं हो पा रही है गेरांवां रजबहा में धान के सीजन में टेल तक पानी नहीं पहुंचता, जिसके चलते हजारों हेक्टेयर भूमि किसानी से वंचित रह जाती है, नहर के दोनों तरफ हजारों हेक्टेयर की भूमि में नहर के द्वारा किसानी की जाती है, जिन समृद्ध किसानों के पास अपनी समरसेबल है वह तो किसी तरह किसानी कर लेते हैं लेकिन नहर के सहारे रहने वाले किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय किसानों ने शासन प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों से नहर में तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की है जिससे किसान धान की रोपाई कर सकें।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में चार की मौके पर दर्दनाक मौत एक दर्जन लोग घायल

**● तीन घायल जिला अस्पताल रेफर एक की जिला अस्पताल ले जाते वक्त हुई मौत कुल मृतकों की संख्या- 5**

**जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का लिया हाल-चाल**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी को घायलों को बेहतर चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में घायलों का इलाज जिला अस्पताल गौरीगंज में चल रहा है जिसको लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को घायलों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने डी-फ्रीजर को संचालित रखने के निर्देश दिए तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। बताते चलें कि दिनांक 8 जुलाई 2024 की रात्रि करीब 2:00 बजे दिल्ली से बिहार (सिवान) जिले को जा रही बस थाना क्षेत्र बाजार शुकुल अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई जिसमें करीब 12 लोग घायल हुए जिसमें से चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा बाकी घायलों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया जिसमें से तीन गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया जिसमें से एक व्यक्ति की मृत्यु जिला अस्पताल ले जाते समय हो गई बाकी दो घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, सीएमओ ने बताया कि दोनों लोग अभी स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है उनके आने पर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी।

## दहेज के लिए विवाहिता को धक्के मारकर घर से बाहर निकाला

**● विवाहिता ने चार लोगों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस।**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के साकेत नगर मोहल्ला निवासिनी एक विवाहिता ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। मोहल्ला निवासिनी सोनम सिंह ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि लखनऊ के आशियाना, रजनी खंड निवासी जितेंद्र के साथ उसका विवाह 28 अप्रैल 2021 को हुआ था।

मायके वालों ने दान दहेज में 11 लाख रुपए नगद व नौ लाख चौपहिया वाहन के लिए नौ लाख सहित अन्य कीमती सामान दिया। लेकिन दहेज लोभियों ने उसे कम दहेज लाने की बात कह कर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बताया कि वह दांपत्य जीवन बचाए रखने के लिए ससुरालीजनों की यातनाएं सहती रही। 19 जून 2022 को उसने अपनी आपबीती अपने माता-पिता से बताई। इस बात पर उसे ससुराल से विदा करने पहुंचे उसके माता-पिता और भाई के सामने ही आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि पति जितेंद्र, सास मीना, जेठ सौरभ व ननद नीतू ने उसे घर से धक्का मार कर बाहर कर दिया और दरवाजा बंद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज करते हुए मामले की विवेचना की जा रही है।

## हर्षोल्लास के साथ किया गया नवागंतुक छात्रों का स्वागत समारोह

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज रायबरेली।** आज दिनांक 9 जुलाई 2024 को क्षेत्र के सलेथू में स्थित न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज आफ हायर एजुकेशन के बी.ए. एवं बी.एस.सी. में प्रवेश लेने वाले नवागंतुक छात्र-छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार ,डी.एल.एड. प्राचार्य धीरेंद्र कुमार सिंह ,प्रवेश प्रभारी डॉ. अरुण चौधरी एवं छात्रों के अभिभावक के द्वारा मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया ।कॉलेज की छात्रा ज्योति, आकांक्षा ,अनामिका ,महिमा, रूबी के द्वारा सरस्वती वंदना और अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत की मनोहर छवि प्रस्तुत की गई ।डी.एल.एड. प्राचार्य ने उद्देश्य परक शिक्षा पर बल देते हुए छात्रों को जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया तो वहीं डॉ. चौधरी ने समसामयिक परिस्थितियों में शिक्षा से होने वाले परिवर्तनों का उल्लेख किया छात्र गौरव सिंह, रिचा त्रिपाठी, उपासना, लक्ष्मी पटेल ने अपने विचार प्रस्तुत किया। छात्रों के अभिभावक राधेश्याम पांडे ने कहा कि मनुष्य के विकास में शिक्षा जननी के रूप में सर्वोपरि भूमिका का निर्वहन करती है बालिकाओं का शिक्षित होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है।प्राचार्य प्रो.( डॉ.) अनिल कुमार ने "सब पढ़े - सब बढ़े ÷की भावना पर बल देते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा देने की संकल्पना को व्यक्त किया ।आभार ज्ञापन डॉ.



रश्मि श्रीवास्तव के द्वारा तथा कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र वाजपेई के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र सिंह ,प्रेम शंकर जायसवाल , जे.सी.श्रीवास्तव ,अनीता मौर्या ,कोमल वर्मा ,अविरल गुप्ता, गुलाम शब्बानी ,प्रवीण शर्मा ,प्रवीण त्रिपाठी, खुशबू सिंह, रेखा मिश्रा , प्रमोद कुमार आदि प्राध्यापक के साथ भारी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# डीएम ने सख्ती से वसूली के दिये निर्देश

**● आरसी का शत प्रतिशत वसूली कराना सभी उपजिलाधिकारी सुनिश्चित करें**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली करने वाले अधिकारियों को अपने कार्यो में तेजी लाने, भविष्य में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलों से जारी आरसी का शत प्रतिशत वसूली कराना सभी उपजिलाधिकारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली के संबंध में सभी अधिकारियों से कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में जारी हुई आरसी का मिलान करें तथा कर्मचारी लगाकर उक्त कार्यो को तेजी से निस्तारण कराए। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व प्रशासन, राजस्व कार्यो, राजस्व वादों, आइ.जी.आर.एस आदि की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के लंबित 11 प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। शासन की मंशा अनुसार किसानों, उनके परिवारों को लाभान्वित कर सहायता प्रदान की जाए। जिलाधिकारी ने बंधक, बंधक मुक्त करने के कार्य को बैंको एवं आम जनमानस द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों व तहसील की रिपोर्ट के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ई परवाना का कार्य पूर्ण कराए। नगर मजिस्ट्रेट को भूमि अधिग्रहण के संबंध में ससमय प्रकाशन तथा लंबित भुगतान का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जाति, निवास, आय, हैसियत आदि प्रमाण पत्रों को समय पर बनाने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी को अपनी अपनी कोर्ट में बैठने, समय अंतर्गत वादों के निस्तारण तथा पुराने प्रकरण (5 साल से अधिक एवं 3 साल से अधिक लंबित) को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिये कि अपनी अपनी तहसीलों में वकीलों से समन्वय स्थापित करते हुए अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराएं, लोगो को न्याय दिलाए तथा सरकारी कार्यो को



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह बैठक लेते हुए।

ससमय पूर्व करे। राजस्व वादों के अधिकाधिक निस्तारण तथा धारा 24, 34 , 80 तथा 116 के मामलों की समयबद्धता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी मांट आदेश कुमार, महावन राज कुमार भास्कर, गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, छाता श्वेता, सदर वैभव गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव, मयंक गोस्वामी, अजीत कुमार, आबकारी अधिकारी कुमार प्रभात चंद्र, समस्त तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं में रोष

**● नहीं हुआ सुधार तो सीएम से शिकायत करेगा राष्ट्रीय एकता विकास मंच**

स्वतंत्र प्रभात



**शिवगढ़,रायबरेली।** अघोषित विद्युत कटौती को लेकर के विद्युत उपभोक्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है, विद्युत व्यवस्था में सुधार न होने पर उपभोक्ताओं ने आंदोलन की चेतावनी देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करने की बात कही है। आलम यह है कि यहां न ही बिजली आने का समय निर्धारित है और ना ही जाने का, अघोषित विद्युत कटौती के चलते उपभोक्ताओं को ठीक तरह से बिजली के उजाले में खाना खाना तक नही नसीब हो रहा है, पढ़ाई के समय बिजली गुल रहने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है।

नगर पंचायत के रहने वाले राष्ट्रीय एकता विकास मंच के शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राकेश त्रिवेदी का कहना है कि 24 घंटे में ठीक तरह से 10 घण्टे भी विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है कभी रोस्टिंग के नाम पर तो कभी विद्युत फाल्ट सही करने के नाम पर कई- कई घण्टों तक बिजली काट दी जाती है, फोन करने पर कर्मचारी फोन नहीं उठाते हैं। जिनका कहना है कि विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो राष्ट्रीय एकता विकास मंच के पदाधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर शिकायत करेंगे। प्रगतिशील कृषक नन्दकिशोर तिवारी का कहना है कि खेतों की सिंचाई की समय किसानों को बिजली दगा दे रही है। वहीं जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी का कहना है कि विद्युत विभाग की लचर कार्यशैली से उपभोक्ताओं को ठीक तरीके से बिजली नहीं मिल पा रही है, बिजली कटौती की इस समस्या को वे जिला पंचायत की बैठक में जिलाधिकारी तथा विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के समक्ष उठाएंगी। जरूरत पड़ी तो विद्युत मंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखेंगी।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार....**

विद्युत उपकेंद्र में लगा 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर बीती 1 जुलाई को जलने से 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर से ही पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। जले ट्रांसफार्मर की जगह पर रखा गया 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर चार्ज करके मंगलवार से उस पर लोड रख दिया गया है, अब उपभोक्ताओं को दिक्कत नहीं होगी। रवि गौतम - जेई विद्युत उप केंद्र शिवगढ़

## अनियंत्रित बस की चपेट में आने से चार की मौत, छः गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** (उन्नाव जा रही प्राइवेट बस बिल्हौर- कटरा मार्ग पर शेखवापुर पश्चिमी के पास अनियंत्रित होने व स्टेयरिंग फेल होने के कारण बस ने सड़क किनारे चारपाई पर बैठे सात लोगों को रौंद दिया। इनमें से चार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चारपाई पर बैठे तीन लोग एवं बस में सवार तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में शामिल एक होमगार्ड को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पांच घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगंज में इलाज किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को क्रेन से हटवाया है। घटना के बाद बस चालक भाग गया। बस में 30 सवारियां थीं। घटना की जानकारी पर जिला अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक के सी गोस्वामी, सीएमओ डॉक्टर रोहताश कुमार आदि मौके पर पहुंच गए। फरार चालक की तलाश में टीमें लगाई गई हैं।शवों को पोस्टमारटम के लिए भेजने की व्यवस्था पुलिस कर रही है।

## एबीवीपी बालामऊ नगर इकाई ने धूमधाम से मनाया विद्यार्थी परिषद का 76 वाँ स्थापना दिवस

स्वतंत्र प्रभात



**कछौना, हरदोई।** एबीवीपी बालामऊ नगर इकाई ने राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस व परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर के लाला भभूती प्रसाद शिक्षण संस्थान में कक्षा में उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार प्रजापति ने छात्रों को अपने अधिकारों व कर्तव्यों से अवगत कराया, साथ ही परिषद के सदस्य पुष्पेन्द्र सैनी ने परिषद से सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो अपने मूल मंत्र ÷ज्ञान, शील व एकता÷ को ध्यान में रखकर कार्य करता है। विद्यार्थी परिषद छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में देखता है, छात्रों में नई ऊर्जा भरते हुए उन्होंने कहा कि- "उठो जागो और तब तक न रुको जब तक अपने लक्ष्य को न प्राप्त कर लो।" कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय गुप्ता, परिषद के तहसील संयोजक हर्षवर्धन सिंह, नगर मंत्री आकाश संघर्षी, विजय दीक्षित, पुष्पेन्द्र सैनी सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

## आईडिया बॉक्स स्थापित करके उसमें से सर्वश्रेष्ठ पाँच विचारों का कराएं नामांकन- अश्वनी जैन

स्वतंत्र प्रभात

**फिरोजाबाद-** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा सत्र 2024-2025 के इन्सपायर अवार्ड मानक योजना की पोर्टल की साइट विद्यार्थियों के नामांकन के लिए खुल चुकी है। जिसकी अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2024 है। जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने जनपद के सभी बोर्ड के विद्यालयों के प्रधानाचार्यगणों एवं प्रधानाध्यापकों से अपील की है कि इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन से पूर्व अपने विद्यालय के कक्षा 6 से 10 विद्यार्थियों के लिए आईडिया बॉक्स स्थापित करके उनमें से पाँच सर्वश्रेष्ठ विचारों का चयन करें। इस योजना के लिए किसी भी बोर्ड के विद्यालय अपनी इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर अपनी स्कूल आईडी से लॉगिन कर सकते हैं। इसमें अपने स्कूल के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के अधिकतम पाँच उत्कृष्ट नवाचारी विचारों को अपलोड कर सकते हैं। नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों के नाम पर बैंक का खाता होना चाहिए। विचार में लगभग 150 शब्दों की सिनॉप्सिस और पेज पर बनाई गई मॉडल की तस्वीर होनी चाहिए। प्रथम स्तर पर जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रुपये की धनराशि उस विद्यार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा भेजी जाती है। इस धनराशि के उपयोग से चयनित विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन प्रथम स्तर पर करेंगे।

## पचोखरा क्षेत्र के गाँव नगला पुनू में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने धर्म की व्याख्या की

स्वतंत्र प्रभात

**टूण्डला-** पचोखरा क्षेत्र के गांव नगला पुनू में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने धर्म की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वालों का कभी अहित नहीं होता। कथा व्यास श्री 108 रघुवीर दस महाराज ने कहा कि अधर्म कितना ही भारी क्यों न हो। एक दिन धर्म से हार ही जाता है। पांडव और कौरवों के बीच धर्म अधर्म का युद्ध हुआ था। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा की खातिर पांडवों का साथ दिया। कुरूक्षेत्र के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा था कि यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।

अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्। इसका अर्थ बताते हुए शास्त्री ने कहा कि हे भारत! जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब ही मैं अपने रूप को रचता हूं अर्थात साकार रूप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूं। इसलिए सदैव व्यक्ति को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। अधर्म के मार्ग पर चलने वालों का अंत बुरा होता है। इसके कई जीते जागते उदाहरण हैं। राजा कंस ने भी अधर्म के मार्ग पर चलते हुए जनता पर अत्याचार किए। जिसका नतीजा उसका अंत बुरा हुआ। कथा का आयोजन श्रीचंद बघेल के द्वारा कराया जा रहा है ।भागवत कथा में सहयोग कर्ता है ओम प्रकाश मास्टर , रामेश्वर वकील साहब रामप्रकाश बघेल, राजेंद्र सिंह, कुबेरपाल, खेतपाल मास्टर, शिशुपाल, राधे श्याम पंडित , गुड्डू बघेल, अर्जुन बघेल, विनोद बघेल और गांव और क्षेत्र की युवा टीम एवम समस्त गांव के सभी श्रद्धालुओं ने श्रवण कर पुण्य लाभ कमाया।

## ग्राम बसई थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद में ऑपरेशन जागृति फेज टू का प्रोग्राम किया गया

**टूण्डला-** ग्राम बसई थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद में ऑपरेशन जागृति फेज टू का प्रोग्राम किया गया। जिसमें उक्त ऑपरेशन जागृति के मुख्य बिंदुओं के संबंध में म0उ0नि0 अलवीना पठान द्वारा महिलाओं को आगे करके झूठे मुकदमे दर्ज कराना, साइबर बुलिंग, इलॉपमेंट तथा हिंसा के शिकार हुई महिलाओं की काउंसलिंग करने के संबंध में जानकारी दी गई।

उक्त प्रोग्राम में महिला अपने म0उ0नि0 अलवीना पठान, उप निरीक्षक अंकित, मुख्य आरक्षी जावित्री, हार्वेंद्र, आरक्षी आशीष, प्रधान राजेंद्र कुमार, डीलर शिव सिंह, आंगनबाड़ी प्रभा, सुमन आशा बहन लज्जा जनक, समूह सखी हेमलता, भी सी सखी जीनू आदि शामिल रहे।



# जमीनी विवाद में चली कई राउंड फायरिंग

स्वतंत्र प्रभात




**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। यहां दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष ने कोबरा गैंग के सदस्यों को बुला लिया। उन्होंने एक के बाद एक कई राउंड फायरिंग की। मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताते चलें कि शुक्लागंज के गांधी नगर पोनी रोड निवासी दीपेन्द्र शुक्ला पुत्र राम प्रकाश शुक्ला की सुखलाल खेड़ा गांव में 50 बीघा जमीन है। सोमवार को वह अपनी जमीन पर ट्रैक्टर चलवा रहे थे, तभी सुखलाल खेड़ा निवासी मोनू यादव पुत्र अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। यहां उनका आरोप है दीपेन्द्र ने उनकी तीन बीघा जमीन पर ट्रैक्टर चलवा दिया। उन्होंने विरोध किया तो दीपेन्द्र पक्ष के लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। कुछ ही देर में दोनों पक्षों से लाठी डंडे निकल आए और जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि दीपेन्द्र ने तीन से चार दर्जन दबंग प्रवृत्ति के लोगों को बुला लिया। यहां बाइकों से वह लोग पहुंचे और एक के बाद एक करीब दस से 12 राउंड फायर की। गांव में दिन दहाड़े फायरिंग होने से दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं ग्रामीण भी फायरिंग कर रहे लोगों को दौड़ा लिया। ग्रामीणों को आता देख फायरिंग कर रहे युवक मौके से अपनी बाइक छोड़ कर भाग निकले। मारपीट में सोनू निषाद के हाथ में चोट आने पर पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए भेजा। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि कोबारा गैंग के सदस्य आए दिन मारपीट करने के साथ ही ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन गंगाघाट पुलिस उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया फायरिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया। वहीं मौके से कुछ गाड़ियों को भी कब्जे में लिया गया। तहरीर मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# दुकान में रखे पटाखों में हुआ विस्फोट, आतिशबाज की मौत

स्वतंत्र प्रभात




**उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के पकराखुर्द में बीती रात दुकान में रखे पटाखों में भीषण विस्फोट होने से बाहर सो रहे आतिशबाज की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

बताते चलें कि बिहार थाना क्षेत्र के पकराखुर्द गांव के रहने वाले अली अहमद (45) पुत्र जहूर अहमद शादी समारोह में आतिशबाजी का काम करता था। रात वह कानपुर से अपने व्यवसाय के लिए पटाखे लेकर वापस आया था। दुकान में पटाखे रखने के बाद शटर बंद करके वह बाहर सो गया। देर रात रखे पटाखों में हुए भीषण विस्फोट से शटर और खिड़की और दरवाजे चटक गए। ग्रामीणों के मुताबिक बंद शटर की एक पत्ती निकलकर अली अहमद के सिर में घुस गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की है। अली अहमद की पत्नी की दस साल पहले मौत हो गई थी। वह अपनी विधवा बहन पप्पो और छोटे बेटे नाजिर के साथ रहकर आतिशबाजी का काम कर परिवार चला रहा था। तीन बेटे बाहर रहकर नौकरी करते हैं। फायर विभाग के सीएफओ अनूप सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि पटाखों के विस्फोटक सामग्री को लेकर लाइसेंस और अन्य प्रमाण पत्रों की जांच की जा रही है।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ कल्याणी नदी का किया निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** कल्याणी नदी के कल्याण की उम्मीद फिर जगी है। डीएम ने अधिकारियों के साथ बांगरमऊ के चम्पूपुरवा से निकली कल्याणी नदी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नदी की वर्तमान स्थिति को देखा और सफाई सहित जीणोद्धार कार्यों के लिए अधिकारियों को नए सिरे से स्थलीय सर्वे कराकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

बताते चलें कि मंगलवार को डीएम गौरांग राठी और सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने सिंचाई सहित बांगरमऊ तहसील के अधिकारियों और लखनऊ से आई निजी संस्था के साथ चम्पूपुरवा और नानामऊ मार्ग स्थित कल्याणी नदी पर बने पुल के नजदीक भी जाकर वर्तमान स्थिति को देखा। डीएम ने सिंचाई विभाग के एक्सईएन दीपक यादव को निर्देश दिए कि स्थलीय सर्वे के मध्यम से नदी की कुल लंबाई, चौड़ाई और गहराई की पूरी रिपोर्ट दें। साथ ही नदी साल भर पानी से लबालब रहे, इसके लिए प्रस्तावित चेकडैम निर्माण कराए जाने की भी रिपोर्ट मांगी है। दीपक यादव ने बताया कि डीएम का प्रयास है कि नदी को अतिक्रमणमुक्त कराकर उसे पुराने स्वरूप में वापस लाना है। नदी में पानी की उपलब्धता भी रखनी है। इसके लिए रिपोर्ट मांगी है। जल्द सर्वे कराकर रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**उन्नाव।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत जनपद उन्नाव में बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को विकास भवन सभागार में किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा व जिला विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय द्वारा किया गया। डीडीओ द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार व जिला विकास अधिकारी द्वारा जनपद में योजनान्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों और उनके संगठनों द्वारा आजीविका के क्षेत्र में की गई प्रगति, वित्त उपलब्धता जिसमे बैंको का महत्वपूर्ण योगदान, एनपीए को कम रखने और समाप्त करने पर जोर देते हुए बैंको से सामुदायिक संस्थाओं को सहयोग की अपेक्षा जताई गई। इस कार्यशाला में वित्तीय वर्ष 2024-25 का रिजर्व बैंक आफइण्डिया के द्वारा जारी मास्टर सरकुलर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन की बैंक से सम्बन्धित प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी एवं उसके आधार पर स्वयं सहायता सदस्यों एवं बैंक शाखा स्तर पर आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद के नेशनल रिशोर्स पर्सन द्वारा उक्त उन्मुखीकरण कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों का निस्तारण किया गया।

उन्मुखीकरण कार्यशाला के अन्त में उपायुक्त स्वतः रोजगारध्जिला विकास अधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के लक्ष्यों की प्राप्ति करने हेतु प्रतिभागी बैंकर्स को सेन्सेटाईज किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा भी बैंको को आरबीआई के दिशा निर्देशों के अंतर्गत ही समूह के कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अच्छा काम करने वाले बैंकर्स, ब्लॉक स्तरीय कर्मियों और बैंक सखियों को उत्कृष कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। जिसमे बैंक ऑफ बड़ौदा बीघापुर हसनगंज हेतु हेम नारायण सिंह, अल्का गुप्ता, अरुणा देवी बैंक सखी, बैंक ऑफइंडिया हैदराबाद हेतु अनिकेत निगम, अनीता बैंक सखी, आर्यावर्त बैंक खवजगीपुर हेतु बिंदा प्रसाद, नीतू बैंक सखी, ब्लॉक मिशन प्रबंधक सोनम चंदेल, फूल मियां रश्मि झा, अमित नाथ अंकुर श्रीवास्तव व अग्रणी जिला प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा आदि को प्रशस्ति पत्र दिया गया, कार्यक्रम का पूर्ण संचालन रजीउल हसन जिला मिशन प्रबंधक द्वारा किया गया, अंत में प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यशाला का समापन किया गया।

# ट्रांसफर के बाद 7 दिन के अंदर कर्मियों को नयी तैनाती पर ग्रहण करना होगा कार्यभार, नहीं तो होगा एक्शन

**● -शासन और प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं मेहदावल के वर्तमान बीडीओ अमरेश सिंह चौहान**

**अंगद के पांव की तरह जमाये बैठे है मेंहदावल बीडीओ**

स्वतंत्र प्रभात

**संतकबीरनगर।** यूपी की योगी सरकार ने हाल ही में नई स्थानांतरण नीति (2023-24) को कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू किया है। उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार के अधीन सेवारत कर्मचारियों और अधिकारियों को ट्रांसफर के 7 दिन या तय की गई तारीख तक अपनी नवीन तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा। यदि ट्रांसफर होने के बाद भी कोई अधिकारी अपने अधीन सेवारत कर्मचारी को कार्यमुक्त नहीं करता है या कोई कर्मचारी/अधिकारी 7 दिन या नियत तारीख तक नवीन तैनाती पर कार्यभार ग्रहण नहीं करता है तो इसे अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। हालांकि यह आदेश जिले के मेहदावल ब्लाक के बीडीओ अमरेश सिंह चौहान पर नहीं दिखाई दे रहा है और ना ही जिले के आलाधिकारी को शासन के आदेश का कोई असर दिखाई नही पड़ रहा है।

**कार्यमुक्त न करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

संतकबीरनगर। नई स्थानांतरण नीति के अनुसार, स्थानान्तरण आदेश जारी किए जाने के एक सप्ताह के अंदर रिप्लेसमेंट की प्रतीक्षा किए बिना नवीन पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा और संबंधित प्राधिकारी को स्थानांतरित कार्मिकों को तत्काल रिलीव करना होगा। स्थानांतरित कार्मिकों को निर्धारित समय में कार्यमुक्त न किया जाना अनुशासनहीनता के तौर पर देखा जाएगा और जो अधिकारी स्थानांतरण आदेशों का पालन न करते हुए, संबंधित कार्मिक को कार्यमुक्त नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएंगी।

**तय समय में ग्रहण करना होगा कार्यभार**

संतकबीरनगर। नई स्थानांतरण नीति में स्थानांतरित कार्मिकों के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार, स्थानांतरित कार्मिकों द्वारा नवीन तैनाती पद पर तय समय के अंदर कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें स्वतः कार्यमुक्त किया जा सकेगा। यानी वो पुरानी तैनाती पर अपना कार्य जारी नहीं रख सकेंगे। यही नहीं, स्थानान्तरित कार्मिकों के द्वारा नवीन तैनाती के स्थान पर नियत समय पर कार्यभार ग्रहण न करने पर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

**या बोले डी.एम. व सीडीओ**

संतकबीरनगर। इस संबंध में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी से बात किया गया तो अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही मेंहदावल बीडीओ को रिलीव कर दिया जायेगा।

# मेहदावल के पूर्व बीडीओ के खिलाफमुकदमा दर्ज कराने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात




**संतकबीरनगर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर से सागौन के पेड़ कटवाए जाने के मामले में मेंहदावल के खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने तत्कालीन बीडीओ सुरेश मौर्य के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए उर्दू अनुवादक एजाजुद्दीन को निर्देश दिया है। ब्लॉक के सहायक लेखाकार विनोद कुमार ने पत्र जारी कर बताया था कि पूर्व बीडीओ सुरेश कुमार मौर्य ने पेड़ कटवाने की बात स्वीकार की है।

**क्या बोले मेंहदावल ब्लाक के पूर्व बीडीओ**

संतकबीरनगर। इस संबंध में मेहदावल ब्लॉक के पूर्व बीडीओ सुरेश कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मेरा स्थानांतरण मार्च के प्रथम सप्ताह आचार संहिता के पहले ही सेमरियावा ब्लॉक के लिए हो गया था। पेड़ कटवाने का मामला कोई बनता ही नहीं। जब हम थे वहां पर सभी पेड़ सही सलामत थे। उन्होंने कहा कि मेहदावल ब्लाक परिसर सीसीटीवी कैमरे से लैस है। सीसीटीवी फुटेज निकालकर जो भी पेड़ काटा या कटवाया हो उसके खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि जिस तरह से वर्तमान वीडियो अमरेश सिंह चौहान मेरे खिलाफ कुचक्र रचकर ब्लॉक के सहायक लेखाकार विनोद कुमार को प्रभाव के दम पर मुकदमा दर्ज करवाने का जो निर्देश दिया है वह सरासर गलत है यह मेरे खिलाफ एक साजिश है। उन्होंने कहा कि मेहदावल के वर्तमान बीडीओ अमरेश सिंह चौहान मेरे खिलाफद्वेष भावना से मुकदमा दर्ज करवाना चाहते हैं।

# मोबिन क्लस्टर यूनिवर्सिटी श्रीनगर के कुलपति नियुक्त

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़,।** एएमयू के जेडएच कालिज आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालोजी के एप्लाइड कैमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर मोहम्मद मोबिन को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर क्लस्टर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। क्लस्टर विश्वविद्यालय श्रीनगर के कुलाधिपति मनोज सिन्हा के कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रोफेसर मोबिन का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (एफआरएससी), यूके के फेलो प्रोफेसर मोबिन मैटेरियल्स एंड कोरोजन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित शोधकर्ता हैं, और लगभग 40 वर्षों से शिक्षण और अनुसंधान में लगे हुए हैं।

उन्होंने 1988 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में पीएचडी प्राप्त की और उसके बाद 1988 में व्याख्याता के रूप में नियुक्त किये गए। बाद में 2005 में प्रोफेसर के रूप में उन्हें पदोन्नति प्राप्त हुई। वर्ष 2001 में, उन्होंने कोरोजन विभाग, सीवाटर डिसलाइनेशन रिसर्च इंस्टीटयूट, सेलाइन वाटर कंवर्जन कारपोरेशन (एसडब्ल्यूसीसी), अल-जुबैल, सऊदी अरब में विदेशी शोधकर्ता का कार्यभार संभाला। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने प्रोफेसर मोबिन को इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्ति के लिए बधाई दी है और कश्मीर के एक उल्लेखनीय विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को क्लस्टर विश्वविद्यालय, श्रीनगर को लगातार दो कुलपति देने का गौरव प्राप्त है। प्रोफेसर मोबिन क्लस्टर यूनिवर्सिटी के वर्तमान कुलपति प्रोफेसर कय्यूम हुसैन से कार्यभार ग्रहण करेंगे, जो एएमयू के जैव रसायन विभाग (जीवन विज्ञान संकाय) में प्रोफेसर भी हैं।

# मारपीट करने वालों पर कार्यवाही नहीं तो सपा करेगी आन्दोलन

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़,।** जिला अस्पताल में विशेष समुदाय के किशोर के साथ मारपीट करने और मारपीट का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कार्रवाई नहीं होने पर सपा सहित विभिन्न संगठनों के लोग एसपी सिटी से मिलकर कार्रवाई करने की की मांग, एसपी सिटी ने उचित कार्रवाई का दिया आश्वासन, सपा महानगर अध्यक्ष ने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की दी चेतावनी। सपा के महानगर अध्यक्ष अज्जू इश्हाक कुछ दिन पूर्व जिला अस्पताल में समुदाय विशेष के एक किशोर जुबेर को नाम पूछने के बाद मारा पीटा गया और आरोपियों द्वारा मारपीट का सोशल सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया गया। पुलिस द्वारा मामले में रिपोर्ट दर्ज कर वीडियो में दिख रहे एक आरोपी को हिरासत में लिया गया था। बाद में उसे छोड़ दिया गया। हमारी मांग है कि वीडियो में साफ दिख रहे दोनों आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाए। अलीगढ़ एक तरह से मॉल लिंचिंग का सिलसिला चल रहा है। इसी के तहत पिछले दिनों रंगरेजन मोहल्ले में भी एक समुदाय विशेष के युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस किसी दबाव में कार्य कर रही है। एसपी सिटी ने हमें उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।अगर शीघ्र आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई। तो कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

सोशल मीडिया पर एक किशोर के साथ मारपीट करने का वीडियो वायरल हुआ था । उसके संबंध में थाना बन्ना देवी मैं रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई थी। आज कुछ लोगों ने मिलकर बताया है की घटना में कुछ अन्य लोग हैं। वह घटना के मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। जिस पर थाना पुलिस को निष्पक्ष कार्रवाई करने को आवश्यक निर्देश दिए गए और घटना के संबंध में कड़ी व निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

# 108 एंबुलेंस सेवा ने किया प्रशंसनीय कार्य



**अलीगढ़,।** हरदुआगंज की 108 एंबुलेंस पर एक एक्सीडेंट केस बहराम गाड़ी भारत पेट्रोल पंप के पास से आया और गाड़ी को घटनास्थल तक पहुंचने में लगभग 5 मिनट लगे ईएमटी ने घटना स्थल पर ही मरीज की अच्छे से देखभाल की इस दुर्घटना में मरीज के बांए पैर में गंभीर चोट आई ईएमटी बिजेंद्र ने रास्ते में रास्ते में मरीज के सभी वाइटल की जांच की और कुशलता पूर्वक जे एन मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया जहां पर मरीज की स्थिति अभी सामान्य है।इस संबंध में 102/108 एंबुलेंस सेवा के नोडल अधिकारी मोहम्मद अरशद जी ने बताया कि एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ से समय पर पहुंचकर घायलों की जान बचाई इसलिए दोनों एंबुलेंस कर्मी ईएमटी बिजेंद्र एवं पायलट हरकिशोर द्वारा सराहनीय कार्य किया गया जल्द ही जनपद स्तर से इन्हें सम्मानित किया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## डीएम को शिकायती पत्र देकर उठाई मार्ग निर्माण की मांग

**परियर (उन्नाव)।** विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर गंगातट पर जाने वाला मार्ग अपने खराब हालात के कारण लोगो के लिए निरंतर समस्या बना हुआ है। यह मार्ग, जो दाह संस्कार और गंगा स्नान के लिए महत्वपूर्ण है, लंबे समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। स्थानीय निवासियों और यात्रियों को यहां आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। 22 जुलाई से सावन माह शुरू होगा तो श्रद्धालुओं को भी समस्या होगी। क्षेत्रीय लोगो ने जिलाधिकारी गौरांग राठी व मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

बताते चलें कि बाबा बलखण्डेश्वर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष रवि शंकर मिश्रा ने जिलाधिकारी को इस आशय का एक शिकायती पत्र मंगलवार को देकर मार्ग बनवाने की गुहार लगाई है। परियर गंगातट का मार्ग न केवल धार्मिक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्रीय लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा भी है। गंगा स्नान और दाह संस्कार के लिए यहां आने वाले लोग अक्सर मार्ग की खराब स्थिति की शिकायत करते हैं। यहां की सड़कों पर गड्ढे और कीचड़ भरी स्थितियां हैं, जो बरसात के दिनों में और भी जटिल हो जाती हैं। इस स्थिति के चलते न केवल स्थानीय निवासियों को बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और आगंतुकों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यही हाल रहा तो सावन माह में श्रद्धालुओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

## मानवाधिकार परिषद् के जिला उपाध्यक्ष फिरोजाबाद को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया गया

**संगठन मे अनुशासनहीनता की कोई जगह नही- करतार सिंह पौनिया राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव**



**फिरोजाबाद-** मानवाधिकार परिषद् के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव करतार सिंह पौनिया ने फिरोजाबाद के जिला उपाध्यक्ष ब्राह्म किशन यादव को परिषद् से निष्कासित कर दिया है। राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव ने बताया कि यह कार्यवाही संगठन के नियमानुसार कार्य न करने और अनुशासन हीनता के कारण की गयी है। मानवाधिकार परिषद् के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव करतार सिंह पौनिया ने कहा कि संगठन मे अनुशासनहीनता की कोई जगह नही है , इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य मे भी होती रहेंगी।

## दिव्यांग ई-रिक्शा चालक को पुलिस ने पीटा

**अलीगढ़,।** थाना देहलीगेट निवासी दिव्यांग ई-रिक्शा चालक ने पुलिस कर्मियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। ई-रिक्शा चालक में बताया है कि वह अब्दुल करीम चौराहे पर सवारियां उतार रहा था इसी दौरान पुलिस कर्मियों ने उसके साथ मारपीट की और चौराहे पर ई रिक्शा खड़ा करने का विरोध किया। सोमवार की शाम वह अपना उपचार कराने जिला अस्पताल मलखान सिंह पहुंचा। जहाँ डॉक्टर के द्वारा उसको उपचार दिया गया।

## रिटायर्ड फौजी के ऊपर पेड़ गिरने से मौत

**अलीगढ़,।** थाना अतरौली इलाके के अतरौली में बाइक सवार रिटायर्ड फौजी के ऊपर अचानक पेड़ गिरने से फौजी की दर्दनाक मौत हो गई। गांव शेरपुर निवासी 55 वर्षीय राजाराम कुछ समय पहले ही फौज से रिटायर्ड हुए हैं। सोमवार रात्रि राजा राम अपनी बाइक से निजी काम से जा रहे थे। अतरौली पहुंचते ही अचानक एक पेड़ उनके ऊपर गिर गया जिसके बाद राजा राम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## किसानों की भूमि का नही मिला उचित मुआवजा

**अलीगढ़,।** एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में आई किसने की भूमिका अभी तक किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला। उचित मुआवजा न मिलने पर आज दर्जनों किसान डीएम कार्यालय पहुंचे और उनसे शिकायतकर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस दौरान किसानों ने जिलाधिकारी द्वारा कोई ठोस आश्वासन न दिए जाने की बात कही है।

किसानों ने बताया कि उन्होंने अपनी जीवन भर की कमाई से संपत्ति ली थी और अपना घर मकान बनाया था। किसानों का कहना है कि अब उनकी संपत्ति को एयरपोर्ट विस्तारीकरण में ले लिया गया है लेकिन उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। फिलहाल किसानों ने डीएम से मुलाकात करने आए की गुहार लगाई है।

## शिक्षण संस्थाओं से छात्रावास के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**अलीगढ़,।** जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावासों के निर्माण की केन्द्र प्रायोजित पीएम यशस्वी योजना के तहत राजकीय शिक्षण संस्थाओं यथा- मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेजों को प्राथमिकता देते हुये पॉलिटेक्निक, आई0टी0आई, महाविद्यालयों से छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव मांगे गये है। उन्होंने जनपद में स्थित समस्त राजकीय शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो एवं निदेशकों को सूचित किया है कि यदि आपके संस्थान को अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की आवश्यकता है, तो 4 प्रतियों में प्रस्ताव कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, कक्ष सं0 7 प्रथम तल विकास भवन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## मोबाइल छीना,पीछा करते में युवक की मौत

**अलीगढ़,।** थाना गभाना क्षेत्र के महरावल स्टेशन पर युवक मोबाइल पर बात करते ईएमयू पैसेंजर पर चढ़ रहा था, तभी उसका मोबाइल छीन कर एक भाग गया। उसके पीछे भागते में युवक नीचे गिर गया, जिससे वह घायल हो गया। मेडिकल में उसकी मौत हो गई। आज सुबह 6:30 बजे के लगभग महरावल रेलवे स्टेशन पर भुजपुरा कलवारी निवासी 18 वर्षीय एसी मैकेनिक जुबैर ईएमयू पैसेंजर ट्रेन पर मोबाइल कान पर लगाकर बात करते हुए चढ़ रहा था। तभी एक युवक मोबाइल छीन कर भागा। जुबैर उसे पकड़ने के लिए भागा। जुबैर अचानक सिर के बल जमीन पर गिर गया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे मैडिकल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

## पूरा टिकट बनाने पर परिचालक पर एक हजार जुर्माना

**अलीगढ़,।** रोडवेज बस में यात्री से अभद्रता करने और उसकी 10 वर्ष की बेटी का पूरा टिकट बनाने के मामले को एआरएम ने गंभीरता से लिया है। एआरएम ने परिचालक के वेतन से एक हजार रुपये काटने के निर्देश दिए हैं। साथ ही परिचालक के व्यवहार को लेकर चेतावनी दी है। अलीगढ़ के क्वार्सी निवासी इफ्तखार अहमद शनिवार को फाउंड्रीनगर डिपो की बस संख्या यूपी 78 जीटी- 8802 द्वारा बुलंदशहर से अलीगढ़ आ रहे थे। यात्रा के दौरान टिकट लेते समय परिचालक ने उनकी 10 वर्षीय पुत्री का पूरा टिकट मांगा। यात्री इफ्तखार अहमद ने बताया कि आधा टिकट लगना चाहिए। इसी बात को लेकर परिचालक व यात्री में कहासुनी हो गई। यात्री ने अपनी बेटी का आधार कार्ड दिखाते हुए वास्तविक आयु की जानकारी दी, लेकिन परिचालक ने नहीं माना। अभद्रता करते हुए पूरा टिकट बना दिया। इस मामले की यात्री ने आगरा के एआरएम से शिकायत की। एआरएम दिनेश कुमार यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए परिचालक के वेतन से एक हजार रुपये काटने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कठोर चेतावनी देते हुए परिचालक को मृदुल व्यवहार बनाने के लिए कहा है। चेतावनी दी है कि यात्री से अभद्रता की शिकायत मिलती है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## होटल में किशोरी के साथ दुष्कर्म

**अलीगढ़,।** थाना गभाना क्षेत्र में एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर होटल में ले गया और उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गभाना कस्बे के एक होटल में किशोरी को बहलाकर -फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने बताया कि कस्बे की 13 वर्षीय किशोरी से होटल में ले जाकर दुष्कर्म के आरोपी दुष्यंत कुमार निवासी रामपुर को 9 जुलाई की दोपहर तहसील तिराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## अधेड़ ने घर में ही फंदे से लटक कर दी जान



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** नगर में नानक चौकी क्षेत्र के मोश मुन्नूगंज नई बस्ती में एक अधेड़ ने घर में ही फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेजा है। मोहल्ला मुन्नूगंज नई बस्ती निवासी 50 वर्षीय विनोद कुमार सिंह अपने परिवार के साथ रहता था। उसकी पत्नी सीता नगर में खाना बनाने का काम करती है और मृतक खुद राजगीर मिस्त्री था।जिससे परिवार की गुजर बसर होती थी। मंगलवार को उसकी पत्नी सीता रोज की तरह नगर में खाना बनाने चली गई। छोटे बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। जब पत्नी वापस घर लौटी और अंदर गई तो उसकी चीख निकल गई। उसका पति पत्नी की साड़ी से गला कस तीन सेट में पड़े एंगल से फंदे से लटका था। जिसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाते ही आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेजा है।


## गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने गोला मे सभी बैको को किया चेक।

**बैको की सुरक्षा की द्रष्टि से बैको मे लगे वारलेश सिस्टम व सीसीटीवी कैमरो की जमीनी हकीकत को भी परखा।**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद पांडेय ने गोला के अन्तर्गत आने बाली सभी बैको को चेक कर चेतावनी भी दी है। प्रभारी निरीक्षक ने गोला की सभी बैको मे लगे वारलेश सिस्टम व सीसीटीवी व सुरक्षा के सभी इन्तजामों को भी परखा है। वही कोतवाल ने बैको के मैनेजरो को बताया कि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध रूप मे दिखे तो वह फौरन ही पुलिस को सूचित करे। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि यदा किसी भी बैकों मे कोई सुरक्षा कर्मी नही तैनात है तो वह हम लोगो को फौरन ही सूचित करे। हमारे थाने के गार्ड पहुचकर वहां की सुरक्षा सम्हाले गे।बैको के अन्दर लोगो से कहा कि वह भी लोग अपनी अपनी वाहनो को अच्छे से लाक कर सीसीटीवी कैमरो की निगरानी मे खडा करे।

## दहेज समाज के लिए एक अभिशाप है जो समाज में कुरीतियों को बढ़ावा देता है



**लखीमपुर खीरी।** दहेज समाज के लिए एक अभिशाप है जो समाज में कुरीतियों को बढ़ावा देता है, जिला प्रोबेशन अधिकारी दहेज प्रतिषेध अधिकारी लवकुश भार्गव नवागंतुक जिला प्रोबेशन अधिकारी दहेज प्रतिषेध अधिकारी लवकुश भार्गव ने बताया की विवाह के एक माह के अंदर वर एवं वधु को दी गई उपहार भेट की सूची उपहार का संक्षिप्त विवरण सहित और वधू द्वारा हस्ताक्षर सूची जमा किया जाना अनिवार्य हैं,दहेज से सम्बन्धित शिकायते किसी भी कार्यदिवस मे कार्यालय मे दी जा सकती है।जिला प्रोबेशन अधिकारी दहेज प्रतिषेध अधिकारी लव कुश भार्गव ने बताया कि दहेज समाज के लिए का अभिशाप है जो समाज में कुरीतियों को बढ़ावा देता है जिससे समाज में अप्रिय घटनाएं कारित होती रहती हैं दहेज लेना और देना दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है सभी के द्वारा इस कुरीति को समाप्त करने के लिए सार्थक प्रयास किए जाने की नितान्त आवश्यकता है।श्री भार्गव ने आगे बताया कि विवाह होने के दिनांक से एक माह के अन्दर वर एवं वधू को दी गई उपहार की सूची उपहारों का संक्षिप्त विवरण सहित वर और वधू दोनों द्वारा हस्ताक्षरित सूची कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी दहेज प्रतिषेध अधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर लखीमपुर खीरी में उपलब्ध कराना अनिवार्य है जनपद में दहेज सम्बधिन्त किसी प्रकार की शिकायत के लिए किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# ट्रैक्टर और मोटरबोट पर सवार होकर बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे डीएम- एसपी

**● डीएम-एसपी ने लिया ऑपरेशन का जायजा, बढ़ाया रेस्क्यू टीम का मनोबल**

**रतिया फॉर्म में फंसे 11 लोगो का एनडीआरएफ टीम ने किया रेस्क्यू, बाहर निकलने पर सभी ने टीम का जताया आभार**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी 09 जुलाई।** मंगलवार को तहसील निघासन की ग्राम पंचायत मुर्गहा के रतिया फॉर्म में विषम परिस्थितियों में फंसे 11 लोगों का प्रशासन कीअगुवाई में एनडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू किया। घटना की सूचना पर जिला मुख्यालय से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा रेस्क्यू स्थल के लिए रवाना हुए। डीएम-एसपी पहले कुछ दूर ट्रैक्टर पर सवार होकर और बाद में एनडीआरएफ की मोटरबोट से रेस्क्यू स्थल जा पहुंचे, जहां ऑपरेशन का जायजा लेकर रेस्क्यू टीम का मनोबल बढ़ाया। डीएम ने बाढ़ पीड़ितों से कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश है कि आपदा से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद की जाए। जन-धन की सुरक्षा शासन की प्राथमिकता है।

डीएम ने राहत व बचाव कार्यों का सघन पर्यवेक्षण कर फील्ड में कार्य कर रहे अधिकारियों, कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव व राहत कार्य के लिए प्रशासनिक अमले के साथ फ्लड की टीम, पीएसी, एनडीआरएफ और नागरिक सुरक्षा बल के जवानों को लगाया गया है। राहत व बचाव कार्य के संचालन के लिए सुरक्षा बलों के मोटर बोट के अलावा पर्याप्त संख्या में नाव भी लगाई गई है। प्रभावित लोगों को भोजन इत्यादि की समस्या न हो इसके लिए प्रत्येक तहसील में सामुदायिक रसोई के माध्यम से भोजन तैयार कर प्रभावित लोगों को पका पकाया भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

बताते चलें कि सूचना मिलते ही एसडीएम निघासन राजीव निगम ने एनडीआरएफ की टीम बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। एनडीआरएफ व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने 11 व्यक्तियों को रेस्क्यू कर बचाकर परिवार वालों के सुर्पुद किया तथा उनका चिकित्सीय परीक्षण कराये जाने के लिए स्वास्थ्य टीम को निर्देशित किया। एनडीआरएफ टीम कमांडर ने दो मोटर बोट, अपनी टीम के संग रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। तेज बहाव की कठिनाई को पार करते हुए टीम की बोट उन व्यक्तियों के पास पहुंची और उनको बोट में बैठाकर सुरक्षित निकालकर लाई। ऑपरेशन में कुल 11 व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया। बाहर निकलने के बाद सभी ने टीम का आभार व्यक्त किया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान उप जिलाधिकारी राजीव निगम के साथ लेखपाल, ग्राम प्रधान तथा प्रशासन के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक सूझबूझ से बची परशुराम की जिंदगी, तैराक ने बचाई जान

सोमवार शाम पलिया तहसील क्षेत्र सहकारी चीनी मिल संपूर्ण नगर कार्मिक परशुराम चीनी मिल से जैसे ही बाहर निकला। अचानक तेज बहाव में बहकर पेड़ में जाकर फस गया। इसकी सूचना पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल सहित राजस्व टीम को लगाया। लेखपाल और स्थानीय पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए तैराक को ट्यूब में बांधकर उसको बचाने के लिए भेजा। तैराक ने बहादुरी दिखाते हुए परशुराम की जान



बचाई।

### पटिहन के पांच किसानो के लिए मददगार बन प्रशासन, एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

तहसील पलिया के ग्राम पटिहन में सोमवार को पांच व्यक्ति खेत में काम करने गए थे, करीब शाम 05 बजे पानी बढ़ने पर निकटवर्ती झोपड़ी में शरण ली। जलस्तर बढ़ने पर काफी घबरा गए और मदद को लेकर प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीएम कार्तिकेय सिंह एनडीआरएफ की टीम लेकर जा पहुंचे, जहां कड़ी मशक्कत के बाद एसडीएम की अगुवाई में पांच व्यक्तियों को रात 12:00 रेस्क्यू किया जा सका। उसके बाद फंसे व्यक्तियों ने राहत की सांस ली, प्रशासन को शुक्रिया भी बोला। एसडीएम ने सभी पांच लोगों को उनके गांव भिजवाया।

### प्रशासन ने सुभाष नगर से गर्भवती महिला को कराया रेस्क्यू

मंगलवार को तहसील, नगर पालिका परिषद पलिया के सुभाषनगर मोहल्ले में गर्भवती महिला के फंसे होने की सूचना मिली। इसपर क्विक रेस्पॉन्ड करते हुए तहसीलदार आरती यादव ने बाढ़ पीएससी की मदद से बोट के जरिए रेस्क्यू कराया। प्रशासन ने गर्भवती महिला को अस्पताल में दवा दिलाई और उसके रिश्तेदार के घर भिजवाया, जहा वह कुशलता से है।

# पीलीभीत मण्डलाआयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने भारी बारिश के कारण माधौटांडा मार्ग के कटान का किया स्थलीय निरीक्षण

**● लोक निर्माण विभाग को पानी कम होते यातायात सुचारु करने के दिए निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**पूरनपुर** एवं कलीनगर तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण किसने की फसलों बर्बादी के कगार पर पहुंच गई है जो धान की रोपाई कर दी गई है ज्यादा पानी में दबे के होने के कारण पौधा सड़ने लगता है अधिक बारिश होने के कारण गांव क्षेत्र में पानी भरने का गोमती नदी घाटमपुर त्रिवेणी घाट उफ़ान पर है जिले में बैठक के दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा माधोटांडा मार्ग का किया निरीक्षण मौके पर मौजूद रहे अधिकारी मण्डलाआयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने भारी बारिश के कारण माधौटांडा मार्ग के कटान का किया स्थलीय निरीक्षण, किया और लोक निर्माण विभाग को पानी कम होते यातायात सुचारु करने के दिए निर्देश दिए बाढ़ की चपेट में आए लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के विशेष ध्यान के निर्देश

### भारी वर्षा से प्रभावित लोगों को नियमित भोजन, दवाईयां, पेयजल, प्रकाश की तत्काल की जाये व्यवस्था -मण्डलाआयुक्त

पीलीभीत डीएम, एडीएम,एसपी समेत कई अधिकारी रहे मौजूद।जाते हुए हाईवे टूट गया है जिसके कारण कई नगर तहसील क्षेत्र के कई गांव जलमग्न हो गए हैं बारिश के कारण पूरनपुर तहसील क्षेत्र के एवं तहसील क्षेत्र के कई गांव जल मग्न हो गए हैं और बाढ़ की स्थिति बनी हुई है लोगों के घरों में पानी भर चुका है किसानों के द्वारा लगाया गया चाइनीस स्थान डूब गया है लगातार बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दि है। पीलीभीत माधोटांडा हाईवे एन एच 730 का रास्ता बंद है पीलीभीत रेल पटरी बहजाने के कारण रेलवे आवागमन हुआ ठप था।

### पीलीभीत मंडलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में बाढ़ से निपटने हेतु बचाव कार्य की समीक्षा में गांधी सभागार बैठक हुई संपन्न

बैठक के दौरान उन्होंने बाड प्रभावित ग्राम के संबंध में जानकारी ली अपर जिला अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की पूरनपुर कलीनगर में लगभग 18 ग्राम प्रभावित हुए हैं अभी तक ग्रामों में किसी प्रकार की कोई जनहानि या पशु हानि नहीं हुई है बैठक के दौरान मंडल युक्त द्वारा बाढ़ प्रवाहित क्षेत्र का स्वास्थ्य विभाग की टीम में लगाई जाने के संबंध में जानकारी दी गई अपर जिलाधिकारी अवगत कराया गया की भारी वर्षा के कारण माधोटांडा रोड व गजरौला रोड कट गया है जिससे जलस्तर कम होने पर ठीक कराया दिया जाएगा बैठक के दौरान 82 नाविक 32 नांव और 58 गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है इसके साथ ही टीमों को सक्रिय कर दिया गया है जनपद बरेली से एन0डी0आर0एफ0 की टीम भी बुलाकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात कर दी गई है बैठक के दौरान मंडल युक्त द्वारा दिए गये बाढ़ प्रवाहित क्षेत्र में भोजन दवाइयां पेयजल प्रकाश आदि की व्यवस्था सुरक्षित कराई जाए इसके साथ ही निर्देश दिए गए की चिकित्सा अधिकारियों को गौशाला में भूसा एवं दवाइयां नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए नेटवर्क कंपनी अधिकारी संपर्क टावरों को संचालन करना सुनिश्चित किया जाए बैठक के उपरांत मंडल युक्त या पुलिस महानिरीक्षक द्वारा भारी वर्षा कारण माधव टांडा मार्ग के कथन का स्थलीय निरीक्षण किया गया उक्त मार्ग कटान जमुनिया खास के पास हो गया जिसके अब गया अब आगमन बंद हो गया है पानी का स्तर कम होने पर आवागमन को सुझाव रूप से चलने के निर्देश दिए गए हैं अधिशासी अभियंत विद्युत द्वारा अवगत कराया गया की पावर हाउस में पानी भर गया है गिर गए हैं जिसके कारण विवेक विद्युत व्यवस्था तप पड़ी है जल भराव की स्थिति कम होने पर छिद्र ही लाइन ठीक कराकर विद्युत विचार रूप से संचालित कर दिया जाएगा। बैठक के दौरान जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे अपर जिलाधिकारी (वी./रा. ) ऋतु पुनिया,मुख्य अभियंत विद्युत,मुख्य अभियंत लोक निर्माण विभाग ,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ,अधिशासी अभियंत लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंत विद्युत साहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगुल किशोर ने बीए तथा बी एड फाइनल के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए

स्वतंत्र प्रभात

**मितौली खीरी** विकासखंड मितौली स्थित बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में बतौर मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू , पूर्व राज्यसभा सांसद, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगुल किशोर की अध्यक्षता में बीए व बीएड फाइनल के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू की अध्यक्षता में 130 स्मार्टफोनों का वितरण किया गया जिसमें बीए फाइनल के 57 व बीएड फाइनल के 73 स्मार्टफोन वितरित किए गए छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि विद्या वह धन है जो न कभी बाटा जा सकता है ना कभी चुराया जा सकता है इसलिए समस्त धनो में सर्वोपर विद्या धन है इसलिए समस्त छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए और कक्षा में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगुल किशोर नें स्मार्टफोन पाने वाले क्षात्र छात्रोंओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह क्षेत्र लड़कियों की शिक्षा में पिछड़ा था इसलिए हमने एक क्षेत्र में और एक जिले पर सरैयां में दो महाविद्यालयों की स्थापना की जिससे क्षेत्र में गरीब कन्यायें, गरीब क्षात्र क्षात्रायें शिक्षा से वंचित न रहे और बच्चों को आशीर्वाद देकर मंगलमय भविष्य की कामना के साथ आगे की शिक्षा प्राप्त करने की शुभकामनाएं इस अवसर पर महा विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर कौशल कुमार पांडेय,



विजय प्रकाश मिश्र बाईकुआं, भाजपा महामंत्री मैगलगंज कमलाकांत, मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शमशाद अली, भाजपा के मीडिया प्रभारी सुरेश शुक्ल, पंकज कुमार, विद्यालय के छात्र और छात्राएं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पीलीभीत पूरनपुर ट्रांस शारदा क्षेत्र में एयर फोर्स ने संभाली कमान

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत पूरनपुर** ट्रांस शारदा क्षेत्र में एयर फोर्स ने संभाली कमान, तहसील क्षेत्र के गांव खिरकिया, बरगदिया में एयरलिफ्ट कर निकाला गया बाढ़ में फंसा युवक, फिलहाल बचाव कार्य जारी, एयर फोर्स के हेलीकॉप्टर मौके पर पहुंचे।, तहसील क्षेत्र के गांव खिरकिया, बरगदिया में एयरलिफ्ट कर निकाला गया बाढ़ में फंसा युवक, फिलहाल बचाव कार्य जारी, एयर फोर्स के हेलीकॉप्टर मौके पर पहुंचे।

ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में बाढ़ के पानी ने क्षेत्र के मार्गों पर पहुंचकर आवागमन प्रभावित कर दिया है। क्षेत्र के राणा प्रताप नगर-नहरोसा, राणाप्रताप नगर-चिरैया टोला, मुरैना गांधीनगर-अशोकनगर, नेहरु नगर-रामनगर, हजारा-सिद्ध नगर व नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी मार्गों पर दो से ढाई फुट तक पानी का तेज बहाव होने से ग्रामीणों के सामने आवागमन की समस्या खड़ी हो गई है। आवागमन के लिए नौका संचालन की मांग किया गया है।बनबसा बैराज से रविवार की रात लगभग सवा चार लाख क्यूसेक पानी शारदा नदी में छोड़े जाने से शारदा नदी में उफान आ गया और देखते ही देखते बाढ़ के पानी ने दर्जनों गांव को अपने आगोश में लेते हुए तांडव मचाना शुरू कर दिया जिससे ग्रामीणों में हाहाकार मच गया है।नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिद्धनगर, टिब्भा, बाजार घाट, बैल्हा, धर्मपुरी, राघवपुरी, आजाद नगर, कंबोज नगर, टाटरगंज में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है जिससे ग्रामीणों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है तो तमाम लोग बाढ़ के पानी में फस गये थे जिन्हें एनडीआरएफ जवानों एवं हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार एवं हजारा पुलिस टीम के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इधर ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव नहरोसा, राणाप्रताप नगर, चिरैया टोला, राजीवनगर, श्रीनगर, भरतपुर, नेहरु नगर, आजाद नगर, मुरैना गांधीनगर, हजारा थाना



परिसर आदि गांव में भी बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण अपना-अपना सामान व मवेशियों को लेकर सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर जाते देखे गए। पूरनपुर तहसील के उपजिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला नायब तहसीलदार रिषी दीक्षित राजस्व लेखपाल आशिष निषाद, भूपेंद्र शर्मा, नरेश चंद्र गंगवार, श्याम मौर्या एवं पूर्ति विभाग सहित अन्य कर्मचारी बाढ़ बचाव कार्य में जुटे रहे तो वहीं तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को वितरण करने के लिए लंच पैकेट तैयार कराया गया।

# बीएसएनल का अगस्त में पूरे देश को 4 G से जोड़ने का दावा यथार्थ या हवा हवाई

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** सार्वजनिक क्षेत्र की टेलीकॉम कंपनी बीएसएनल किसी समय में अपनी एक साख रखती थी लेकिन इसके अधिकारियों कर्मचारियों ने कालिदास वाला काम करके न सिर्फ कंपनी के साख को बट्टा लगाया बल्कि पूरी कंपनी ही ध्वस्त कर डाली कहने का तात्पर्य यह है कि यह सब जिस डाल पर बैठे अर्थात जिस कंपनी में काम कर रहे थे जिसका तनख्वाह रिश्वत खा रहे थे फिर भी पेट नहीं भरा नतीजा सबके सामने आया कि आज अगर टेलीकॉम क्षेत्र में अगर कोई सबसे खराब नेटवर्क की कंपनी जनता की निगाह में है तो उसका नाम बीएसएनल बताया जाता है बीएसएनएल के सिम को लेना भी अब कोई पसंद नहीं करता क्योंकि व्यक्ति यह सोचता है कि उसने सिम तो ले लिया लेकिन नेटवर्क कहां से आएगा। बीएसएनएल के अधिकारी जो यह दावा करते नहीं थकते कि हम दिन रात मेहनत कर नेटवर्क को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं और 4G की स्पीड में ही 5G का मजा देंगे अर्थात् उनका नेटवर्क सेमी 5 G होगा लेकिन उनका यह दावा यथार्थ के धरातल पर कहां तक सत्य है यह सिर्फ बीएसएनल का सिम चलाने वाले ही जानते हैं सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की सरकार के काम काज का अधिकतर दारोमदार बीएसएनएल के नेटवर्क पर ही आधारित है अर्थात सभी सरकारी काम बीएसएनल के फोन व इंटरनेट पर ही डिपेंड है परंतु बीएसएनल अपने आप में कब सुधार कर पाएगा यह एक यक्ष प्रश्न है ?

लखीमपुर शहर में बीएसएनएल के खराब नेटवर्क के बारे में जब जानकारी बीएसएनएल से की गई तो पता चला कि अभी भी बीएसएनल का शहर में अपग्रेड करने का कोई प्लान नहीं है अभी देहात क्षेत्र को अपग्रेड किया जा रहा है ऐसे में सवाल यह उठता है की बीएसएनल जिस पर अधिकारियों के भी फोन और इंटरनेट डिपेंड है से जनता को कैसे राहत मिल पाएगी हालांकि अधिकांशत अधिकारी और कर्मचारी वर्ग दूसरे नेटवर्कों पर अपना व्यक्तिगत काम चला रहे हैं जिम शायद बीएसएनएल के वर्तमान अधिकारी कर्मचारी उभर रिटायर अधिकारी कर्मचारी भी शामिल होंगे दूसरे नेटवर्क जो आवश्यक जी की तैयारी में है वही बीएसएनल अगस्त माह में पूरे देश में अपने 4G नेटवर्क का कंप्लीट कर लेने का दावा करता है शहरों में अभी बीएसएनल नेटवर्क को अपग्रेड न करने के बारे में जो सरकारी पॉलिसी बताई जा रही है उससे तो




ऐसा लगता है की क्या अगस्त माह में भी पूरे देश में 4G नेटवर्क चल पाएगा या फिर यह दावा भी केवल हवा हवाई ही साबित होगा। क्योंकि जब शहर के निवासी 4G की जगह पर कभी 2G कभी 4G कभी 4G कभी 4त्न नेटवर्क चलाएंगे तो बीएसएनल अधिकारियों का यह दावा कंप्लीट कैसे माना जा सकता है। इधर जब प्राइवेट सेक्टर की टेलीकॉम कंपनियां जिओ एयरटेल आदि ने अपने रिचार्ज प्लान में काफी इजाफा किया तो लोगों ने अभियान चलाकर लाखों नंबर बीएसएनल में पोर्ट कराए लेकिन अब बीएसएनल उनके विश्वास को बनाए रख पाता है या फिर प्राइवेट कंपनियों से सांठ गांठ कर उपभोक्ताओं के विश्वास को तोड़ते हुए पुनः अपने ढर्रे पर ही चलेगा यह भविष्य के गर्भ में है ?

# भदपुरा विकासखंड का गांव जरपा मोहनपुर बना टापू कोई सुविधा नहीं।

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**जनपद का सीमा बर्ति ग्राम जरपा मोहनपुर दो नदियों के मध्य में मैं फंसा हुआ है एक तरफ देवहा नदी दूसरी तरफ नौला नदी दोनों नदियों का पानी इस गांव को घिरे हुए हैं जिसके कारण इस गांव का आबा गवन पूरी तरह बंद हो गया है इस गांव के लिए प्रशासन ने कोई भी व्यवस्था नहीं की है जिसके कारण गांव की जनता अपने सुविधा की वस्तुओं को प्राप्त कर सके इस गांव के दोनों तरफ पांच-पांच किलोमीटर से अधिक दूरी तक पानी भरा हुआ है। जिसके कारण इन लोगों का जीवन अब केवल राम के भरोसे ही बच्चा है यहां पर कोई नाव की भी व्यवस्था प्रशासन द्वारा नहीं की गई गौर किया जाए तो इस गांव तक जाने के लिए पहले भी कोई रास्ता नहीं थी परंतु वर्षा ऋतु में अब नदियों ने इसे अपने घेरे में दबोच कर बंधक बना लिया है यहां के ग्रामीण प्रशासन की तरफ अपनी निगाहें जमाए बैठे हैं परंतु प्रशासन ने इधर कोई भी अपना रुख नहीं किया है जिसके कारण वह अपेक्षित होकर बैठे हुए हैं। ज्ञात रहे लोकसभा चुनाव में इस गांव में रास्ता न होने के कारण मतदान का भी बहिष्कार किया था परंतु ग्राम प्रधान समेत मात्र तीन वोट पड़े थे इस ग्राम पंचायत में प्रवेश करने के लिए अधिकारियों को चल यात्रा करनी पड़ेगी इस गांव को देखने के लिए एक बार यहां के जिलाधिकारी सीताराम मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीके मौर्य मदर बोर्ड के



सहारे अमीर नगर से देव नदी में चलकर इस गांव पहुंचे थे और उन्होंने सुविधा मुहैया कराई थी उसके बाद से आज तक किसी भी अधिकारी ने गांव के सैलाब में घिरने के बाद जाने की हिम्मत नहीं जुटा है जिसके कारण अपेक्षित ग्रामीण हाथ पैर हाथ भरे बैठे हैं।

# मैलानी-पलिया रेलखंड पर बाढ़ के पानी से रेल ट्रैक क्षतिग्रस्त, ट्रेनें निरस्त

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** जिले में बाढ़ से स्थिति विकराल हो गई है। मैलानी-पलिया रेलखंड पर भीरा-अतरिया के करीब रेलवे लाइन शारदा नदी की बाढ़ में बह गई। करीब 50 मीटर रेलवे लाइन पानी में बह गई है। इसके कारण इस रूट की दो जोड़ी ट्रेनों को 11 जुलाई तक निरस्त कर दिया गया है। अतरिया के पास रेल लाइन के नीचे शारदा का पानी सोमवार की शाम बहने लगा था। रात में बाढ़ के पानी में रेलवे लाइन बह गई। आसपास के इलाके में पानी ही पानी दिखाई दे रहा है।

### इन ट्रेनों को किया गया निरस्त

एनई रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, मैलानी-नानपारा खंड पर संचालित सभी चारों गाड़ियों- 05361 नानपारा-मैलानी, 05356 मैलानी-नानपारा, 05362 मैलानी-नानपारा, 05355 नानपारा-मैलानी पैसेंजर को 11 जुलाई तक निरस्त कर दिया गया है। ट्रेनें बंद होने से इस रूट के यात्रियों को आवागमन में परेशानी होगी।

### पुलिया बहने से हवा से लटक गई थी रेल पटरी

बारिश और बनबसा बैराज से छोड़ा गया पानी रेलवे ट्रैक पर भी कहर बरपा रहा है। सोमवार को मैलानी-पीलीभीत रेलखंड के शाहगढ़ और संदेई हॉल्ट के बीच किमी नंबर 241 बंगला गांव के पास बनी रेलवे की एक पुलिया पानी में बह गई थी। जिससे रेल पटरी हवा में लटक गई। यहां बता दें कि रेल मंत्रालय ने हाल ही में मैलानी से पीलीभीत के बीच तीन नई पैसेंजर ट्रेनें चलाने के साथ ही लखनऊ-शाहगढ़ पैसेंजर का विस्तार पीलीभीत तक



करने की स्वीकृति दी थी। रेलवे बोर्ड से चार जुलाई को निर्गत पत्र भी संबंधित अधिकारियों को जारी हुआ था। इससे पीलीभीत तक ट्रेनें जल्द चलने की उम्मीद थी। शाहगढ़ और संदेई हॉल्ट के बीच पुलिया बह जाने से उम्मीदें फिलहाल धूमिल हो गई हैं। आरवीएनएल से जुड़े जानकारों का कहना है कि पुलिया के पास जाने का रास्ता न होने से उन लोगों ने ही बमुश्किल पुलिया बनाई थी। लिहाजा बारिश के मौसम में पुलिया बनाकर ट्रैक को फिट करना अब आसान नहीं होगा।

# देवहा नदी में आई बाढ़ से अनेकों गांव बने टापू डीएम ने किया दौड़ा

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत सीमा पर बह रही देवहा नदी मैं नानक सागर बांध से छोड़े गए पानी ने अपना कहर बरसाना शुरू कर दिया जिसके कारण नदी के पानी से गांव चारों तरफ से गिर गए और उनका संपर्क टूट गया इसी क्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों का जायजा लिया परंतु वह भी पीड़ितों तक पहुंच नहीं पाए क्योंकि रास्ता में पानी का बहाव इतना तेज था जिसके कारण आबा गबन बंद हो गया है।

नवाबगंज बरखेड़ा मार्ग पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया ताकि उधर से कोई भी निकलने का प्रयास न करें इसी तरह अमीर नगर ग्राम पंचायत का भी संपर्क नदी के पानी होने के कारण टूट गया है यहां के पुल पर बनाई गई सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही थी जिसके लिए प्रशासन से मदद की मांग की गई परंतु कोई भी मदद उपलब्ध न होने पर ग्रामीणों ने स्वयं मोर्चा संभाला और समाचार लिखे जाने तक वह सड़क पर मिट्टी डालकर पानी के बहन को रोकने का प्रयास कर रहे थे।

इधर देवहा नदी का पानी बाहर जागीर अब्दुल ला बडेपुरा अमीर नगर गु लड़ाई सिलरा नवदिया नगमा भगवंतपुर पेहना समेत अनेकों गांव नदी के सैलाब से गिर चुके हैं जिसके कारण इन ग्रामों का आवागमन बंद हो गया है प्रशासन द्वारा पानी में फंसे ग्रामीणों के बचाव के लिए समाचार लिखे जाने तक कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है जब के बताया जा रहा है सिलरा और जारपा के बीच में



फार्म हाउस में पानी घुसने के कारण तीन लोग नदी के पानी से गिर गए हैं। उन्हें भी समाचार लिखे जाने तक बाहर निकाला नहीं जा सका जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी वित्त संतोष कुमार सिंह एसडीम नवाबगंज मलका नए प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया परमेश्वरी पुलिस बल के साथ मौजूद थी।

# यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान 50 वाहनों का चालान

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** आगामी सावन मेला और मोहर्रम त्यौहार को देखते हुए कोतवाली पुलिस के साथ ही यातायात पुलिस भी सक्रिय होती है। सदर चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर पांच दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया गया। यातायात पुलिस की कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। खासकर ई रिक्शा वाले गलियों से होकर निकलते देखे गए। मंगलवार को सदर चौराहे पर टीएसआई योगेन्द्र सिह,मुख्य आरक्षी अनिल कुमार ने वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया।बिना हेलमेट,बिना सीट बेल्ट और फर्राटा भर रहे लगभग पचास वाहनों का चालान किया गया है। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान बाइक चालक और ई रिक्शा चालक सदर चौराहा नहीं गए गलियों से होकर इधर-उधर आते-जाते देखे गए।



# संक्षिप्त ख़बरें

## भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक सम्पन्न समस्याओं को लेकर दिया मांग पत्र।

**मनकापुर गोण्डा-** भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक प्रदेश महासचिव किसन बिहारी वर्मा की मौजूदगी मे बिकास खण्ड परिसर मे सम्पन्न हुई। जिसमे किसानो की समस्याओं को लेकर खण्ड विकास अधिकारी बभनजोत के नाम 5 सूत्रीय मांग पत्र खण्ड विकास अधिकारी बभनजोत के द्वारा नामित कर्मचारी को सौप कर कार्यवाही की मांग किया। मांग पत्र मे किसानो को सिचाई के लिए मोटर कनेक्शन दिया जाय, छुट्टा जानवर को पकड़वाकर गौशाला मे डाला जाय, ब्लॉक परिसर मे छायादार वृक्ष लगाया जाय, कोटेदारों के द्वारा राशन वितरण मे प्रति कार्ड पर 5 किलो राशन कम दिया जाता हैं इस पर रोक लगाया जाय। गौरा चौकी, गिन्नी नगर खोड़ारे आदि जगहों पर रोड के किनारे नालीया बनाई गयी हैं सफाई कर्मी के द्वारा सफाई कराया जाय। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राम सरन वर्मा, हसीब अहमद, बेचू खान, त्रिभुवन प्रसाद वर्मा कनिक राम सहित अधिकांश पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## नव-नियुक्त लेखपालों को 10 जुलाई को नियुक्ति-पत्र किया जायेगा वितरित

**कौशाम्बी।** जनपद में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल चयन परीक्षा-2022 के आधार पर लेखपाल पद के लिए चयनित एवं संस्तुत लेखपालों को दिनांक 10 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे लोकभवन, लखनऊ में आयोजित समारोह में नियुक्ति-पत्र वितरित किया जाना प्रस्तावित हैं। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जायेगा। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड ने देते हुए नव नियुक्त लेखपालों को दिनांक 10 जुलाई 2024 को प्रातः 10 बजे उदयन सभागार में नियुक्ति-पत्र का वितरण किया जायेंगा। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को नव-नियुक्त लेखपालों सहित सभागार में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए 15 अगस्त तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** जनपद में राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए जनपद स्तर पर आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये गये हैं। यह जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र यथा-खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय, एवं वाचनालय की स्थापना एवं सचालन, जैविक खेती, सौर उर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, सरक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसाधन, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढावा देना, पर्यटन, पारम्परिक चिकित्सा, सकिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में विगित 03 वर्षो में (दिनांक 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2024) उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए दिनांक 15 अगस्त 2024 तक आवेदन कर सकतें हैं। आवेदन फार्म किसी भी कार्य दिवस में जिला युवा कल्याण कार्यालय, मंझनपुर से प्राप्त कर सकते हैं।

## सविता धर्मार्थ ट्रस्ट ने वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारंभ।



**करछना प्रयागराज।** करछना प्रयागराज से संचालित सविता धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ आज मिश्र बंधु जी महाराज ने अपने आवास पर आम पीपल,आंवला अनार नीम बरगद आदि का पेड़ लगा कर किया। ट्रस्ट के सचिव शिवम पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण बहुत आवश्यक है, लेकिन यह बिना जनभागीदारी के संभव नहीं है। आइये हम सब मिलकर एक वृक्ष लगायें और पर्यावरण के प्रति अपना योगदान दें।इस दौरान शुभम तिवारी, आयूष मिश्रा, सोनू ओझा, सर्वेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## नवागत जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया चार्ज ग्रहण

**कौशाम्बी।** जनपद में नवागत जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने चार्ज ग्रहण किया वह 2015 से लगातार जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे हैं उनका गृह जनपद बलरामपुर है उनकी प्रथम नियुक्ति मुरादाबाद और अम्बेडकर नगर होते हुए मुजफ्फरनगर से होते हुए कौशाम्बी में लगातार 6 वीं बार जिला पंचायत राज अधिकारी के रूप में नियुक्ति हुई है उन्होंने कहा कि उनकी प्रथम प्राथमिकता ओडीएफ प्लस होना है पूरे जनपद को ओडिएफ प्लस रखना होगा और सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत अभियान मिशन के तहत सफाई के साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं को हर गरीब व्यक्ति को लाभ पहुंचाने में प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी सभी ग्राम पंचायत को सही से देखरेख की व्यवस्था करेंगे जिससे सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कामयाब हो सकें।

# सहायक अध्यापिका व उनके पुत्र अयांश आर्या ने जीता इंडियाज़ टॉप मॉडल का ख़िताब।

**● - प्रयागराज के शिक्षक समुदाय का नाम किया रोशन।**

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** देश के प्रतिष्ठित अग्रवाल प्रोडक्शन हाउस की तरफ़ से जयपुर के ज्वैल्स रिसॉर्ट एंड बैंक्वेट में 29 जून से 09 जुलाई तक आयोजित "इण्डियास टॉप मॉडल सीजन -6" प्रतियोगिता में प्रयागराज के बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत चाँदनी ने देश भर से शामिल प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए "मिसेज वर्ग" में जीत हासिल करते हुए इंडियास टॉप मॉडल का ख़िताब हासिल किया । उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को विभिन्न चरणों में अपनी योग्यता का प्रदर्शन करना था , सभी चरणों में चाँदनी ने उत्कृष्ठ क्षमता का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

इसी प्रतियोगिता के "किड्स बॉयज़ मिस्टर सीनियर वर्ग" में भाग लेते हुए इनके पुत्र मास्टर अयांश आर्या ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए "मिस्टर यूनिवर्स" का ख़िताब अपने नाम दर्ज किया। जीत के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए चाँदनी ने अग्रवाल प्रोडक्शन हाउस के डायरेक्टर आकाश मित्तल व उनकी पूरी टीम को धन्यवाद अर्पित किया । साथ ही चाँदनी ने उनके यहाँ तक पहुँचने में सहयोग किए सभी परिवारजन व साथियों को भी धन्यवाद अर्पित किय।

चांदनी नेअपनी जीत उन सभी नौकरी पेशा महिलाओं को समर्पित की जो नौकरी के कारण प्रतिभावान होते हुए भी ऐसी प्रतियोगिताओं में शामिल नहीं हो पाती। उल्लेखनीय है कि चांदनी प्रयागराज के बहादुर पुर ब्लाक में प्राथमिक विद्यालय मोती नगर में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत है।उनके पति लखनऊ में बैंक कर्मचारी है।



चांदनी की इस उपलब्धि पर प्राथमिक शिक्षक गदगद है। फूलपुर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश मिश्र तथा जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनोद पांडे ने चांदनी को बधाई देते हुए कहा कि चांदनी ने शिच्छको का सम्मान के साथ प्रयागराज का सम्मान बढ़ाया है।

# डिजिटल हाजिरी के विरोध में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ फूलपुर के पदाधिकारियों की बैठक बीआरसी भवन फूलपुर में ब्लाक अध्यक्ष दिनेश चंद्र मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन समाज को गुमराह कर रहे हैं कि शिक्षक आनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। जबकि कई वर्षो से शिक्षकों की लंबित मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।शिक्षक आज मजबूर होकर आंदोलन के लिए विवश हुआ है।

हमारी हाफ सीएल, ईएल, मेडिकल सुविधा, पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली की मांग को अनसुना किया जा रहा है।संघ की मंत्री रानी देवी ने कहा वर्तमान परिस्थितियों में डिजिटल हाजिरी लगाना संभव नहीं है।हम सभी इस व्यवस्था का विरोध करते हैं।

सभी ने एक स्वर में प्रदेश नेतृत्व दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में आंदोलन को जारी रखने और शिक्षक हितों के लिए हर लड़ाई लड़ने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में कोषाध्यक्ष अतुल, अवधराज, अवधेश कुमार त्रिपाठी, आलोक सिंह, आभारानी गुप्ता, विभाग सिंह,शिखा पांडेय, कमलेश कुमार त्रिपाठी, अलका भारती, सुनील तिवारी, रामबहादुर, मनोज, जंगबहादुर, मुनीश्वरम गुप्ता, अमित कुमार दुबे, नीरज सिंह, दिनेश



कुमार मौर्य, अवधेश कुमार, अमृतलाल, जयप्रकाश, कृष्ण बाबू गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव पर पाम एकेडमी के छात्र छात्राओं ने रैली निकाली

**● - लोगो को किया गया जागरूक।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** द पाम एकेडमी स्कूल करेलाबाग परिसर से बन महोत्सव के उपलक्ष्य में जनता को हरे वृक्ष लगाने के उद्देश्य से जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई इस मौके पर स्कूल की उपप्रधानाचार्य मोहम्मद सगीर ने कहा की हम सभी लोगो को मिलजुलकर हरे वृक्ष का पेड़ लगाना चाहिए जिससे सभी को शुद्ध वातावरण मिल सके और जो ऑक्सीजन देने वाले पेड़ है उसको ज्यादा से ज्यादा लगाना चाहिए।

प्रधानाचार्य सालेहा मदनी ने छात्रों को बन महोत्सव के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा की इस दिन को मानने से पारंपरिक मूल्य को बनाए रखने और और प्राकृतिक के महत्व को सिद्धिड करने में मदद मिलती है

उन्होंने क्लास 5और क्लास 8 वो तक के बच्चों को बन महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए। सफलता पूर्वक रैली निकाली इस अवसर पर थाना करेली की पुलिस फोर्स ने भी भाग लिया सभी पुलिसकर्मी द्वारा एक एक पेड़ लगाकर कहा की बन महोत्सव के बारे में




भारत की जो पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन शैली और पराकिरतिक आपदाओं से भी बचाने का काम करता है बन महोत्सव की रैली स्कूल से करेली के फोर सीजन तक गई।

# बारा में ट्रक चालकों की सांठगांठ से चल रहा नकली सीमेंट का कारखाना

**● - बंजरग दल की आड़ में माफिया सक्रिय।**

स्वतंत्र प्रभात

**बारा प्रयागराज।** बारा क्षेत्र के अन्तर्गत इन दिनों कुछ ट्रांसपोर्टर बजरंग दल का चोला ओढ़ कर नकली सीमेंट का कारखाना चला रहे हैं।समाज से जुड़े कुछ स्वाभिमान लोगों ने अब इस कारोबार से जुड़े संगठन के लोगों की जड़े खोदने लगी है।इसका नेटवर्क इतना तगड़ा है कि इनका काला करोबार सालों से चल रहा है और किसी को इसकी भनक तक नही लगी।क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि लोहगरा व कापरी के कुछ लोग बजरंग दल का चोला ओढ़कर फैक्ट्री के कर्मचारियों व ट्रक चालको की सांठगांठ करके नकली सीमेंट बनाने का कारोबार कर रहें है।ट्रक चालकों से सांठगांठ करके आमतौर पर दूसरे राज्य जाने वाले ट्रकों से सीमेंट उतार कर मिलावट करते है।और 200 बोरी की 400 बोरी बनाकर उसे वापस ट्रक में लोड करवा देते हैं।और ट्रक चालक उसे लेजाकर सम्बंधित जगह अनलोड कर देता है।इतने निर्जन स्थान में मिलावट खोरी का प्लांट खोल रखे हैं कि वहां आमतौर पर कोई जाता भी नही।यही कारण है कि बजरंग दल से जुड़े लोहगरा व कापरी गांव के लोगों ने सालों से प्रशासन की आँखों मे धूल झोंक रहें हैं।नकली सीमेंट के इस कारोबार में फैक्ट्री के कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध पाई जा सकती है। सालों से मिलावट खोरी का कारोबार चल रहा है और बाकायदा सीमेंट बेची जा रही है लेकिन कंपनी द्वारा अधिकृत कर्मचारियों को इसकी भनक भी नही लगी। *ऐसे तैयार करते हैं नकली सीमेंट* बताया जाता है कि उक्त लोगों द्वारा ट्रक चालकों व फैक्ट्री कर्मचारियों से सांठगांठ कर फैक्ट्री से सीमेंट मंगवाते हैं। निर्जन स्थान पर लाकर मिलावट करते हैं ,बोरी से आधी बोरी सीमेंट निकालकर उसमें राखड़ मिला देते हैं। ऐसे में एक बोरी से दो बोरी नकली सीमेंट बना देते हैं।जिसे बारा क्षेत्र के अलावा अन्य जिले में भी सप्लाई करते हैं। इस नकली सीमेंट का सबसे ज्यादा इस्तेमाल शासकीय निर्माण कार्यों में होना निश्चित माना जा सकता है। आखिरकार मिलावटी सीमेंट के इस कारोबार में शामिल लोगों की पहचान कर प्रशासन खुलासा कर गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरफ्तार करेगी या अपना हिस्सा खंगालेगी।



# भारतीय किसान यूनियन का फूलपुर तहसील पर धरना प्रदर्शन

**● - तहसील प्रशासन को सोपा ज्ञापन।**

स्वतंत्र प्रभात

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए समस्याओं को निरसत्रण करने के लिए तहसील प्रशासन को मांग पत्र सौंपा जिसे शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। मंगलवार को पूर्व सूचना के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के फूलपुर युवा तहसील अध्यक्ष हरिगोबिंद के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया जिसमे सिलोखरा गांव के किसान बैजनाथ के ऊपर बहरिया थाने में दर्ज फर्जी मुकदमे को वापस करना,मुबारकपुर नेवादा के किसान कमलेश कुमार के खेत का सीमांकन करना,पाली गांव में रास्ते के विवाद में राजस्व टीम द्वारा उदासीनता बरतना चिरौडा और देवरिया गांव के किसानों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारण कराए जाने को लेकर तहसील प्रशासन को मांग पत्र सौंपा गया।



इस दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने तहसील प्रशासन को चेतावनी दिया की उपरोक्त समस्याओं को यदि शीघ्र निस्तारण नहीं किया गया तो किसान यूनियन बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगा। इस मौके पर किसान यूनियन के महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा,विधि सलाहकार अशोक कुमार,मंडल अध्यक्ष लालचंद्र यादव,हंडिया तहसील अध्यक्ष नकुल पटेल,सचिव उमा देवी सहित बड़ी संख्या में किसान यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज द्वारा पुलिस लाइन्स का किया गया वार्षिक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 09.07.2024 को पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज प्रेम गौतम के द्वारा जनपद का वार्षिक निरीक्षण किया गया इस दौरान पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में परेड की सलामी ली गयी तथा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया एवं टोली वार ड्रिल व शस्त्राभ्यास की कार्यवाही करायी गयी। परेड के उपरान्त महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द पर सलामी ली गई तथा गार्द का निरीक्षण किया गया।

तत्पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन्स परिसर स्थित विभिन्न शाखाओं ( यातायात कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, शस्त्रागार,



परिवहन शाखा, पुलिस कैंटीन, डायल 112 व जिला नियन्त्रण कक्ष ) का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तद्उपरान्त पुलिस लाइन्स के बैरक, पुलिस पारिवारिक आवास व जिम का निरीक्षण किया गया एवं पुलिस कर्मियों के मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई व भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया। शौंचालय/स्नानागार का



निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई हेतु निर्देश दिए गए। पुलिस लाइन्स परिसर में नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को निर्धारित अवधि में मानक अनुरुप/गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा पुलिस लाइन्स परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का सन्देश दिया गया।

# चौपाल लगाकर डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**● - ग्रामीणों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान करायें अधिकारी - डीएम**

**जनता की समस्या में लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात

बृजभूषण तिवारी

**ब्यूरो गोण्डा।** मंगलवार को डीएम नेहा शर्मा ने मनकापुर ब्लाक की 6 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर गांव में हो रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को जाना। डीएम ने गांव में विकास कार्यो का सत्यापन भी कराया तथा जहां खामियां मिली, उन्हें तुरंत दुरूस्त कराए जाने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने कई समस्याएं डीएम के समक्ष रखी जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने ग्राम सिसवा, बैरीपुर रामनाथ, मऊ, मिश्रौलिया गोसाई, पटीठ, भिटौरा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया है। डीएम ने चौपाल लगाकर गांव में कराए गए विकास कार्यो की समीक्षा के



साथ-साथ ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। डीएम ने ग्रामीणों से बात कर गांवों में हो रहे विकास कार्यों की हकीकत को जाना और जहां खामियां मिली उन्हें तुरंत दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम ने गांव में संपर्क मार्ग, विद्युत व्यवस्था, ग्राम निधि से कराए गए कार्य, सभी प्रकार की पेंशन, मनरेगा, समूह, आवास तथा अन्य योजनाओं का लाभ देने के भी निर्देश दिए। डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए गांव में खराब हैंडपंपों को ठीक कराने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत बन रहे शौचालय, पात्र लाभार्थियों की पेंशन बनवाने व जो अन्य कार्य होने हैं, उन्हें जल्द पूरा करने की भी हिदायत दी। जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि अगर कार्यों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होगा तो लापरवाही मानते हुए उन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



**जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सिसवा के प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।**

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि किसी कर्मचारी या किसी अधिकारी द्वारा जनता की समस्या को समाधान में जरा सी भी लापरवाही बरती गई तो लापरवाह कर्मचारी अथवा अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी मनकापुर, जिला विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खंडविकास अधिकारी मनकापुर, सभी ग्रामों के राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव, सहित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कूड़ा अपशिष्ट पदार्थ केंद्र निर्माण में जमकर खेल खेला गया जिससे एक भी बारिश का दंश नहीं झेल पाई और दिवारे फट गई

स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** गांवों को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार के द्वारा कूडा प्रबंधन इकाई केंद्र का निर्माण गांवों में कराया जाने का शासनादेश जारी किया गया था लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कूड़ा अपशिष्ट पदार्थ केंद्र निर्माण में जमकर खेल खेला गया जिससे एक भी बारिश का दंश नहीं झेल पाई और दिवारे फट गई जिसका विडियो ग्रामीणों ने बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर भ्रष्टाचार की पोल खोल रहें हैं। मामला विकासखंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत पिपरा चौबे में कूड़ा-करकट प्रबंधन इकाई केंद्र का निर्माण लगभग एक माह पहले ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी में लाखों रुपए खर्च कर कराया गया था लेकिन क्षेत्र में भारी बारिश होने पर लाखों रुपए खर्च कर निमार्ण कराएं गए केंद्र की दीवारों में दरारें पड़ गई। मानक विहीन साम्रगी का प्रयोग कर निमार्ण कराएं गए केंद्र की हकीकत वया करने लगे जिसका विडियो ग्रामीणों ने बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। ग्रामीण वेद प्रकाश ने बताया कि कूड़ा केंद्र के निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है जिसमे मानक विहीन साम्रगियो का प्रयोग हुआ है जिसका उदाहरण एक भी बारिश का दंश नहीं झेल पाया और जगह जगह दीवारों में दरारें पड़ गई जो भ्रष्टाचार की पोल खोल रहें हैं। स्वच्छ अभियान तहत स्वच्छ गांव के अंतर्गत



ठोस व तरल अपशिष्ट इस केंद्र में एकाकृति करना था।इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी से संपर्क किया गया लेकिन पक्ष से जानकारी नहीं मिल सका।

# किसानों की गोल्डन कार्ड आईडी बनाकर फार्मर रजिस्ट्री की जायेगी तैयार

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में अब किसानों का गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगे अभी तक किसानों की भूमि का एक जगह कोई रिकार्ड नहीं होता हैं। अब सभी किसानों की आईडी बनेगी। उनकी इंच-इंच भूमि का रिकार्ड बनाकर गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा, जिसमें किसान के नाम दर्ज भूमि का पूरा डाटा होगा। पारदर्शी व्यवस्था होने के साथ ही साथ भूमि को लेकर होने वाले फर्जीवाड़े को भी रोंका जा सकेगा। यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि भूमि में होने वाली हेराफेरी से सम्बन्धित मामले अधिक आते हैं। इसी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए भूमि का रिकार्ड बनाया जायेगा। इसके लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय को नोडल बनाया गया है। कृषि, राजस्व व पंचायत विभाग के कर्मचारी सभी ग्राम पंचायतों में शिविर लगाएंगे, जिस दिन शिविर लगेगा किसान आधार, खतौनी व मोबाइल नं0 लेकर जरूर जायें। विभागीय कर्मचारी सबसे पहले ई-केवाइसी करेंगे। समान नाम व समान पिता के नाम से जुड़ी भूमि के खाते एक साथ किए जाएंगे।

किसान ने जो भूमि खुद की बताई है, यह उसकी है या नहीं, रकबा कितना है, इसका सत्यापन लेखपाल पोर्टल पर करेंगे, लेखपाल इसमें संशोधन भी कर सकेंगे। इसे दो चरणों में पूरा किया जायेगा। पहला चरण-08 जुलाई से 08 अगस्त तक चलेगा। दूसरे चरण में इसे किसानों के लिए खोल दिया जाएगा। इसमें छूटे हुए किसान स्वयं ऐप के जरिए या जन सुविधा केन्द्र में जाकर प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया होने के बाद किसानों की आईडी बनाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जायेगी। उप कृषि निदेशक ने बताया कि रजिस्ट्री और राजस्व में किसी दूसरे की जमीन को खुद की बताकर बेचने के मामलें आए दिन आते रहते हैं। किसानों का गोल्डन कार्ड बनने के बाद पूरा डाटा ऑनलाइन होगा। खरीद या बिक्री के समय उसी गोल्डन कार्ड के जरिए भूमि के वारिस के बारे में आसानी से जाना जा सकेगा। जमीन की बिक्री पर उतना हिस्सा बेचने वाले के कार्ड से कम हो जायेगा। अभी तक इसमें कई माह या साल तक लग जाते थे लेकिन अब कुछ ही देर में ही दर्ज हो जायेगी। आधार लिंक रजिस्ट्री तैयार होने से सरकार की सभी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने में आसानी होगी।

## सीएम योगी से मिली जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर,बताई जिले की विकास की स्थिति

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने सीएम आदित्यनाथ योगी से मुलाकात कर जनपद के विकास की स्थिति को बताया। सीएम योगी ने जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था का हालचाल पूंछा। उनके मुताबिक जनपद का स्वास्थ्य महकमा पिछले कुछ दिनों से काफी सुर्खियों में है। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की कारगुजारियो को सिलसिलेवार बताया। जनपद में जिला पंचायत से कराए जा रहे विकास कार्य के बाबत सरकार से अधिक धन आवंटित करने का अनुरोध किया।

किसान की आय बढ़ाने के बाबत सीएम ने बागवानी मिशन पर जोर देने की बात कही। इसके अलावा जनपद के युवाओं को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने को जल्द उद्योग स्थापित करने का भरोसा दिया है। सीएम योगी ने जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर को जनपद में जल्द भ्रमण कार्यक्रम के तहत दौरा करने की बात कही है।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के पति व पूर्व



ब्लाक प्रमुख जितेन्द्र कुमार सोनकर एवम अविनाश बहादुर सिंह गुरु जी भी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उमड़ा शिक्षकों का सैलाब

**● - मांगो से सम्बंधित मांग पत्र सीएमओं को सौंपा**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय विद्यालयों में पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन/ऑनलाइन उपस्थिति आदेश मुख्य समस्याओं के समाधान उपरांत ही लागू किए जाने की मांग की गई है। जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी ने बताया कि आज से पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन/ऑनलाइन उपस्थिति (फेस रिकग्निशन) लागू किए जाने से पूर्व उक्त डिजिटाइजेशन व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का समाधान किये जाने की मांग करता है जिसमे अन्य विभागों की भांति आकस्मिक अवकाश की श्रेणी में बेसिक शिक्षा के शिक्षकों को भी हाफ डे लीव अवकाश का विकल्प प्रदान किया जाये। जिससे आकस्मिता की स्थिति में शिक्षक हाफ डे लीव अवकाश का उपभोग कर सकें।बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति 30 ई॰ एल॰ प्रदान किया जाये यदि ई॰ एल॰ प्रदान करने में कोई विधिक समस्या है तो महाविद्यालयों के शिक्षकों की भांति बेसिक शिक्षा विभाग में भी प्रिविलेज अवकाश (P.L.) प्रदान किया जाये।अन्य विभागों की भांति बेसिक शिक्षा विभाग में भी अवकाश के दिनों में कार्य करने पर देय 'प्रतिकर अवकाश' का विकल्प मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रदान किया जाये।प्राकृतिक आपदा/स्थानीय स्तर पर मौसम की प्रतिकूलता तथा जनपद स्तरीय विभागीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता की स्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ऑनलाइन उपस्थिति में शिथिलता प्रदान करने विकल्प प्रदान किया जाये।पंजिकाओ का डिजिटाइजेशन सर्वर की उपलब्धता के अधीन है, एक ही समय मे अधिक लोड से सर्वर क्रैश होने पर वैकल्पिक व्यवस्था का स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया जाए।डिजिटाइजेशन की वर्तमान ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था भेदभाव पूर्ण, असुरक्षा की भावना व शोषणकारी होने से शिक्षक की सृजनात्मक क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा शिक्षण कार्य भी प्रभावित होगा। अतः बेसिक



शिक्षा में वर्तमान उपस्थिति की व्यवस्था ही लागू रहने दिया जाए।जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी ने कहा कि यदि उपरोक्त मांगे नही मानी गई तो ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार जारी रहेगा। जिला सहसंयोजक मायापति त्रिपाठी ने कहा कि वर्षो से लंबित पदोन्नति,स्थानांतरण आदि मुद्दों पर विभाग असफल रहा है और ऑनलाइन हाजिरी के नाम पर विभाग अपनी असफलता को छिपाने का कुत्सित प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर, कुशल सिंह, गुणेश त्रिपाठी,चंद्रबली रैना प्रज्ञानंद,भूपेंद्र सिंह,मदन यादव,केशव प्रसाद, नागेश सिंह, सोनी केसरवानी, रामू सिंह, अनीता त्रिपाठी, विभा सिंह, दीपक सिंह, सुनील शुक्ला, सोमप्रकाश मिश्रा, वीरेन्द्र केशरवानी, शिवभान चौधरी सहित बहुत से अध्यापक उपस्थित रहे।

## चौराहा पे अतिक्रमण को लेकर अधिशाषी अधिकारी हुए सख्त

**करारी कौशाम्बी।** जनपद नगर पंचायत करारी के चौराहों पे फैले अतिक्रमण को लेकर ज़िला अधिकारी ने मामले में संज्ञान लेते हुए करारी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार निषाद को त्वारित अतिक्रमण फैलाए दुकान दारों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिसका अधिशासी अधिकारी ने पालन करते हुए करारी कस्बा इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार वर्मा के साथ मौके पर पहुंचकर ऑटो रिक्शा चालकों को से अपील कर कहा की चौराहा पे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न फैलाए नहीं तो उचित कार्रवाई होगी। वहीं दुकानदारों को भी हिदायत दी गई है यदि सड़कों पर फैलाए अतिक्रमण को नही हटाया तो उचित कार्रवाई की जायेगी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के आलोक में 92गर्भवती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बीते मंगलवार को प्रखण्ड के विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से स्वास्थ्य साहिया के साथ आई 92 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जाँच केन्द्र के चिकित्सक सफीउल मोला ने किया। जाँच के क्रम में वजन, रक्त परीक्षण, आयरण, सुगर आदि की जाँच करते हुए आवश्यकतानुसार दवा भी दी गई। इस अवसर पर नर्स, चिकित्सक गंगाशरण साह, नित्य पाल, तकनीशियन अटल प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद एवम मेडिकल स्टाफ की सक्रियता पूर्ण सहयोग रहा। जाँच के बाद चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को स्पष्ट तौर पर कहा कि गर्भाकाल में भारी काम नहीं करें। यदि जरुरी हो तो हल्के घरेलू काम जैसे झाड़ू लगाना, छोटे बर्तन धोना आदि कर सकती हैं। चिकित्सकों ने कहा कि गर्भवती महिलाएँ मौसमी फल व हरी सब्जियाँ भोजन में शामिल करें। पूछने पर डाक्टर मोला ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण से महिलाओं को विशेष रुप से प्रसव काल में लाभ मिलता है।

## उपायुक्त ने किया पथ प्रमंडल एवं एनएच 80 के कार्यों की समीक्षा



**साहेबगंज झारखंड-** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पथ प्रमंडल एवं एनएच 80 अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में पथ प्रमंडल एवं एनएच 80 अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा क्रमबद्ध रूप से की गई एवं समीक्षा कर योजनाओं के कार्यों को ससमय पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर भू अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर,कुमार दास एवं अन्य उपस्थित थे।

## चंद मिनट की बरसात, घंटों का जलभराव



**मथुरा।** चंद मिनट की बरसात और घंटों का जलभराव कान्हा की नगरी की अनचाही हकीकत बन गई है। मथुरा शहर ने जेनर्म से स्मार्ट सिटी का सफर तय कर लिया है लेकिन जलभराव की इस समस्या का समाधान नहीं निकल सका है। जोरदार बरसात में जलभराव के चलते शहर कई हिस्सों में बंट जाता है और लोग एक दूसरे से कट से जाते हैं। घंटों तक इस बात का इंतजार करना पडता है। मंगलवार को दोपहर बाद हुई कुछ देर की बरसात के बाद एक बार फिर भूतेश्व अंडरपास, बीएसए रोड, पुराने बस स्टैण्ड अंडर पास पर हुए जलभराव से लोगों को जूझना पडा। हालांकि इस स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम की ओर से कई वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं। ये व्यवस्था बरसात होने पर नाकाफी साबित होती हैं। बीएसए कॉलेज रोड का पानी भूतेभूतेश्व अंडरपास तक न पहुंचे इसके लिए बीच में ही पंप सैट लगवाया गया है। मंगलवार को हुई कुछ देर की बरसात में भी यह वैकल्पिक व्यवस्था नाकाफी साबित हुई।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत



**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत कोयल फाटक के समीप एक मैरिज होम पर कार्यरत कर्मचारी के साथ कूड़े को लेकर पड़ोसियों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि मारपीट से बचने के लिए भागा कर्मचारी अलीगढ़ मथुरा मार्ग पर ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक की चपेट में आ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोयल फाटक के समीप गणेश बाटिका मैरिज होम पर धर्म सिंह और योगेश पुत्र केयर टेकर की नौकरी करते हैं। मैरिज होम में शादी के बाद बाहर पड़े कूड़े को लेकर पड़ोसियों से योगेश की कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी। मामला बढ़ता देख भीड़ से बचने के लिए 22 वर्षीय योगेश भागा इसी बीच अलीगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रक संख्या एचआर 38 ए.डी 7285 की चपेट में आ गया और हादसे में गंभीर घायल हो गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना राया अशोक कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल कराया। जहां उसकी हालात नाजुक देखते हुए उसे आगरा रैफर कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया था। वहीं मृतक के परिजन युवक की हत्या का आरोप मारपीट करने वाले पड़ोसियों पर लगाते हुए कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया मृतक के परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नही आई है। जांच के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# जन जागरण केंद्र के संस्थापक स्व. रामेश्वर सिंह की जयंती पर प्रतिमा का हुआ अनावरण

● पिता के उद्देश्यों को पूरा कर संस्था को आगे बढ़ाने हेतु दृढसंकल्पितः संजय सिंह

जाति धर्म से परे एकजुट होकर समेकित प्रयास करना स्व. रामेश्वर सिंह के जीवन का रहा उद्देश्यः उमेश प्रताप



**स्वतंत्र प्रभात**

प्रख्यात समाजसेवी सह जन जागरण केंद्र के संस्थापक स्वर्गीय रामेश्वर सिंह की जयंती पर प्रतिमा स्थापना समारोह का आयोजन धोबियाडीह स्थित जन जागरण केंद्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूजा अर्चना कर अतिथियों के द्वारा प्रतिमा का अनावरण कर किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्व. रामेश्वर सिंह की पत्नी शारदा सिंह, प्रेस क्लब हज़ारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप, पंकज सिंह, जनजागरण केंद्र सचिव संजय सिंह, निदेशक अजय सिंह, डॉ एसपी सिंह, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, शालिनी कुमारी, डॉ एसबी सिंह, सत्यदेव कुमार, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, जयमंगल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, प्रदान संस्था से बाली देवी, डॉ मनोज, बीएस गुप्ता, चंद्रमोहन पटेल, कलाल साहा, अरविंद कुमार, कुलदीप कुमार, भिखारी मियां, गंदौरी रविदास, रघुनन्दन गोप सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव संजय सिंह व संचालन पंकज सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के निदेशक अजय कुमार ने किया। आंदोलन के साथी रहे उमेश प्रताप ने उनकी जीवन यात्रा का उल्लेख करते हुए उनके प्रेरणादाई आचरण का अनुसशरण करने का सलाह दिया। कहा कि रामेश्वर सिंह सामाजिक अव्यवस्था, गैर बराबरी, गरीबी और भ्रष्टाचार को देखकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया था। महात्मा गांधी और लोकनायक जय प्रकाश नारायण के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने वर्ष 1978 में जन जागरण केंद्र (जेजेके) नामक संस्था की स्थापना की। इस संस्था के माध्यम से अनुसूचित जाति जनजाति, पिछड़े वर्ग के गरीबों व अनाथों का उत्थान के लिये उल्लेखनीय कार्य किया। सामाजिक सदभावना, शैक्षणिक, संस्कृति और आर्थिक उन्नयन हेतु जाति धर्म से परे एकजुट होकर समेकित प्रयास करना उनके जीवन का उदेश्य रहा। इसी लक्ष्य को पाने के लिये उन्होंने अनाथालय एवं महाविद्यालय की स्थापना की। विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने जल संरक्षण अभियान चलाया। जल संचय के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करने के कारण वर्ष 2020 में राष्ट्रीय जल पुरस्कार से भारत सरकार ने उन्हें सम्मानित किया । वे अनुशासन, सच्चाई ईमानदारी और सादगी से जीवन यापन करते हुए कमजोर वर्गों के उत्थान के लिये संघर्ष करते रहे। उनके अथक प्रयास से असंख्य परिवारों का कल्याण हुआ। जनजागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह ने कहा कि अपने पिता सह मार्गदर्शक स्व. रामेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर स्वयं को सौभाग्यशाली एवं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ, उनकी कमी हमेशा खलती है। वे असाधारण व्यक्ति एवं प्रतिभा के धनी थे जिनके बताये मार्गो पर चलकर संस्था को आगे बढ़ाकर समाज से जुड़कर कार्य करने को लेकर दृढ़संकल्पित हूं।कार्यक्रम के दौरान स्व. रामेश्वर सिंह की जीवनी पर उल्लेख करते हुए पत्नी, पुत्र व भाई भावुक हो उठे और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बताते चलें कि समाजसेवी रामेश्वर सिंह जी का जन्म 9 जुलाई 1956 ई0 को जिला सारण के मोतीराजपुर गांव मे हुआ था। रामेश्वर सिंह बचपन से ही वे प्रतिभा के धनी, जुझारू एवं कर्मठ इंसान थे। इनकी प्रारंभिक शिक्षा सारण जिले से हुई। उनकी पावन स्मृति के अवसर पर जन जागरण केंद्र आश्रम परिसर बरही में प्रतिमा स्थापना समारोह का आयोजन किया गया है। मौके पर जनजागरण केंद्र समन्वयक चितरंजन महतो, राजेन्द्र यादव, लक्ष्मण ठाकुर, कृतिस्वर्ण कुजूर, ओमप्रकाश कुशवाहा, बीरेंद्र ठाकुर, गूंज संस्था से अजित सिंह, प्रकाश ठाकुर, बीरेंद्र सिंह, अरुणा खलखो, कैलाश महतो, प्रमोद सिंह, अमित गिरी, स्वीटी कुमारी, विकास कुमार, भिखारी मियां, नरेश कुमार, आरती कुमारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# श्रद्धा व भक्ति के साथ हुई माँ विपततारिणी की पूजा



**स्वतंत्र प्रभात**

**करौं/देवघर/झारखंड-** मंगलवार को मधुपुर अनुमण्डल क्षेत्र के करौं प्रखण्ड स्थित धार्मिक व पौराणिक गाँव करोग्राम में परम्पारिक विधि से अनुष्ठान आयोजित कर भक्ति व श्रद्धापूर्वक माता बिपततारिणी की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर माता बिपततारिणी को तेरह प्रकार के फल- फूल, तेरह प्रकार के मिष्ठान्न और तेरह प्रकार के कन्द-मूल आदि का भोग लगाया गया। आयोजित कार्यक्रम में गोविन्दपुर, सालतर, चाँदचौरा, रानीडीह, कमलकर, रान्हा आदि गाँवों आए सैंकड़ों महिलाओं ने बिपततारिणी देवी की कथा पुरोहितों द्वारा सुना व इनकी महत्ता को जाना।

पुरोहितों ने कहा कि माता बिपततारिणी के एक मन से ध्यान व पूजा करने स् हर प्रकार की आपदा व विपत्ति से छुटकारा मिल जाता है। इस अवसर महिलाओं ने तेरह गाँठ के मंगल सूत्र अपने-अपने बाजुओं में बाँधा फिर सुहागिनों ने एक-दूसरे को सिन्दुर लगाया।

बता दें कि करोंग्राम के स्थानीय राय टोला स्थित बिपततारिणी मंदिर, आचार्य टोला दुर्गा मंदिर, कणेश्वर मंदिर, दे टोला दुर्गा मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर व माँ चण्डी मंदिर में विपततारिणी पूजा के अवसर सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहा। पूरे इलाके में बिपततारिणी के जय घोष से वातावरण विपततारिणीमय हो गया।

मौके पर पुरोहित अरूप ओझा, रवि पूजारी, सरोज पुजारी, दिलीप पुजारी, आलोक आचार्य, आशीष आचार्य, प्रकाश दत्त, गौतम चन्द्र, नन्दन दीपक सिंह, देबु, दिलीप ओझा , मुन्ना ओझा समेत दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# मोबाइल टावर कनेक्टिविटी से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न



**स्वतंत्र प्रभात**

**साहेबगंज, झारखंड-** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में मोबाइल टावर कनेक्टिविटी समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने बैठक में जिला में अधिष्ठापित एवं क्रियाशील टावरों के बारे में जानकारी ली। जिला में विभिन्न जगहों पर एजेंसी के द्वारा किए जा रहे अब तक की कार्य प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित समय के अनुरूप नेटवर्क सुविधा बहाल की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने लोकसभा निर्वाचन कार्यों के दौरान क्र्स्हरु नेटवर्क का खराब प्रदर्शन लेकर सख्त आदेश दिए एवं आगमी विधानसभा निर्वाचन के कार्यों में इस तरह की समस्याओं का सामना ना करना पड़े । उन्होंने नेटवर्क को ठीक करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने कहा कि नेटवर्क की अभाव में सरकार की योजनाओं को संचालन करने में कई सारी परेशानियां हो रही है। कई प्रखण्डों में नेटवर्क ना होने की वजह से दुर्घटना जैसे समस्याओं का समय से सूचना नहीं मिल पाती है।मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, एडीएम सुशील कुमार, आईटी मैनेजर महेश कुमार, बीएसएनल एवं जिओ नेटवर्क के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 11 जुलाई को बैंक ऑफ इंडिया करियातपुर में एनपीए ऋण खाता धारकों के निपटान हेतु समझौता दिवस का कर रहा आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात**

**बैंक ऑफ इंडिया** देश भर में अपनी सभी शाखाओं व अंचल और एफजीएमओ में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋ्श खातों का निपटान करने के लिए 11 जुलाई 2024 (गुरुवार) को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है। इस बाबत बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक सूरज एक्का ने ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है, जो उधारकर्ता व्यवसाय चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋ्श नहीं चुका सके। हमारे बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है। हम सभी एनपीए उधारकर्ताओं से अपील करते हैं कि वो 11 जुलाई 2024 को समझौता दिवस पर अपने एनपीए ऋ्श खातों का निपटान कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

# मॉब लिंचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वालों को फांसी की सजा दिलाए राज्य सरकार- मुर्शीद अंसारी



**स्वतंत्र प्रभात**

**लोहरदगा, झारखंड-** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग लोहरदगा जिला कमिटी के अध्यक्ष मुर्शीद अंसारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सबसे ज्यादा मोब लिंचिंग की घटनाएं झारखंड राज्य में हुई है और अब तक थमने का नाम नहीं ले रही है यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंता जनक है। एक सप्ताह के अंदर झारखंड राज्य में मुस्लिम समुदाय के दो लोगों की मोब लिंचिंग में हत्या कर दी गई जिसमें एक कोडरमा के मौलाना शहाबुद्दीन और दूसरा कटम कुली,टाटी सिलवे रांची के अख्तर अंसारी है।

इन दोनों ही हत्याओं पर पुलिस प्रशासन की ओर से कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई है इसके अलावा वर्तमान हेमंत सरकार की ओर से कोई आश्वासन भी जारी नहीं किया गया है। 2 साल पहले बरही निवासी रूपेश हत्याकांड में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए मृतक के परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी प्रदान की थी लेकिन जब मुस्लिम समुदाय की बात आती है तो श्री हेमंत सोरेन मौन धारण कर लेते हैं। हमारी पार्टी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग लोहरदगा जिला कमिटी सरकार की दोहरी नीति का कड़े शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्त में ले और उन्हें फांसी की सजा दिलाए, इसके अलावा मृतकों के परिवार को 10-10 लाख मुआवजा के तौर पर प्रदान करें और एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी प्रदान करें। अगर सरकार इस मामले में कोई उचित कार्रवाई नहीं करती है तो हमें बाध्य होकर उनके विरुद्ध आंदोलन करना पड़ेगा।

# 6 माह के बकाया वेतन भुगतान को लेकर ऊर्जा मित्रों ने हजारीबाग विद्युत एरिया बोर्ड को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र प्रभात**

**हजारीबाग** विद्युत एरिया बोर्ड को बरही डिविजन के सभी ऊर्जा मित्रों ने 6 माह का बकाया वेतन के संबंध में हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है। बताया कि मेसर्स सांई कम्प्युटर लिमिटेड द्वारा सभी उर्जा मित्र का 6 माह का बकाया वेतन नहीं दिया गया है। बताया कि कंपनी अपना कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए कुछ उर्जा मित्रों का पीएफ का पैसा अकाउंट में जमा कर दिया है। हमलोगों का प्रिंटर एवं मोबाईल यह कह के जमा करवा लिया गया कि आपलोगों का सभी बकाया वेतन आपके अकाउंट में भेज दिया जायेगा। महिनों बीत गया लेकिन किसी के अकाउंट में वेतन नही आया है। बताया कि हम सभी गरीब उर्जा मित्र है। सरकारी रेवेन्यू की भी वसुली हमलोगों ने कर के दिया, जिसमें रिकार्ड वसुली बरही डिविजन द्वारा दिया गया है। पता चला कि साई कम्प्युटर लिमिटेड कंपनी अपना कारोबार हजारीबाग से समेट कर टाटा चला गया है।

निवेदन करते हुए उन्होंने कहा कि सभी उर्जा मित्रों का 10 दिनों के अंदर 6 माह का बकाया वेतन दिलाने का प्रयास करें। वेतन नहीं देने की स्थिति में सभी उर्जा मित्र कंपनी के खिलाफ लेबर कोर्ट में मुकदमा दायर करेंगें। ज्ञापन में ऊर्जा मित्र कौशल किशोर कौशिक, मो रब्बानी, सदानंद सिन्हा, संजीव घोष, अक्षय कुमार पांडेय, आशीष कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, नरेश कुमार, संतोष चौधरी, प्रदीप कुमार राणा, कौलेश्वर यादव, रामप्रसाद राम, छट्ठू गुप्ता, दिलिप पंडित, संजय कुमार, शेखर कुमार, अभय कुमार, सुमन कुमार गुप्ता, अजय रविदास, कौशल ठाकुर, राहुल कुमार, राहुल कुमार, विपिन कुमार, मनोज ठाकुर, विनय प्रसाद, आजाद अंसारी सहित सैकड़ों हस्ताक्षर शामिल है।

# कोल्हान में नक्सलियों के द्वारा 10 जुलाई को बुलाए गए बंद को लेकर झारखंड पुलिस पुरी तरह से अलर्ट मोड़ में- डीजीपी अजय कुमार




**स्वतंत्र प्रभात**

**रांची, झारखंड-** झारखंड के कोल्हान में नक्सलियों के द्वारा 10 जुलाई को बुलाए गए बंद के को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। वहीं बंद को लेकर झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि लगातार अपने प्रभाव क्षेत्र में हार की वजह से नक्सली बौखलाए हुए हैं। यही वजह है कि अब बंद का ऐलान कर रहे हैं। बंद को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है। पुलिस कोल्हान में लगातार अपने आप को और मजबूत कर रही है। जबकि भाकपा माओवादियों के दक्षिणी जोनल कमेटी के प्रवक्ता अशोक ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बंद का ऐलान किया है। प्रेस रिलीज में यह कहा गया है कि झारखंड पुलिस और अर्धसैनिक बलों के द्वारा ऑपरेशन क्लीन चलाकर हमारे छह साथियों को बर्बर तरीके से मार डाला गया। पुलिस के इस नरसंहार के खिलाफ 10 जुलाई को कोल्हान बंद का ऐलान किया जाता है। बंद के दौरान प्रेस, चिकित्सा, एंबुलेंस, बच्चों और मरीजों के अलावा इमरजेंसी सेवाओं को नक्सलियों ने मुक्त रखा है। वहीं दूसरी ओर, पश्चिम सिहभूम (चाईबासा) जिले के चक्रधरपुर सोनुआ मुख्य मार्ग के रंगामाटी क्षेत्र में नक्सलियों ने माओवादी पोस्टर और बैनर लगाकर 10 जुलाई की बंद को सफल बनाने का आह्वान किया है।पोस्टर में लिखा है कि नक्सलियों ने कोल्हान सारंडा लिपुंगा के शहीद वीरांगनाओं को शत-शत लाल सलाम। मार का बदला मार है। खून का बदला खून। निवेदक में दक्षिण जोनल कमेटी भाकपा माओवादी लिखा है। इसी तरह पोस्टर में नक्सलियों ने नक्सल विरोधी अभियान का विरोध किया है।?पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कोल्हान में लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान लगातार पुलिस को सफलता भी मिल रही है। बंद के दौरान

जवानों को अलर्ट किया गया है। नक्सली अपने बंद को सफल बनाने के लिए पुलिस पर हमला भी कर सकते हैं। ऐसे में हर अभियान को पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ चलाने को कहा गया है। कोल्हान से गुजरने वाले सभी सड़क मार्ग और ट्रेन मार्ग तथा सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

# इरफान अंसारी और हाफीज़ुल हसन को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर दी बधाई, सीएम का जताया आभार



**स्वतंत्र प्रभात**

**ऑल** इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राज्य महासचिव मोहम्मद जहांगीर अंसारी ने हेमंत सोरेन की नई पारी की शुरुआत करने एवं मंत्रीमंडल के पुनर्गठन के लिए बधाई दी है। विशेष कर पहली बार डॉक्टर इरफान अंसारी को मंत्रीमंडल में शामिल करने हेतू ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस हजारीबाग की ओर से बधाई दी है। साथ ही साथ हाफीजुल हसन को पुन~ मंत्रीमंडल में शामिल किए जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किय श्री अंसारी ने कहा की इन दोनों के मंत्रीमंडल में शामिल होने से अंसारी समाज में खुशी की लहर है और उम्मीद की जाती है कि मोमिनों की वीभिन्न समस्याओं पर इनकी नजर होगी और समस्या सामाधन की पहल होगी। श्री अंसारी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं इंडी गठबंधन को इसका लाभ अवश्य मिलेगा। बधाई देने वालों में मोहम्मद मंसूर अलम, मोहम्मद आफताब आलम अधिवक्ता, मोहम्मद इम्तियाज अंसारी, नुरुल होदा शिक्षक, अमीनउल हक, डॉक्टर अनवर हुसैन राष्ट्रीय सचिव ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस, मोहम्मद आबिद अंसारी राज्य अपअध्यक्ष, मोहम्मद इकरामउद्दीन अंसारी, मोहम्मद बाबर अंसारी, मोहम्मद फिरोज अंसारी, मोहम्मद माशूक अंसारी एवं अन्य शामिल हैं।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने विभिन्न विवाह समारोहों मे शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद



**स्वतंत्र प्रभात**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड का भ्रमण किया और विभिन्न स्थानों पर आयोजित विवाह समारोहों में अपनी उपस्थिति दी। मुन्ना सिंह कटकमसांडी प्रखंड के गद्दोखर पंचायत में प्रेम पासवान की सुपुत्री के विवाह समारोह में सम्मिलित हुए और नवविवाहित जोड़े को अपना आशीर्वाद दिया। इसके बाद मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी पंचायत के चट्टी निवासी अलकु रविदास की सुपुत्री के विवाह समारोह में भी शिरकत किया और कसियाहडीह टोला के महावीर भूईयां जी की सुपुत्री के विवाह समारोह में भी शामिल हुए। उलान्ज टोला के दिनेश्वर यादव की सुपुत्री के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर मुन्ना सिंह ने अपने आशीर्वचन दिए और नवविवाहित जोड़े के सुखद भविष्य की कामना की। इसके बाद शांतिविद्यापति पांडे जी की सुपुत्री रूपा कुमारी के विवाह समारोह में भी उनकी उपस्थिति रही। इस अवसर पर राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, शेरू खान, पप्पू पांडे, संजय सिंह, कैलाश यादव, महेश यादव, नरेश यादव, मुखिया कुमारी श्रीति पांडे, देव चौहान, विश्वास पासवान, दिनेश यादव, सुजीत यादव, और सुधीर यादव सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्तिगण भी उपस्थित रहे। सभी ने इन विवाह समारोहों में सम्मिलित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रसिद्ध अर्थशास्त्री व विभावि के पूर्व कुलपति डॉ रमेश शरण के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया शोक



**स्वतंत्र प्रभात**

**रांची, झारखंड-** झारखंड के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री व हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति रहे डॉ. रमेश शरण का निधन हो गया है। 69 वर्ष की उम्र में रमेश शरण ने कोलकाता के एक अस्पताल में सोमवार देर रात आखिरी साँस ली। जबकि उन्हें उन्हें लंग्स में इंफेक्शन था, जिसकी वजह से वे पिछले एक हफ्ते से बीमार थे पहले उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया । उनकी तबीयत में सुधार नहीं होने पर एयर एंबुलेंस से कोलकाता ले जाया गया, जहां कल देर रात उनका निधन हो गया । वे सुप्रीम कोर्ट के एडवाइजर भी रहे थे रमेश शरण के निधन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया है मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त करते हुए । इसे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया है उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर लिखा- मैं डॉ रमेश शरण के निधन से व्यक्तिगत रूप से काफी मर्माहत हूं, यह झारखंड के लिए बहुत बड़ी क्षति है मैं मरांग बुरु से उनकी आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूँ।

# वैश्विक शांति के एजेंडे को लेकर प्रधानमंत्री की रूस यात्रा।

**(व्यापार, रक्षा, विज्ञान और पारंपरिक सहयोग का होगा विस्तार)**





लगभग 5 वर्षों बाद प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार चुनाव जीतने के पश्चात रूस की दो दिवसीय यात्रा पर गए हैं इसके पश्चात हुए ऑस्ट्रिया भी जाएंगे। लगभग चार दशक बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गया है।इस यात्रा के कई मायने हैं और इस यात्रा की उत्सुकता एवं प्रतीक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर को भी कई दिनों से रही है।

प्रधानमंत्री के मास्को के वनुकोवो 2 एयरपोर्ट में पहुंचने पर पुतिन सरकार के महत्वपूर्ण पद धारक डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मातुरोव ने जिस गर्मजोशी से स्वागत किया है, निश्चित तौर पर भारत और रूस के 75 वर्षों के संबंधों की घनिष्ठता को दर्शाता है इसके अलावा भव्य स्वागत में चीन की सरकार के दिल की धड़कन बढाने वाला संदेश भी पृष्ठभूमि भी अंतर निहित है।यह तो तय है कि भारत के प्रधानमंत्री की आम चुनाव में तीसरी जीत के बाद मास्को की यात्रा दिल्ली और मॉस्को के संबंधों में गंभीर निजता आने के संकेत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कई मुलाकातें हुई हैं और इन मुलाकातों के दौरान दोनों के मध्य काफी मानसिक साम्यता मजबूत हुई है, ऐसे में यदि भारत के प्रधानमंत्री रूस से यूक्रेन युद्ध में शांति बहाली का रास्ता बातचीत के जरिए हल करवाना चाहेंगे तो वैश्विक शांति के नए सोपनो को खुलने में देर नहीं लगेगी। भारत के प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और रूस के संबंधों को नई ऊंचाई देने वाली भी साबित हो सकती है इसके साथ ही रुस और चीन की बढ़ती मित्रता एवं प्रगाढ़ता को भी संतुलित करने का इस यात्रा के दौरान प्रयास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन की मित्रता लगभग दो दशक पुरानी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार अटल बिहारी की सरकार के दौरान 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में रूस की यात्रा की थी, उसके पश्चात बतौर गुजरात की मुख्यमंत्री 2006 और 2009 में भी रूस की यात्रा कर चुके हैंद्य प्रधानमंत्री की रूस यात्रा को मद्धे नजर रख क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने बताया कि भारत और रूस की वार्ता का मुद्दा एवं एजेंडा बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाला है। दोनों देश के नेताओं की शिखर वार्ता के मध्य राजनीतिक साझीदारी व्यापार, सामरिक महत्व के सौदे, विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी पर आधारित नए समझौते पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी पुतिन एक साथ लगभग 8 घंटे बिताने वाले हैं।

प्रधानमंत्री की मास्को की दो दिवसीय यात्रा पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई है खास तौर पर रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने वाली कूटनीति पर पूरे विश्व तथा यूक्रेन का ध्यान आकर्षित हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री तथा रूस के राष्ट्रपति की यह मुलाकात वैश्विक स्तर पर अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी एवं भारत तथा रूस के लिए अत्यंत सुखद परिणाम लाने वाली तथा भविष्य के लिए भारत रुस मैत्री के मील के पत्थर के रूप में साबित होगी। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी की ऑस्ट्रिया यात्रा में प्रधानमंत्री तथा ऑस्ट्रिया के राष्ट्र प्रमुख दोनों देशों के मध्य सहयोग के नए-नए रास्ते तलाश करने का प्रयास करेंगे। ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर ने अपने बयान में कहा है की विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्र प्रमुख का स्वागत करने के लिए वह बड़े उत्सुक हैं उन्होंने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा में दोनों देशों के बीच संबंध मधुर होंगे एवं व्यापार के नए रास्ते भी तलाशे जाएंगे उन्होंने कहा कि हम भारत की आजादी के 75 वें वर्ष के बाद अपने संबंधों को अच्छे से याद करके द्विपक्षी संबंधों को प्रगाढ़ करने एवं भू राजनीतिक चुनौतियों को बेहतरीन सहयोग के साथ सामना करने के अवसर को बढ़ाएंगे। यह तो तय है कि भारत के प्रधानमंत्री की आम चुनाव में तीसरी जीत के पश्चात रूस तथा ऑस्ट्रिया देश की यात्रा राजनीतिक व्यापारिक सामरिक एवं विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाने वाली होगी एवं वैश्विक शांति की स्थापना के संदेश को लेकर भारत विश्व शांति दूत की भूमिका में अपना अहम किरदार निभाएगा।

**संजीव ठाकुर, वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक लेखक**

# वर्तमान में अपने आप से ही लड़ रही है बसपा



बहुजन समाज पार्टी एक ऐसी पार्टी थी जिसके लिए कहा जाता था कि दुनिया उलट पलट हो जाए लेकिन बसपा का कोर वोट कहीं और नहीं जा सकता। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में बसपा की जो दुर्गति हुई है वह शायद पहले कभी नहीं हुई। पिछले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव बसपा ने अकेले दम पर लड़ा और केवल एक प्रत्याशी जीता। वर्तमान में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में बसपा ने सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए लेकिन उनको सफलता नहीं मिली और वह न सिर्फ शून्य पर सिमट गई बल्कि उनका वोट प्रतिशत भी एक दम नीचे आ गया। मायावती ने हमेशा आक्रामक राजनीति की है और वह जो निर्णय ले लेती हैं उससे पीछे नहीं हटती। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में ऐसा क्या हो गया था कि मानो बसपा जबरदस्ती से चुनाव लड़ रही है उसका चुनाव लड़ने का मन नहीं है। लोकसभा चुनाव के प्रारंभ में बसपा ने अपने भतीजे आकाश आनंद का प्रजेंटेशन किया था उन्हें अपना उत्तराधिकारी भी घोषित किया था। आकाश आनंद ने भी राजनीतिक शुरुआत अपनी बुआ के पदचिन्हों पर की थी वही तेवर वही दलितों के हक में बोलना वही सरकार को कटघरे में खड़ा करना। लेकिन वह सरकार के विरोध में कुछ ज्यादा ही बोल गए। नतीजा यह हुआ कि भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से उन पर एफआईआर दर्ज करा दी गई। मायावती ने तुरंत ही आकाश आनंद से पार्टी के सभी अधिकार वापस ले लिया और तब मामला रफा-दफा हुआ। मायावती नहीं चाहतीं थीं कि वह अपने राजनैतिक कैरियर की शुरुआत में ही किसी पचड़े में पड़ जाएं। फिलहाल लोकसभा चुनाव के बाद आकाश आनंद की पुनः वापसी हो चुकी है उनके पद बहाल कर दिए गए हैं।

मायावती के शासन काल को कौन नहीं जानता अफसरों की जिस तरह वो क्लास लगातीं थीं लोग आज तक उसको याद करते हैं। उनके एक निरीक्षण में दर्जन भर अधिकारी सस्पेंड हो जाते थे प्रशासनिक अधिकारी इतने खौफ में थे कि प्रशासन बहुत ही अच्छी तरह से चल रहा था। लेकिन अब ऐसा लगता है कि मायावती का वोटर ही मायावती के कब्जे में नहीं है। और यही कारण है कि उनका ग्राफ लगातार नीचे आता चला आ रहा है। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर चार बार काबिज रहने वाली मायावती आज एक एक सीट के लिए संघर्ष करतीं दिखाई दे रहीं हैं। आज की स्थिति यह है कि लोकसभा में उनका रिप्रजेंटेशन नहीं है। और उत्तर प्रदेश विधानसभा सभा में भी नाम मात्र ही है। कौन भूल सकता है मायावती की सोशल इंजीनियरिंग को जिसने सपा भाजपा जैसी पार्टियों को परास्त करके पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी।

उस समय उन्होंने दलित ब्रह्मण और मुस्लिम का एक प्रयोग किया था जो कि सफ़ल रहा था। लेकिन उसके बाद लगातार बहिन जी हांसिए पर आती चलीं गईं। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी का समाजवादी पार्टी से गठबंधन था। उस गठबंधन के सहारे उन्होंने लोकसभा की दस सीटों पर कब्जा किया था जब कि समाजवादी पार्टी पांच की संख्या में सिमट कर रह गई थी। इसके बाद मायावती ने यह कहकर गठबंधन तोड़ दिया था कि समाजवादी पार्टी अपना वोट बसपा को ट्रांसफर कराने में नाकामयाब रही जिससे बहुजन समाज पार्टी का नुक़सान हुआ इस लिए हम यह गठबंधन समाप्त कर रहे हैं। जब कि हुआ इसका उल्टा था। उस चुनाव में बसपा का वोट सपा में ट्रांसफर नहीं हो सका था और इसीलिए समाजवादी पार्टी केवल पांच सीटों पर सिमट कर रह गई थी।

एक समय था कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम अपनी एक विजय के लिए जद्दोजहद कर रहे थे लेकिन वह शोषित और वंचित समाज की लड़ाई लड़ रहे थे इसलिए मुलायम सिंह यादव ने उन्हें इटावा से चुनाव लड़वाया और वह चुनाव जीत गए। इस चुनाव में उन्होंने अपने प्रत्याशी रामसिंह शाक्य को बैठा दिया था जिससे रामसिंह शाक्य नाराज भी हो गए थे और उन्होंने समाजवादी पार्टी से त्यागपत्र दे दिया था। कांशीराम के बाद जैसे ही बसपा की बागडोर मायावती ने सम्हाली उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। कई वर्षों तक सपा और बसपा की ही सरकारें बनतीं रहीं। भाजपा और कांग्रेस के लिए उस समय यहां कुछ भी नहीं था। लेकिन तभी भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर और हिंदुत्व का ऐसा मुद्दा पकड़ा जिससे पार पाना किसी के बस में नहीं था।? आज भी उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ चल रही है। लेकिन अभी संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बाजी पलट दी है और प्रदेश में 80 में से 37 लोकसभा सीटें जीत कर। उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी के रुप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उत्तर प्रदेश में देखा जाए तो अब यहां सीधे सपा और भाजपा की आमने सामने की लड़ाई रह गई है। और मायावती अपना कोर वोट बचाने के लिए संघर्ष कर रहीं हैं। मायावती की पार्टी बहुजन समाज पार्टी ने कभी भी उपचुनाव नहीं लड़ा है और न ही उपचुनाव को कभी गंभीरता से लिया है। लेकिन इस बार वह पूरी तरह से तैयार होकर उत्तर प्रदेश के दस सीटों पर होने वाले लोकसभा उपचुनाव की तैयारियों में लग गई हैं।

मायावती ने कभी भी हालातों से समझौता नहीं किया। गेस्ट हाउस कांड के बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी से हमेशा के लिए मुंह मोड़ लिया था। लेकिन जब कमान अखिलेश यादव के हाथ में आई तब उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया। इस गठबंधन को सपा को उस चुनाव में फायदा नहीं मिला लेकिन अभी हुए लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को दलित वोट भी बड़ी संख्या में मिला जो कि समाजवादी पार्टी को 37 सीटें जिताने में सहायक सिद्ध हुआ।

मायावती अब केवल अपने दलित वोट को साधने में लगी हैं उन्होंने यह भी कह दिया है कि मुस्लिम समुदाय को अब वह काफी सोच समझ कर टिकट देंगी क्यों कि इससे पार्टी पर विपरीत असर पड़ रहा है। फिलहाल मायावती उत्तर प्रदेश के उप चुनाव और हरियाणा के विधानसभा चुनाव को लेकर व्यस्त हैं और हरियाणा में वह गठबंधन की तैयारी में हैं। बहुजन समाज पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है लेकिन यदि हालात यही चलते रहे तो उनसे राष्ट्रीय पार्टी का तमगा छिन सकता है। बहुजन समाज पार्टी को हरियाणा के अलावा राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड में भी काफी वोट मिलता है और वहां उनके प्रत्याशी भी जीतते हैं। लेकिन आज मायावती की स्थिति किसी से छिपी नहीं है वह अपनी ही पार्टी का अस्तित्व बचाने में लगी हुई हैं।

**- जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो0: 7499472288**

E-Mail: news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संपादकीय

# अब हत्यारों के साथ 'डिनर पलटिक्स'



आज आप फिर शिकायत कर सकते हैं कि मेरे सिर से मोदी जी का भूत उसी तरह नहीं उतर रहा जिस तरह की मोदी जी कि सिर से कांग्रेस और राहुल गांधी का भूत नहीं उतरता .लेकिन हकीकत ये है कि आज मै मोदी जी की नहीं बल्कि उस भारतीय राजनीति और धर्म की बात कर रहा हूँ जिसके अपने मानवीय मूल्य हैं .प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी निजी तौर पर किसके साथ उठें -बैठें,खाएं -पियें किसी को कोई ऐतराज नहीं हो सकता लेकिन वे जब भारत के प्रतिनिधि के रूप में किसी के साथ 'डिनर पालटिक्स' करते हैं तो टीका-टिप्पणी करना बेहद जरूरी हो जाता है.

तीसरी बार अल्पमत की सरकार के मुखिया बनने के बाद मोदी जी हमारे पुराने मित्र रूस में हैं. ये वो रूस नहीं है जो नेहरू और इंदिरा गाँधी के जमाने में हुआ करता था .वो जमाना था जब हम सब 'मेरा जूता है जापानी,ये पतलून इंग्लिस्तानी ,सर पर लाल टोपी रूसी,फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी' गीत फक्र के साथ गाते थे. आज का रूस पुराना वाला रूस नहीं है .आज का रूस लोकतान्त्रिक और समाजवादी मूल्यों वाला रूस नहीं है. आज का रूस हिंसक रूस है,आततायी रूस है ,आज का रूस नर-संहार करने वाला रूस है .उस रूस के साथ हमारे देश के प्रधानमंत्री जी उस समय डिनर पलटिक्स करें, जब डिनर से ठीक पहले रूस यूक्रेन के कीव शहर में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर मिसाइल से हमला कर 24 लोगों को मौत के घाट उतार दिया ,तो कुछ अजीब सा लगता है.

कार के पहिये के नीचे कुत्ते के पिल्ले का दबकर मरना और मिसाइल के हमले में दो दर्जन लोगों का मरना शायद एक जैसा होता हो किन्तु मुझे व्यक्तिगत रूप से ये कुछ वीभत्स लगता है .भारत की गांधीवादी सोच इस हिंसक सोच के साथ तालमेल नहीं बैठा सकती ,लेकिन माननीय का 56 इंच का सीना है. वे सब कुछ कर सकते हैं. वे डिनर की टेबिल पर बैठकर पड़ौस में मिसाइल के हमले में मरे गए लोगों का चीत्कार शायद नहीं सुन सकते .सनातनी भाषा में कहें तो रूस पर हत्याओं का सूतक लगा हुआ है .ऐसे में रूसी पानी पीना भी गुनाह है, डिनर तो बहुत बड़ी बात है.

भारत और रूस के साथ 22 वीं शिखर वार्ता हो रही है .खुशी की बात है . ये वार्ताएं लगातार होते रहना चाहिए ,लेकिन इन वार्ताओं के बीच भी भारत यूक्रेन युद्ध में हो रहे नर संहार के चलते कम से कम डिनर पलटिक्स से तौबा कर सकता था. उपवास का बहाना बनाया जा सकता था, किन्तु कूटनीतिमें शायद ये सब आसान नहीं होता .माननीय भी आखिर इससे कैसे बच सकते थे?.उनके लिए बिछी हुई लाशों का कोई अर्थ नहीं है. फिर चाहे वे कीव में बिछी हों या हाथरस के पास किस गांव में या मणिपुर में .माननीय 'लाश-प्रूफ' नेता हैं .

ये सच है कि मै स्वर्गीय वेद प्रताप वैदिक जैसा विदेशनीति का जानकार नहीं हूँ ,किन्तु मुझे गांधीवाद का थोड़ा-थोड़ा पता है .मै यदि माननीय की जगह होता तो शायद इस शिखर वार्ता में जाने का बहाना खोज लेता ,या कहता कि जब रूस युद्ध से फारिग हो जाएगा तब वार्ता कर लेंगे ,लेकिन हाय री किस्मत! कि मै वो नहीं हो सकता जो माननीय हैं .निश्चित ही मै उन हालत में कोई डिनर-सिनर नहीं कर सकता जब की वातावरण में बारूदी गंध हो और पड़ौस में लाशों कि अम्बार लगे हों.

आज का रूस कल का रूस नहीं है. आज का रूस भारतीय प्रधानमंत्री का भी उसी गर्मजोशी से स्वागत करता है जितना की चीन कि प्रधानमंत्री का .आज का रूस बदला हुआ रूस है. आज कि रूस के साथ कल के भारत की तरह हाथ नहीं मिलाया जा सकता .आज का रूस ,आज के भारत कि साथ हाथ मिला रहा है. आज के रूस के नेताओं की और भारत कि नेताओं की रुचियाँ,प्रवृत्तियां एक जैसी हैं . रूस के राष्ट्रपति माननीय पुतिन जिस तरह से सत्ता पर काबिज हैं उसी तरह से हमारे माननीय भी सत्ता पर काबिज हैं . देश की जनता ने उन्हें सत्ता में रहने का जनादेश नहीं दिया है लेकिन वे बैशाखियों कि सहारे सत्ता में हैं इसलिए उन्हें हक है कि वे किसी भी पड़ौसी या दूसरे देश के साथ जैसा चाहें व्यवहार करें .हमें उनकी हर विदेश यात्रा की कामयाबी की कामना करना ही पड़ेगी,अन्यथा हमारे ऊपर कोई भी लांछन लगाया जा सकता है .

आप तय मानिये कि हम रूस के साथ भारत कि रिश्तों को लेकर हमेशा उत्सुक रहे हैं हमारे रूस के साथ पुश्तैनी रिश्ते हैं, लेकिन आज रूस और भारत दोनों कि रिश्तों में पहले जैसी बात नहीं है .रूस भी पहले जैसा रूस नहीं है .आज के रूस का चरित्र चीन के विस्तारवादी चरित्र से मिलता जुलता है .रूस अमेरिका की तरह शक्ति -प्रदर्शन करने वाला देश है .उसका मानवाधिकारों से ज्यादा कुछ लेना-देना नहीं है .यदि होता तो उसकी मिसाइलें कम से कम कीव में बच्चों कि अस्पताल को तो बख्श देतीं.

मुझे नहीं लगता कि बैशाखियों के सहारे सरकार चला रहे हमारे माननीय यूक्रेन मुद्दे पर रूस से खुलकर बात कर पाएंगे .भारत यदि रूस को यूक्रेन पर हमला करने से रोक पाए तो मै भारत और रूस की डिनर पलटिक्स को कामयाब मानूंगा .अन्यथा रूस के साथ भारत कि कारोबारी रिश्ते तो पहले से हैं ही .हम रूस से हथियारों के साथ और न जाने क्या-क्या खरीदते और बेचते हैं .इससे हमारे रिश्तों में कुछ नयापन आने वाला नहीं है. मुश्किल ये है कि हम अपने देश में ही मानवाधिकारों की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं ऐसे में रूस से किस मुंह से यूक्रेन पर हमला न करने के लिए कह सकते हैं? हमारा मणिपुर आज भी जल रहा है. हमारा कश्मीर आज भी आतंकित है वहां आज भी गोलियां चल रहीं है बहरहाल हम एक भारतवासी होने के नाते उम्मीद करते हैं की हमारे माननीय अपनी रूस और आस्ट्रिया यात्रा से खाली हाथ वापस नहीं लौटेंगे. वे जिस तरह से रूसी मीडिया से मुखातिब हुए हैं स्वदेश लौटकर भारतीय मीडिया से भी मुखातिब होंगे .आगामी 23 जुलाई से शुरू होने वाली संसद को भी बताएँगे कि वे अपनी विदेश यात्राओं से क्या हासिल कर आये हैं?

**राकेश अचल**

# दैनिक राशिफल 10/07/2024




आचार्य कौशलेंद्र पांडेय जी के अनुसार............

**1.मेष**

व्यवसाय में आर्थिक उन्नति के लिए आज का दिन खास साबित होगा। सरकारी योजना से आर्थिक लाभ मिलने वाला है। अचानक यात्रा से धन खर्च होगा। पत्नी की सेहत में धन व्यय होगा।

**2.वृष**

इन दिनों धन के लनदेन में सावधानी बरतें। लेनदेन को लेकर कोई बड़ा जोखिम न उठाएं। निवेश में धन लगाने के लिए आज का दिन शुभ नहीं है। व्यापार में तरक्की के लिए अधिक मेहनत करना पड़ेगा।

**3.मिथुन**

अपने साझेदारी वाले व्यापार से धन लाभ का संकेत है। छोटे भाई को आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है। किसी से लिया हुआ कर्ज वापस कर सकते हैं। घरेलू खर्च बढ़ने वाला है। संतान की सेहत में धन खर्च होगा।

**4.कर्क**

किसी आर्थिक योजना का लाभ मिलने वाला है। दैनिक आर्थिक बजट बिगड़ सकता है। लाइफ पार्टनर के पीछे धन खर्च होगा। अनावश्यक खर्च पर लगाम लगा सकते हैं। माता से आर्थिक सहयोग मिलेगा।

**5.सिंह**

आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहने वाली है। व्यापार में कुछ हद तक आर्थिक बाधा उत्पन्न होगी। व्यापार में बनाई गई आर्थिक योजना साकार होगी। किसी साथी से अचानक धन लाभ होगा।

**6.कन्या**

आज नौकरी में अचानक लाभ का अवसर मिलेगा। बिजनेस में आर्थिक तरक्की के लिए भरपूर मेहनत करने वाले हैं। दैनिक आय की अपेक्षा खर्च अधिक बढ़ेगा। परिवार में आर्थिक मदद कर सकते हैं।

**7.तुला**

पिता से धन लाभ का योग है। परिवार में आर्थिक उन्नति होने वाली है। यातायात में धन व्यय होगा। साझेदारी वाले व्यापार में धन व्यय होने वाला है। निजी व्यापार से धन लाभ की संभावना है।

**8.वृश्चिक**

दैनिक खर्च बढ़ेगा। कोई कीमती समान खरीद सकते हैं। पूर्व में किए हुए निवेश से धन लाभ की संभावना है। जमीनी दस्तावेज़ से धन लाभ होगा। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**9.धनु**

ससुराल पक्ष से धन लाभ होगा। वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। जमीन के काम से धन लाभ का योग है। दैनिक आर्थिक आय में इजाफा हो सकता है। प्रेमिका के पीछे धन खर्च होगा।

**10.मकर**

आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहने वाली है। व्यापार में धन लाभ का संकेत है। कर्ज के पैसे वापस कर सकते हैं। फिजूलखर्ची बढ़ने वाली है। साझेदारी वाले व्यापार में धन लगाना पड़ सकता है।

**11.कुंभ**

आज अचानक आर्थिक लाभ मिलने वाला है। कार्यस्थल पर मोटी रकम की प्राप्ति होगी। पिता की अर्जित संपत्ति का लाभ मिलेगा।स्वास्थ्य पर थोड़ा सा ध्यान रखें क्योंकि स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं आ सकती गुस्से पर थोड़ा नियंत्रण बनाए रखें।

**12.मीन**

आर्थिक लाभ का संकेत है। यात्रा से धन लाभ होगा। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में धन व्यय होगा। व्यापार में लापरवाही के कारण धन का अपव्यय होगा। साझेदारी वाले काम से नुकसान हो सकता है।



# संक्षिप्त ख़बरें

## बाढ़ के खतरे से अभी बाहर है गोला तहसील क्षेत्र- केशरीनंदन तिवारी



**गोलाबाज़ार गोरखपुर 9 जुलाई।** गोला तहसील क्षेत्र में अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। घाघरा नदी का पानी अभी खतरे के निशान से नीचे बह रहा है। सभी 13 बाढ़ चौकियों को एलर्ट कर दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए एसडीएम गोला केशरी नंदन तिवारी ने बताया कि राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने अपने क्षेत्र में रहने का निर्देश कर दिया गया है। जहां जल जमाव हुआ है वहां नाव उपलब्ध करा दिया गया है। नेपाल व उतराखंड से पानी छोड़े जाने से घाघरा नदी में पानी बढ़ रहा है। प्रशासन बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह तैयारी कर लिया है।साथ ही सक्षम अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है।

## स्मार्ट शहर की जीती जागती मिसाल जनता के लिए बनी काल

बिजली का खंबा राहगीर के सिर पर गिरा।शास्त्री पुल पर लगा जाम।
ठेकेदार मोटर सायकिल से भाग निकला



**प्रयागराज।** अभी अभी शास्त्री पुल पर बिजली का एक खम्बा रास्ते से जा रहे एक युवक के ऊपर गिर गया जिससे उसका सर फट गया और लगातार खून बह रहा है द्य बिजली का पोल सडक के बीचोबीच गिरने से लगा जाम द्य शास्त्री पुल पर बिजली के ख़राब पोल की मरम्मत का काम चल रहा है जिस कारण ठेकेदार और मज़दूर लगे हुए थे। पोल गिरने के बाद ठेकेदार फरार हो गया द्य लोगों ने काम कर रहे मज़दूरों मे से एक को पकड़ा लेकिन प्रशासन के कान पर जूं नहीं रेंगी।

## चप्पलों की माला पहनकर पहुंचे नगर निगम



**अलीगढ़,।** थाना बन्ना देवी इलाके के नुमाइश मैदान रोड पर अवैध कब्जा व गंदगी के विरोध में भ्रष्टाचार विरोधी सेना के अध्यक्ष केशव देव गौतम ने नगर निगम में शिकायत की है। भ्रष्टाचार विरोधी सेना के अध्यक्ष पंडित केशव देव चप्पलों की माला पहनकर नगर निगम में शिकायत करने पहुंचे जिसे देख अधिकारी दंग रह गए। केशव देव ने कहा की नुमाइश मैदान रोड पर बालू बदरपुर के ठेकेदारों ने अवैध कब्जा कर लिया है साथ वहां गंदगी रहती है। उन्होंने कहा कि इसको कब्जा मुक्त कराया जाए और गंदगी की सफाई कराई जाए जिससे कि आमजन को कोई परेशानी ना हो। फिलहाल चप्पलों की माला पहनकर न नगर निगम पहुंचे पंडित केशव देव ने अवैध कब्जा व गंदगी की शिकायत की है।

## मंदिर में शादी कर डेढ़ साल बनाये शारीरिक संबंध



**अलीगढ़,।** थाना अकराबाद इलाके में युवक ने एक युवती से मंदिर में शादी के बाद डेढ़ साल तक शारीरिक संबंध बनाये। आरोप है कि अब युवक किसी दूसरी युवती से शादी कर रहा है जिसके बाद पीड़िता थाना अकराबाद पहुंची और थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने युवती को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। थाने में शिकायत करने पहुंची पीड़िता ने बताया कि वह मूल रूप से हाथरस की रहने वाली है। थाना अकराबाद के गांव रोहिना सिंघपुर के रहने वाले युवक से उसके प्रेम संबंध थे जिसके बाद युवक ने उससे मंदिर शादी कर ली। ज्योति का कहना है कि युवक ने डेढ़ साल तक उससे शारीरिक संबंध बनाए और उक्त युवक अब दूसरी शादी कर रहा है। पीड़िता ने आज थाना अकराबाद में लिखित शिकायत देकर युवक की विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# भटवली बाजार में पहुंचा रथयात्रा, हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर/खजनी।** छात्रों की उपस्थिति दर परिसरों में लगातार कम हो रही है इसको लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 2 जुलाई से 9 जुलाई तक गोरक्ष प्रांत के समस्त 17 संगठनात्मक जिलों में रथयात्रा के द्वारा "परिसर चलो अभियान चला रही है। यह रथ यात्रा आज उनवल नगर इकाई में पहुंचा, जिसका कार्यकर्ताओं ने और इंटरमीडिएट कालेज भटवली बाजार, बालिका इंटरमीडिएट कालेज व आइडियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने रथ यात्रा का जोरदार एवं भव्य स्वागत किया।

इस परिसर चलो रथयात्रा का शुभारंभ बस्ती हरैया से प्रारंभ होकर अपने 16वें संगठनिक जिले में पहुंचा। इस अवसर पर प्रांत मंत्री मयंक राय ने कहा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, हम राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के व्यापक संदर्भ में शैक्षिक परिवार की अवधारणा पर दृढ़ विश्वास रखकर संस्कारित छात्र शक्ति का निर्माण कर देश समाज में होने वाले सकारात्मक परिवर्तनों में अपनी भूमिका पूर्ण कर रहे है। इन्हीं सैद्धांतिक भूमिका के साथ परिषद 1949 से निरंतर अपना कार्य कर रही है।

इस अवसर पर अभाविप गोरखपुर के जिला संगठन मंत्री (उत्तरी व दक्षिणी) रंजीत सिंह ने कहा, परिसरों में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम हो रही है जो अत्यंत ही चिंताजनक है, जिसका कारण कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा का प्रचलन, बेतरतीब बढ़ती फीस वृद्धि, शिक्षकों की कमी एवं शिक्षा का व्यवसायीकरण है। परिसरों के प्रति विद्यार्थियों की घटती रुचि उनके सर्वांगीण विकास में बाधक बन रही है इसलिए अभाविप ने परिसर चलो रथ यात्रा का शुभारंभ किया है जिससे विद्यार्थियों का विश्वास परिसरों पर बढ़े और वे परिसरों के तरफ पुनः प्रस्थान करें।

अभाविप गोरखपुर उत्तरी के जिला संयोजक जयवीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव रचनात्मक कार्य करती हैं, विद्यार्थी परिषद की स्थापना के पीछे राष्ट्र के पुनर्निर्माण का उद्देश्य है। समाज का उत्थान विद्यार्थियों के द्वारा ही किया जा सकता है। विद्यार्थी परिषद का कार्य प्रत्येक शैक्षिक परिसर में विभिन्न प्रकार के गतिविधियों व कार्यक्रमों के माध्यम से होता है। शिक्षण संस्थानों की कक्षाओं में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति चिंताजनक है। रथ यात्रा के संयोजक अर्पित कसौधन,गोरखपुर दक्षिणी के जिला प्रमुख डॉ0 रविसेन प्रताप सिंह, जिला संयोजक शिवेंद्र ध्वज सिंह, स्नष्ठ संयोजक निहाल सिंह, नगर सह मंत्री अतुल राय, राज़्कज़्मज़ संयोजक सतीस प्रजापती आदि मौजूद रहें।

# प्राथमिक विद्यालय में घुसा बरसात का पानी ,पठन-पाठन हुआ प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर 9 जुलाई।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजगढ़ के राजस्व गांव अहिरौली में स्थित प्राथमिक विद्यालय में पानी घुस गया है। जिसके चलते पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। प्राप्त बिबरण के अनुसार विगत तीन वर्ष से बर्षात के मौसम में अहिरौली प्राथमिक विद्यालय में पानी लग जाता है। जिसके चलते पठन-पाठन हर वर्ष प्रभावित होता है। जुलाई माह विद्यालयों में छात्र छात्राओं का नामांकन का माह है, इसी माह में छात्र संख्या बढती है। लेकिन यहां इस माह में पानी लग जाता है। जिसके चलते अभिभावक यहां अपने बच्चों का दाखिला कराने से कतराते है। और विद्यालय की छात्र संख्या प्रभावित होता है। पिछले प्रधानाध्यापक मोटर लगा कर पानी निकासी कराते थे। इस बात की जानकारी प्रधान से लेकर एबीएसए गगहा को है।

प्रधानाध्यापक अनुज यादव ने बताया कि सोमवार को तो पानी आलमारी में भी घुस गया था। बच्चों को सामने स्थित दुकान में बैठाकर बच्चों को पढ़ाया आज कुछ पानी कम हुआ है तो ईट लगा कर उस पर डेस्क ब्रेंच रख कर बच्चों को पढ़ा रहा हूं।जल भराव के चलते हमारे यहां निरंतर छात्र संख्या घटती जा रही है। इस बात की जानकारी हम अपने आला अधिकारियों को भी दे दिया हुँ। इस बारे में प्रधान प्रतिनिधि आशिष त्रिपाठी से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रांगण में चालीस डम्फर माटी डालवा कर पटवा दिया हूं।



विद्यालय भवन जर्जर है और पहले का बना है। जो सड़क से काफी निचे है। जिसके चलते पानी घुस रहा है। जिसकी जानकारी एबीएसए और खण्ड अधिकारी को कर दिया गया है। जहां तक जल निकासी की बात है तो विद्यालय के पिछे एक मकान है। वह लोग सड़क के दरेसी के रास्ते पाईप नही डालने देते वहां खोदने पर वह लोग मार पीट पर आमादा हो जाते हैं।

# तहसीलों में 8 से 10 वर्षों से जमे कानूनगो और लेखपाल, अधिकारी बने मुख दर्शक

● ताड़ का तिल बनाकर लगाते रिपोर्ट वसूल करते मोटी रसूख

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** गोरखपुर जनपद के तहसीलों में कानूनगो और लेखपाल का बोलबाला अधिकारियों को दिगभ्रमित कर एक ही तहसील में 8 से 10 वर्षों से रहकर अधिकारियों को गुमराह करके फर्जी तरीके से लगवाते हैं । रिपोर्ट बदले में लेते हैं, मोटी रसूख 8 से 10 वर्षों से जनपद के तहसीलों में जमे रहने वाले कानूनगो और लेखपाल अन्य लेखपालों को 10 वर्षों से जमे रहने का दिखाते हैं, प्रभाव कि हमारा कोई अधिकारी बाल बांका नहीं कर पाएगा । जिससे नए अधिकारी और नए कर्मचारी इन कानूनगो और लेखपाल के प्रभाव में रहकर करते हैं, काम तहसील के कानूनगो और लेखपालों के ऊपर नहीं होता कोई नियम लागू।

तहसील में 8 से 10 वर्ष से जमे कानूनगो और लेखपाल ताड़ का तिल और तिल का ताड़ बनाकर लगाते हैं, रिपोर्ट और वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह कर हस्ताक्षर करवा कर वसूलते हैं। मोटी रसूख इस कारनामे से तहसील की खराब हो रही छवि अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी बने हुए हैं। मुखदर्शक ऐसे कानूनगो और लेखपाल के न रहने से क्या तहसील के अंतर्गत मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी योजनाओं का तहसील निवासियों को नहीं मिल सकेगा लाभ अधिकारियों का एक से दो साल में होते रहता है। तबादला तब भी तहसीलों और जिलों में आने वाला अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए करता है तहसील और जिले का चौमुखी विकास वरिष्ठ अधिकारियों को ऐसे कानूनगो और लेखपालों को चिंहित कर करना चाहिए। तबादला जिससे आने वाले नए अधिकारी और कर्मचारी बिना किसी दबाव के कर सकें अपने तहसील में विकास के कार्य।

# ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षकों का विरोध, दिखाई एकजुटता

● प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा 23 को बीएसए कार्यालय पर होगा धरना प्रदर्शन


स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षकों में आक्रोश जारी है। शिक्षकों ने सरकार के इस फैसले का विरोध जताया और प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ गोविंद मिश्रा के नेतृत्व में बैठक आयोजित की। बैठक में शिक्षकों के ऑनलाइन उपस्थिति पर असहमति और शिक्षकों को 31 दिन ईएल, 15 दिन सी.एल., 15 दिन का हाफ सी.एल., चिकित्सा प्रतिपूर्ति व पुरानी पेंशन बहाली आदि का मुद्दा रहा। अध्यक्ष डॉ गोविंद मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के 6 लाख शिक्षकों ने सरकार के द्वारा जारी ऑनलाइन उपस्थिति का पूर्णतः बहिष्कार किया है और मांग किया कि अन्य विभागों की भांति शिक्षकों को भी सुविधाएं दी जाय,जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जायेगा, शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करेंगे।

ब्लॉक मंत्री राजकपूर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 9 जुलाई को सभी ब्लाकों पर ब्लाक कार्यकारिणी की बैठक होगी,11 व 12 जुलाई को सभी ब्लाकों पर धरना प्रदर्शन होगा और 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पदाधिकारी व शिक्षक ज्ञापन देंगे।15 जुलाई से 22 जुलाई तक पदाधिकारी विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षकों से उनके ऑनलाइन बहिष्कार पर सहमति व असहमति का प्रपत्र भरवाएंगे। 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय पर एक दिवसीय विशाल धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में कुलदीप सिंह, प्रियांशु तिवारी, गणेश पाण्डेय, अरुण कुमार तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, ममता गोंड, वृजबिहारी, अजय यादव, विनोद कुमार, सूर्य प्रकाश अफरोज फातिमा, मुशरत नगमा, अभय मिश्रा आदि शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद रहे।

# सांसद ने निक्षय स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया 9 जुलाई।** सांसद देवरिया शशांक मणि ने मंगलवार को बैतालपुर ब्लॉक के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर चतुर्भुज पर आयोजित निक्षय स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में मोबाईल डिजिटल एक्स-रे मशीन से एक्स-रे की सुविधा प्रदान की गई और ब्लड जाँच सहित नेशनल मेडिकल मोबाईल यूनिट की टीम के चिकित्सक, लैब टेक्नीशियन, स्टॉफ नर्स द्वारा शिविर में आए मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ निशुल्क दवाएं भी दी गई। शिविर में 131 मरीजों का एक्स-रे किया गया, जिसमे आठ टीबी के संभावित मरीज मिले। इसके साथ ही 18 लोगों को बलगम का सैम्पल जांच के लिए लिया गया।

सम्बोधन में सांसद ने कहा कि वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में टीबी की जांच के लिए घर के पास ही निक्षय स्वास्थ्य शिविर में मोबाईल डिजिटल एक्स-रे मशीन से एक्स-रे की सुविधा प्रदान की जा रही है। सुविधाओं को और भी बेहतर करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाएं पारदर्शी ढंग से उपलब्ध करायी जा रही है। रोगियों के जाँच व उपचार कि सुविधा एक ही स्थान पर मिल रही है। जाँच के लिए अस्पतालों में भटकना नहीं पड़ेगा। सांसद ने शिविर में डिजिटल एक्स-रे मशीन से हो रहे एक्स रे की जानकारी लिया और परिसर में पौधरोपण भी किया।

सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि यह शिविर वहां लगाए जायेंगे जिन स्थानों पर चिकित्सक नहीं हैं। जिसमे रोगी के ब्लड जाँच, एक्स-रे के साथ ही निशुल्क दवाएं दी जा रही हैं। शिविर में एमओआईसी डॉ मनीष सिंह, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, सीएचओ विभा यादव, एक्स-रे टेक्नीशियन सुपाल विश्वकर्मा, विश्वजीत ओझा, एएमएमयू टीम के डॉ. केडी अंसारी, फार्मासिस्ट रवि प्रकाश गलहोत, एलटी चन्द्रकमल, स्टॉफ नर्स रीता पासवान, जावेद मिर्जा, पायलट दीपक पण्डे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली पुलिस के सिपाही व आर्मी के जवान सहित सात नामजद

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़,।** खैर कोतवाली क्षेत्र के गांव अरनी में हृदय की नगरिया मोड़ पर 23 जून की शाम 7 बजे पीडित सुमित पुत्र राम निवासी गांव अरनी नगला बिरखू से अपने खेत के लिए खाद के कट्टे लेकर बाइक से आ रहा था। पीडित के साथी अभिषेक पुत्र अशोक भी बाइक से गांव आ रहा था। जैसे ही गांव से एक किलोमीटर पहले टैंटीगांव से हृदय की नगरिया मोड़ पर पहुंचा तभी वहां पहले से मौजूद कृष्ण कुमार, नागेश, योगेश, राहुल, अरविंद, अमन, तनुज निवासी हृदय की नगरिया थाना गौंडा एक कार के साथ खडे मिले जैसे ही पीडित व उसका साथी उक्त लोगों के नजदीक पहुंचे तभी उक्त लोगों ने पीडित सुमित शर्मा व अभिषेक की बाइक को जबरदस्ती रोक लिया। और एक राय होकर गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीडित युवक जैसे ही जान बचाकर बाइक से आगे बढ़े तो पीछे से उक्त नामजद लोगों ने कहा कि इनमें गोली मार दो।

उक्त लोग बाइक के पीछे पकडने भागे। बाइक तेज कर भगा दी।तभी जान से मारने की नीयत से पीडित के ऊपर तमंचे से करीब तीन राउंड फायरिंग की। जिसमें पीडित बाल बाल बच गया। गोलियों की आवाज सुनते ही आस पास पडौस के खेतों में काम कर रहे बहुत से लोग वहां इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इसी बीच पीडित युवक का मोबाइल भी वहीं गिर गया। उक्त लोग अपराधिक प्रवर्ति के लोग हैं। जिनके विरुद्ध थाना गौंडा व खैर, अन्य थानों में इनके संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। बता दें कि नामजद आरोपित अरविंद आर्मी का जवान है, और कृष्ण कुमार दिल्ली पुलिस का सिपाही है, राहुल नेवी में है, योगेश रेलवे ग्रुप डी में कार्यरत है। कोतवाली पुलिस ने पीडित सुमित शर्मा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# काबुली चना सहित दालों के स्टॉक होल्डर्स पर स्टॉक लिमिट लागू

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ ने जिले में सभी दाल का कारोबार करने वाली सभी इकाईयों यथा- मिलर्स, स्टॉकिस्ट, थोक विकेता व इम्पोटर्स को सूचित किया है कि भारत सरकार द्वारा तूर और चना, काबुली चना सहित दालों के स्टॉक होल्डर्स पर स्टॉक लिमिट तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गयी है।

उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि थोक विक्रेता प्रत्येक दाल के लिए 200 मीट्रिक टन, खुदरा विक्रेता प्रत्येक दाल के लिए 05 मीट्रिक टन, बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेता (बिग चेन रिटेलर्स) प्रत्येक दाल के लिए, प्रत्येक खुदरा आउटलेट पर 05 मीट्रिक टन और डिपो में 200 मीट्रिक टन, मिलर- स्टॉक सीमा विगत तीन माह के उत्पादन अथवा वार्षिक संस्थापित क्षमता का 25 प्रतिशत इनमें से जो अधिक हो, होगी और आयातक के लिए आयातक द्वारा सीमा शुल्क की मंजूरी की तारीख से 45 दिनों से अधिक के लिए आयतित स्टॉक को धारित नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि दाल का कारोबार करने वाले मिलर्स, स्टॉकिस्ट, थोक विक्रेता व इम्पोटर्स द्वारा उपभोक्ता मामले विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति की घोषणा साप्ताहिक रूप से की जायेगी, यदि उनके द्वारा धारित स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है तो वे 12 जुलाई, 2024 तक इसे निर्धारित स्टॉक सीमा में लाएंगे।

# कोसी में शुरू होगी प्रदेश के सबसे बडी एयर सेपरेशन यूनिट

● कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, मुख्य सचिव करेंगे उद्घाटन, डीएम, एसएसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

स्वतंत्र प्रभात

**कोसीकलां।** फांस की बहुराष्ट्रीय कंपनी एयर लिक्विड इंडिया कोटवन औद्योगिक क्षेत्र मे प्रदेश का सबसे बडी एयर सेपरेशन यूनिट का संचालन करने जा रही है। 350 करोड़ की लागत से बना यह प्लांट प्रतिदिन 300 टन ऑक्सीजन का उत्पादन करेगा, जो कि चिकित्सा और औद्योगिक में इस्तेमाल होगी। देश के बड़े प्लांटों में शामिल इस इकाई का बुधवार को प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह करेंगे। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश पांडे ने तैयारियों का जायजा लिया। एयर लिक्विड इंडिया देश भर में एयर सेपरशन यूनिट का संचालन कर रहा है।

कोटवन औद्योगिक क्षेत्र में छठवां प्लांट बनकर तैयार हैं। प्लांट ऑक्सीजन, नाइट्रोजन और आर्गन का व्यावसायिक उत्पादन करेगा। जो कि स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा ऑटोमोटिव मैटल फैबरिकेशन, हीट ट्रीटमेंट, फोटोवोल्टिक और इलैक्ट्रोनिक्स में प्रयोग की जाएगी। तीन राज्यो की सीमाओं पर स्थापित हो रहे इस प्लांट की स्थापना की घोषणा कोरोना की दूसरी लहर के बाद की गई थी। यह प्लांट दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में ऑक्सीजन उपलब्ध कराएगा। बुधवार को गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह उद्घाटन करेगें। सीएम योगी आदित्यनाथ भी वर्चुअली रूप से समारोह में हिस्सा लेगें। मंगलवार की दोपहर में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश पांडे, एसडीएम श्वेता सिंह, सीओ आशीष शर्मा ने अधीनस्थों के साथ प्लांट में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। प्लांट के एचआर रिषीनाथ सिंह ने बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।



एयर सेपरेशन यूनिट का निरीक्षण करते अधिकारी।

# पर्चा लीक और परीक्षाओं में धाँधली के ख़िलाफ़ देशव्यापी महाअभियान। स्वतंत्र प्रभात।

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।**अभियान के तहत आज छोटा बघाड़ा के इलाके में कई जगहों पर डेस्क लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। परीक्षाओं में धाँधली और लगातार हो रहे पर्चा लीक से परेशान छात्र-युवाओं की तरफ़ से इस पूरे अभियान को लेकर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। दिशा छात्र संगठन के आकाश ने कहा कि ग़ौरतलब है कि पिछले 7 सालों में 80 से ज़्यादा परीक्षाओं के पर्चा लीक हुए हैं। पर्चा लीक और परीक्षाओं में हो रही धाँधली ने छात्रों को इस क़दर हताशा और निराशा में डाल दिया है कि कई छात्र बता रहे थे कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी ही छोड़ दी है।

इस अभियान के तहत आगामी 9 अगस्त को भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगाँठ पर दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर छात्र-युवा दस्तक देंगे। दिशा के कार्यकर्ताओं ने 9 अगस्त को दिल्ली चलने और इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने के लिए छात्रों का आह्वान किया। इस दौरान छात्रों ने हस्ताक्षर के जरिए अभियान को अपना समर्थन दिया।



# स्मार्ट शहर की जीती जागती मिसाल जनता के लिए बनी काल

● बिजली का खंबा राहगीर के सिर पर गिरा।शास्त्री पुल पर लगा जाम।

ठेकेदार मोटर सायकिल से भाग निकला।

स्वतंत्र प्रभात





**प्रयागराज।** अभी अभी शास्त्री पुल पर बिजली का एक खम्बा रास्ते से जा रहे एक युवक के ऊपर गिर गया जिससे उसका सर फट गया और लगातार खून बह रहा है द्य बिजली का पोल सडक के बीचोबीच गिरने से लगा जाम।

शास्त्री पुल पर बिजली के ख़राब पोल की मरम्मत का काम चल रहा है जिस कारण ठेकेदार और मज़दूर लगे हुए थे द्य पोल गिरने के बाद ठेकेदार फरार हो गया द्य लोगों ने काम कर रहे मज़दूरों मे से एक को पकड़ा लेकिन प्रशासन के कान पर जूं नहीं रेंगी।

# अग्नि वीर योजना तत्काल वापस लेने की मांग

● कठुआ जम्मू में शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि मोमबत्ती जलाकर किया गया।

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी चौराहे पर कांग्रेस जन इकट्ठा हुए हाथों में जलती हुई मोमबत्तियां और पोस्टरलेकर वीर जवान अमर रहे वीर सैनिकों की कुर्बानी याद करेगा हिंदुस्तानी आदि नारे लगाते हुए जम्मू कश्मीर में कठुआ में देशद्रोहि उग्रवादियों के साथ भीषण संघर्ष में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले सैनिकों के सम्मान में उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि 370 समाप्त होने के बाद भाजपा ने जोर-जोर से प्रचार किया कि उग्रवाद का सफाया हो गया है लेकिन अब घाटी से निकलकर उग्रवादी जम्मू की ओर बढ़ रहे हैं ऐसा पहले कभी नहीं हुआ खतरनाक संकेत है ऐसे राष्ट्र विरोधी ताकते को शक्ति के साथ उन्हें कुचलना होगा नहीं तो यह कश्मीर के लिए खतरा होंगे 370 समाप्त हुए कई वर्ष बीत गए लेकिन वहां पर लोकतंत्र का गला घोट जा रहा है चुनाव न करा कर लोगों को अधिकार अभी नहीं मिले संवैधानिक संस्थाएं निर्जीव हो गई है ।एक छत्र राज भाजपा का राज्यपाल के हाथों चल रहा है।



वक्ताओं ने तत्काल अग्नि वीर योजना को वापस लेने की मांग किया वीरगति प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन रखकर वीर श्रद्धांजलि दिया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय तिवारी सुरेश चंद्र यादव राकेश पटेल मुकुंद तिवारी पुजैल हाशमी जितेश मिश्रा किशोर वार्ष्णेय एहतेशाम अहमद रईस अहमद और नारायण पटेल शिवम यादव सर्विस सुनील यादव लाल सिंह पटेल सी स अहमद प्रमुख रूप से उपस्थित और शामिल।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ग्राम प्रधान पर सरकारी भूमि हड़पने का आरोप

**आलापुर अंबेडकरनगर-** जनपद अंबेडकर नगर के आलापुर तहसील अंतर्गत मकरही के ग्राम प्रधान पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगा है। आलापुर तहसील के खतमीपुर निवासी रामधनी ने उप जिलाधिकारी आलापुर को शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटाने के लिए अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर ग्राम प्रधान द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिसकी लिखित शिकायत आलापुर तहसील में की गई है तथा आईजीआरएस के माध्यम से भी जांच करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में लेखपाल की जांच रिपोर्ट में भी इस बात का जिक्र है कि ग्राम प्रधान ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किया है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि इस मामले में ग्राम प्रधान मंशाराम से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## विवेक की हत्या को पुलिस ने माना गैर इरादतन

### 1- गैर इरादत हत्या के आरोप में दो लोगों को किया गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना जैत पुलिस ने गुमशुदा की गैर इरादतन हत्या करने के वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया है। उसके पास से मृतक का मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है। इसके संबंध में थाना जैत पर मृतक के भाई ने अभियोग पंजीकृत कराया था। प्रभारी निरीक्षक थाना जैत अश्वनी कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अशोक अहीरवार पुत्र खरगा अहीरवार निवासी करौला थाना पलेरा जनपद टीकमगढ मध्य प्रदेप्रभारी निरीक्षक थाना जैत अश्वनी कुमार, महेश उर्फ पेडा पुत्र रामस्वरूप निवासी भूपत नगला थाना किसनी जिला मैनपुरी को मंगलवार को अल्लेपुर कट एनएच 19 के पास से गिरफ्तार किया गया। इसी वर्ष 19 मार्च को विवेक कुमार उर्फ रिंकू उम्र करीब 35 वर्ष जो फरीदाबाद से बस में बैठकर आगरा जा रहा था। विवेक कुमार उर्फ रिंकू का जी.एल.ए. यूनिवर्सिटी के पास मोबाइल बन्द हो गया। इसके बाद उसकी किसी से बात नहीं हुई। इसके सम्बन्ध में मृतक के भाई ने तहरीर देकर थाना हाजा पर गुमशुदगी दर्ज करायी थी। गुमशुदा विवेक कुमार उर्फ रिंकू की डेडबॉडी रायपुर जमुनाघाट के पास थाना एत्मादपुर जनपद आगरा क्षेत्र में मिली थी।

## विद्युत टीमों ने मोर्निंग रेड में पकडी बिजली चोरी

**मथुरा।** विद्युत विभाग की टीमों ने मॉर्निंग रेड में कई स्थानों पर बिजली चोरी पकडी। शहरी क्षेत्र के सदर बाजार एवं बाटी क्षेत्र में बिजली विभाग ने अभियान चलाते हुए 14 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। इन लोगों से जुर्माना वसूला जाएगा। मंगलवार को तड़के बिजली विभाग ने सदर बाजार क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए छह जगह बिजली चोरी के मामले पकड़े। जेई पोपेन्दर को सूचना मिली कि सदर बाजार के कुछ स्थानों पर लोग सुबह अतिरिक्त केबल डालकर चोरी करते हैं। इस पर एक्सईएन शहरी आशीष गुप्ता एवं एसडीओ कैंट अजय कुमार को अवगत कराया। चेकिंग के निर्देश दिए। क्षेत्रीय इंजीनियर के अनुसार छह जगह बिजली चोरी पकड़ी है। रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। वहीं शहरी मंडल के अधीन उपकेन्द्र छटीकरा के वाटी फीडर पर बिजली विभाग ने एसडीओ संदीप वर्मा के निर्देशन में अभियान चलाया। क्षेत्रीय इंजीनियर ने टीम सहित यहां चेकिंग करते हुए आठ स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। कुछ घरों के अंदर दिख रहीं केबलों को बाहर कराया। बिजली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। एसई शहरी सुरेश चन्द्र रावत के अनुसार राजस्व वसूली बढ़ाने एवं बिजली चोरी रोकने के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं।

## किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन




**मथुरा।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा ने किसान नेता छीतर सिंह एड.के नेतृत्व में शहर की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर दिया। ज्ञापन में मुख्य मांगे हाथरस एवं मथुरा की कृष्णा विहार टंकी हादसा में मृतकों को 25 लाख एवं घायलों को दो लाख रुपये मुआवजा प्रदान करने एवं दोनों घटनाओं में दोषियों को शीघ्र दण्डित कराने की मांग की गई। बरसात के मौसम में हनुमान नगर, मोती कुंज एवं शहर मे अन्य स्थानों पर जलभराव से मुक्ति दिलाने तथा शहर की अवैध कॉलोनियों को नियमित कर विकास करने की मांग की गई। इसके अलवा पन्नापुर में रह रहे करीब 50 से 60 परिवारों को बिजली, पानी, रास्ता की व्यवस्था करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में छीतर सिंह एड. के अलावा राजेंद्र सिंह, बच्चू सिंह, मानसिंह यादव, वीरेंद्र सिंह, भोला, हरवीर, दयाराम, महेश, लियाकत, लाखन, गोपाल आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली में कंक्रीट के जंगल में लाखो पौधे रोपण का दावा,करोडें का बजट स्वाह पर पर्यावरण वहीं खडा


स्वतंत्र प्रभात



**एसडी सेठी।** राजधानी दिल्ली में कंक्रीट के जंगलों के बीच हर साल लाखों पौधे रोपण का सरकारी हवाई दावा करने और करोडों का बजट निगलने के बाद दिल्ली वालों को ना तो ठंडक,.मिली और ना ही शुद्ध हवा और पर्यावरण ही मयैसर हो पाया है। वहीं रोज-बा-रोज जहरीली हवा को निगलने वाले राजधानी वासी सांस दमा ,टीबी,फेफड़े समेत अन्य बीमारियों के लपेटे में जरूर आ रहे हैं। आंकडों के मुताबिक नई दिल्ली में पुरानी दिल्ली की तुलना में हरियाली क्षेत्र का दायरा 47.08 है। वहीं इसी वीआईपी दक्षिण दिल्ली में 34.27 फॉरेस्ट कवर एरिया है। सेंट्रल दिल्ली की बात करें तो हरित क्षेत्र एरिया- 23.86 ,साउथ वेस्ट दिल्ली- 12.31, उत्तरी दिल्ली-7.72, उत्तर पूर्वी का जमना- पार एरिये में 6.68 वहीं ईस्ट दिल्ली में 6.10 एरिया हरित है। अब जनसंख्या बाहुल वेस्ट दिल्ली में 5.27 तो नॉर्थ वेस्ट दिल्ली में रोहिणी समेत अली पुर, नरेला, की सैंकडों कॉलोनी और स्लम बहु संख्यक क्षेत्र की आबादी के हिसाब से हरित क्षेत्र में सबसे पिछड़ा यानि 3.96 एरिया ही फॉरेस्ट कवर एरिया है। (यह सारी जानकारी इंडिया स्टेट फॉरेस्ट रिपोर्ट पर आधारित है) अब जरा हरी-भरी दिल्ली , पेड कटेगे-सांस घटेगे जैसे चासनी में लपेटे नारो के बीच मॉनसून में हर साल- दर-साल पेड-पौधे लगाने का दावा करने वाली दिल्ली सरकार के दावों को देखे तो साल 2022 में लगाए गए पौधो की संख्या- 35 लाख , वहीं साल-2023 में -52 लाख पौधा रोपण करने का दावा किया गया है। अब दिल्ली सरकार द्वारा वर्ष-2024 में -64 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। देखा जाए तो इन पौधो के आंकडो में राजधानी दिल्ली हरित जंगल में तब्दील हो जानी चाहिये थी। यहां ये बता दें कि केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय समेत निजी,और ढेरों स्वयंसेवी संस्थाए के अलावा स्कूल,कॉलेजों के द्वारा भी मॉनसून में पौधे रोपण किये जा रहे है। हर साल करोडों पेड-पौधों के लगाने के दावों के बावजूद राजधानी दिल्ली वन जंगल होने की जगह कंक्रीट के जंगल में तब्दील होती जा रही है। इन्ही वजहों से इस साल दिल्ली में 50 डिग्री से भी पार तापमान पहुंच गया है। अगर ये ही हालात रहे तो दिल्ली के जल-जंगल-जमीन पर रहने और खाने के लाले जरूर पड जाएगे। दरअसल पौधों के रोपण का दिखावा कुछ ज्यादा ही दिखाई देने लगा है। इनके पीछे की सच्चाई में समाज और मीडिया में अपने चेहरे को दिखाने तक की होड है। सबसे कडवा सच ये है कि पौधा रोपण के बाद पीछे मुडकर तक नही देखते कि रोपित किए गए पौधो का क्या हाल है।उचित रखरखाव और देखभाल के अभाव में तो हजारों पेड-पौधे उम्र से पहले अपना दम तोड देते है। उनकी देखभाल का जिम्मा आखिर ले तो कौन? का अजगरी सवाल अपने फन को फैलाए डसने को बेताब है।

# नालों की सफाई न होने के कारण भयंकर जल भराव की स्थिति

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकरनगर।** जिले के विकासखंड रामनगर के ग्राम सभा न्यौरी में नालों की सफाई न होने के कारण भयंकर जल भराव की स्थिति बनी हुई है। जल भराव होने के ग्राम वासियों एवं क्षेत्र वासियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

विदित है कि पिछले दिनों हुई बारिश एवं नालों को सफाई ना होने के कारण न्यौरी मुख्य चौक की सभी सड़के जलमग्न हो गई हैं। नालों की सफाई एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़के अब तालाब के रूप में नजर आने लगी हैं। सड़कों पर जल भराव के साथ साथ मकान के पीछे भी जल भराव की स्थिति बनी हुई है ।जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण व्यापारियों, स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों को पानी में ही आवागमन करना पड़ता है। नालों की सफाई न होने एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण दुकानदारों की बिक्री पूरी तरह ठप है। बिक्री न होने के कारण दुकानदारों को अपनी आजीविका चलाने में बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है।

जल भराव होने के कारण अध्ययन रत्न छात्र-छात्राओं को पानी में चलकर ही स्कूल जाना पड़ता है कभी-कभी वाहन चालकों द्वारा पानी में तेज वाहन चलाने के कारण विद्यार्थियों के ड्रेस एवं कापी किताब भीग जाते हैं जिसके कारण उन्हें रास्ते से ही वापस घर लौटना पड़ जाता है।


जल भराव होने के कारण बीमारियों के फैलने का भी डर बना हुआ है। प्राप्त विवरण के अनुसार पिछले दिनों हुई बारिश के कारण न्यौरी मुख्य चौक सहित बसखारी अकबरपुर सर्विस रोड, अतरौलिया आजमगढ़ सर्विस रोड, रामनगर मुख मार्ग पर हमेशा जल भरा होने के कारण दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का विकट संकट आ पड़ा है। जल भराव होने के कारण ग्राहकों का दुकानों पर आना-जाना ना के बराबर हो गया है जिसके कारण दुकानदारों को परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

नालों की सफाई न होने के कारण हफ्तों तक जल भराव के स्थिति बनी रहती है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश अग्रहरि ,उपाध्यक्ष न्यौरी डॉक्टर आसिम अबूजर फारुकी, जिला संगठन मंत्री श्री प्रकाश गुप्ता और प्रदुमन, राकेश सिंह, दीपचंद गुप्ता , मदन मोदनवाल सहित स्थानीय व्यापारियों एवं एवं क्षेत्र वासियों ने शासन प्रशासन से जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की अपील की है।

# पुलिस दर्ज नही कर रही मुकदमा, प्रधान परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकर नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में भ्रष्टाचार करने में अधिकारी व कर्मचारी बाज नहीं आ रहे विकास कि गंगा बहाने के लिए सरकार तरह तरह की योजनाएं ला रही है। तो वहीं दूसरी तरफ उनके ही अधिकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार करने में भी पीछे नहीं हैं।जनपद के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत मकरही ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास के मामले में हरिपाल के द्वारा आइ.जी.आर.एस.पर शिकायत दी गई थी जिस पर ग्राम पंचायत अधिकारी घनश्याम वर्मा तथा खण्ड विकास अधिकारी हौसला प्रसाद द्वारा ग्राम प्रधान मंशाराम यादव का फर्जी हस्ताक्षर कर निस्तारण का मामला तूल पकड़ रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारी घनश्याम वर्मा द्वारा बिना जांच किए ही खण्ड विकास अधिकारी से मिलीभगत कर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। शिकायत निस्तारण में सबसे बड़ा फ्रॉड सामने आया जिसमें ग्राम प्रधान मंशाराम का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर निस्तारण किया गया। इसकी जानकारी जब ग्राम प्रधान मंशाराम को हुई तो उन्होंने इसका अधिकारियों के सामने विरोध करते हुए आरोप लगाया कि निस्तारण आख्या पर उनका फर्जी हस्ताक्षर किया गया है। ग्राम प्रधान मंशाराम ने यह भी कहा की जितने भी अधिकारी के साइन आई.जी.आर.एस. पर किए है सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराऊंगा लेकिन किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। मामले को लेकर आलापुर थाना अध्यक्ष को 07/07/ 2024 को तहरीर दी गई मेरा फर्जी हस्ताक्षर करके मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है जिससे मेरी छवि ग्राम पंचायत में खराब हो रही है। प्रधानमंत्री आवास गरीबों तक न पहुंच कर भारत सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। मामले में जब एस एस ओ आलापुर राकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एप्लीकेशन मुझे नहीं मिला था लेकिन अभी देखते हैं अगर शिकायत पत्र दिया गया होगा तो मुकदमा लिखा जाएगा प्रधान को बुलाया गया है। तहरीर देने के बाद मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़ित को या तो गोल गोल घुमाया जाता है या तो टाल मटोल किया जाता है। जनपद के कप्तान की क्षवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। एस एच ओ आलापुर द्वारा मामले के बारे में बात की गई तो संतोष जनक जवाब नहीं मिला केवल गोल गोल बाते कर घुमाया गया और फिर कहा कि ऐसे भी आप हमारे फेवर में खबर लगाते नहीं है हमारे



विपक्ष में हमेशा खबर लगाते हैं। ऐसे छोटे-मोटे मुकदमा के लिए हमारे पास समय नहीं है जो जरूरी काम है वह काम हम पहले करेंगे उसके बाद ही जब समय मिलेगा तो मुकदमा दर्ज करेंगे जो छापना हो आपको छापिये फिलहाल और भी मामले ऐसे हैं जिसमें अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है वे पहले विवेचना करते हैं फिर मुकदमा दर्ज करने की बात कहते हैं। आखिर जनता के साथ के फ्राड और शासकीय गमन जैसे मामले इनके लिए छोटे आलापुर एस एच ओ का एक अलग ही सिस्टम कैसे? कप्तान साहब भी सब कुछ जानते हुए मौन क्यों है पता नहीं।

# बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर कार्रवाई हवा-हवाई

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** बिना मान्यता वाले विद्यालयों पर कठोर कार्रवाई का शासन का आदेश है। यह आदेश जनपद में हवा-हवाई साबित हो रहा है। बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मीडिया की पड़ताल में पता चला कि जनपद में अभी भी सैकड़ो स्कूल बगैर मानक पूरा किए बेरोकटोक संचालित हो रहे हैं।शिक्षा निदेशक का आदेश है कि यदि कोई व्यक्ति बिना मान्यता लिए या मान्यता वापस होने के बाद भी स्कूल चलाता है तो उस पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इसके साथ ही उल्लंघन जारी रहने पर हर दिन 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। जनपद में लगभग 700 प्राइवेट स्कूल संचालित हैं। शिक्षा सत्र शुरू होते ही शिक्षा विभाग द्वारा शहर से लेकर गांव तक अवैध रूप से संचालित स्कूल बन्द कराने की होड़ मच जाती है।बेसिक शिक्षा विभाग बिना मान्यता के एक भी स्कूल जिले में संचालित न होने का दावा करता है। लेकिन हाल ये है कि धड़ल्ले से बिना मान्यता के स्कूल चल रहे हैं। अफसरों का दावा है कि उनके संज्ञान में ऐसा एक भी स्कूल नहीं है, जो बिना मान्यता के संचालित हो रहा है। हकीकत ये है कि बेसिक शिक्षा विभाग की नाक के नीचे जनपद मुख्यालय पर ही बिना मान्यता के स्कूल संचालित हो रहे हैं। आज तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।शिक्षा सत्र के साथ ही जिले में बड़ी संख्या में बिना मान्यता के स्कूलों का संचालन शुरू हो गया है। इसके बाद भी जिम्मेदार जानकर भी अनजान बने हुए हैं। इसके चलते बिना मान्यता के संचालित स्कूल संचालकों के मंसूबे बढ़ते जा रहे हैं। कहने के लिए विभाग हर साल बिना मान्यता के संचालित स्कूलों को बंद कराने के लिए उन्हें चिन्हित कराता है और नोटिस भी जारी करता है। लेकिन थोड़े दिन बाद फिर से ये स्कूल संचालित होने लगते हैं। इस प्रकार जनपद में शिक्षा का अवैध व्यापार प्रफुल्लित हो रहा है। इस संदर्भ में बसा से वार्ता करने का प्रयास किया गया परंतु फोन नहीं रिसीव हुआ।




# किसानों से ठगी: नकली कीटनाशक की भरमार

**● प्रतिबंध के बाद भी बाजार में धड़ल्ले से बेचा जा रहा नकली कीटनाशक, फसल हो रही चौपट**

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाके की खाद व बीज दुकानों में इन दिनों नकली कीटनाशकों व दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। बाजारों में बिक रही इन कीटनाशक दवाओं के उपयोग से फसलों के उत्पादन पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। नकली कीटनाशक के साथ-साथ एक्सपायरी दवाओं की बिक्री भी की जा रही है। ऐसे में भोले भाले किसानों की स्थिति दयनीय होती जा रही है। किसान ठगी का शिकार हो रहे हैं।नकली कीटनाशकों को बाजार लगातार बढ़ रहा है और इससे किसानों को नुकसान हो रहा है। जिलेभर में संचालित कई कीटनाशक दुकानों पर कृषि विभाग की रोक के बाद भी प्रतिबंधित और नकली कीटनाशक दवाओं को बेचा जा रहा है। नकली कीटनाशक से फसलें चौपट होने लगी की भी शिकायतें होनी लगी है।कृषि विभाग की रोक के बाद भी जिले में कीटनाशक विक्रेता अमानक बीज, खाद, एवं नकली कीटनाशक दवाओं का विक्रय कर रहे हैं। जानकारी के अभाव में क्षेत्र में किसान नकली बीज ओर अमानक स्तर का खाद खरीदने को मजबूर होकर दुकानदारों से लुट रहे हैं।

कई रसायनों और कीटनाशकों को तो मापदंड पर खरा नहीं उतरने और अधिक जहरीला होने के कारण बंद कर दिया गया है, लेकिन फसलों में तुरंत असर करने की बात कहकर दुकानदारों द्वारा किसानों को थमा दिया जाता है। नकली और अमानक बीज की शिकायत अभी तक किसानों द्वारा की जा रही है। अब नकली और अमानक कीटनाशक दवाओं की शिकायत भी किसानों द्वारा की जाने लगी है।अधिकतर दुकानदार किसानों को उनके द्वारा खरीदी गयी दवाओं की रसीद भी नहीं देते हैं। जिसके चलते किसान कही शिकायत भी नहीं कर पाते हैं। बाद में दुकानदार यह कहकर पल्ला झाड़ देते हैं कि उक्त खरीदी गयी कीटनाशक दवा हमारे दुकान में नहीं बिकती है।

ऐसी स्थिति में इलाके के किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक तो महंगाई की मार से त्रस्त तो दूसरी ओर उन्नत किस्म की असली कीटनाशक दवाओं की कमी। विभागीय अधिकारियों द्वारा इन कीटनाशक दवा विक्रेताओं के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं होने के कारण इनका मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इस संदर्भ में जिला कृषि अधिकारी से टेलीफोनिक वार्ता करने का प्रयास किया गया परंतु फोन नॉट रीचेबल बताता रहा।

# ऑनलाइन हाजरी से पीछे हट रहे शिक्षक

**●-दावा पहले दिन जनपद में एक भी ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगी**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** डिजिटल अटेंडेंस यानी ऑनलाइन हाजिरी का मुद्दा गर्मा गया है। प्राइमरी विद्यालयों के शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन हाजिरी का प्रावधान किया गया है। इन विद्यालयों के शिक्षक डिजिटल अटेंडेंस लगने से पीछे हट रहे हैं। इसे लेकर शिक्षकों के अपने तर्क हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह नियम व्यावहारिक नहीं है। उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। दूसरे सरकारी महकमों में इस तरह के नियम सख्ती से लागू नहीं किये जा रहे हैं जबकि उन्हें इसके लिए बाध्य किया जा रहा है। डिजिटल अटेंडेंश के विरोध में बडी संख्या में शिक्षक जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले ज्ञापन सौंपा। डा.कमल कौशिक ने इस दौरान कहा कि आदेश व्यावहारिक और शिक्षकों की छवि को खराब करने वाला है। एक साल से पदोन्नति के आदेश जारी हो रहे हैं, उस पर अधिकारी कार्य नहीं कर रहे हैं। जनपद में तमाम ऐसे स्कूल हैं जहां बरसात के मौसम में शिक्षकों के लिए समय पर पहुंचना संभव नहीं है। हम तमाम शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझ कर कार्य करते हैं। बेसिक शिक्षक के अलावा किसी भी सरकारी विभाग में कर्मचारी इतनी लगन से काम नहीं करते हैं। शिक्षकों का कहना था कि हमारे लिए अवकाश नहीं है। सरकार ने ऐसे टैबलेट पकडा दिये हैं जो काम नहीं कर रहे हैं। बरसात का महीना चल रहा है कहीं जाम लग जाए, दंड कौन भुगतेगा। सरकार को तमाम दूसरी चीजों पर भी ध्यान देना चाहिए। शोषण की पराकाष्ठा हो गई है। सभी शिक्षक डिजिटलाइजेशन के विरोध में एकत्रित हुए हैं। यह प्रदर्शन प्रदेश भर में चल रहे हैं। हम इस प्रक्रिया का वापसी तक विरोध करते रहेंगे।

# पुश्तैनी काम में पारंगत बनाएगी सरकार की यह योजना

**● आवेदकों को 10 दिन का दिया जाएगा निशुल्क प्रशिक्षण**

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** उपायुक्त उद्योग रामेन्द्र कुमार ने अवगत कराया है कि प्रदेश के दस्तकारों एवं पारंपरिक कारीगरों के विकास के उद्देश्य से संचालित प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत कार्यालय जनपद मथुरा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पारम्परिक कारीगरों जैसे नाई, दर्जी, लोहार, धोबी, बढई, राजमिस्त्री एवं हलवाई के कार्य से जुड़े व्यक्तियों से इन समस्त ट्रेडों में 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक 15 जुलाई तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र (जहाँ लागू हो) आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र, सम्बन्धित ट्रेड में पारम्परिक कारीगरी से जुड़े होने के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र (सम्बन्धित पार्षद या ग्राम प्रधान से प्रमाणित) 10 रूपये के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथपत्र कि आवेदक या उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य द्वारा पूर्व में किसी भी प्रशिक्षण योजनान्तर्गत टूलकिट, मानदेय का लाभ प्राप्त नही किया गया है। आवेदन के लिए पात्रता की शर्ते हैं कि आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिये, आवेदनकर्ता जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिये, आवेदक सम्बन्धित ट्रेड में पारम्परिक कारीगरी के व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिये, परिवार का केवल एक ही सदस्य हो योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होगा, योजना, आवेदन प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र महोली रोड ओद्योगिक क्षेत्र मथुरा में सम्पर्क किया जा सकता है।

# मुड़िया मेला: खाद्य विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ की बैठक

**मेला में अपने आस पास साफ सफाई रखने की कही बात**



**मथुरा।** गिरिराज धाम गोवर्धन में मुड़िया मेला की तेयारियो को लेकर प्रशाशन जोर शोर से लगा हुआ है।सभी विभाग अपने अपने कामों को लेकर सजग है।कही विद्युत विभाग द्वारा लाइट दुरस्त करने का कार्य पूरा किया जा रहा तो कहीं अन्य विभागों द्वारा परिक्रमा मार्ग व मेला क्षेत्र में आने वाली जगहों पर कार्य किया जा रहा है। वहीं अब खाद्य विभाग भी मुड़िया मेला को लेकर गोवर्धन कस्बे के व्यापारियों के साथ एक स्थानीय होटल में बैठक करते हुए नजर आए। मेला को लेकर खाद्य विभाग अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को आवश्यक बात बताई।और कहा कि मेला के दौरान सभी व्यापारी अपनी अपनी दुकानों के आस पास साफ सफाई रखने और अच्छी क्वालिटी का सामान बेचने की बात कहते हुए नजर आए। मेला के दौरान हाथो में ग्लब्स पहनकर रखने की बात कही गई।वहीं कस्बे के व्यापारियों द्वारा भी अपनी बात रखी।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com